नई दिल्ली
शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 354
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 38
न्यून. 23

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### दोनों देशों के बीच एक संयुक्त घोषणा पत्र और 5 एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर

# 'रणनीतिक साझेदारी' के रूप में तब्दील हुए भारत और थाईलैंड के संबंध



## बैंकॉक में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो देशों की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में गुरुवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक पहुंचे। जहां उनकी अपनी समकक्ष और थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें आपसी संबंधों से जुड़े हुए तमाम जरूरी मुद्दों (राष्ट्रीय रक्षा, सुरक्षा, समुद्री सुरक्षा, ⏩ शेष पेज 5 पर




### बिम्सटेक सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम

प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को बैंकॉक में आयोजित किए जाने वाले छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि थाईलैंड की अध्यक्षता में इस मंच के तहत क्षेत्रीय सहयोग को नई गति मिली है। लोगों के बीच सहयोग, आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए भारत ने थाईलैंड के पर्यटकों को मुफ्त ई-वीजा की सुविधा देनी शुरू कर दी है। पीएम ने कहा, हम हिंद-प्रशांत ओसियन कदम के समुद्री इकोलॉजी पिलर की सह-अध्यक्षता करने के थाईलैंड के निर्णय का स्वागत करते हैं।

### सदियों पुराने संबंधों का उल्लेख किया

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध सदियों पुराने हैं और यह हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से जुड़े हुए हैं। बौद्ध धर्म के प्रसार ने दोनों के आमजन को जोड़ा, अयुत्थया से नालंदा तक विद्वानों का आदान-प्रदान हुआ, रामायण की कथा थाई लोकजीवन में रची-बसी हुई है। जबकि संस्कृत-पाली का प्रभाव वर्तमान में भी भाषाओं, परंपराओं में झलकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड की प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि मेरी यात्रा को लेकर उन्होंने 18वीं शताब्दी की रामायण म्यूरल चित्रकारी पर आधारित एक विशेष डाक-टिकट जारी किया। मुझे त्रिपिटक भेंट की। 2024 में हमने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत से थाईलैंड भेजे थे। चार मिलियन श्रद्धालुओं ने इनका दर्शन किया। मुझे खुशी है कि 1960 में गुजरात के अरावली में मिले पवित्र अवशेषों को भी थाईलैंड दर्शन के लिए भेजा जाएगा। महाकुंभ में थाईलैंड के साथ ही अन्य देशों से 600 से ज्यादा बौद्ध श्रद्धालु शामिल हुए। इस आयोजन ने वैश्विक शांति, सामंजस्य का संदेश दिया।

### आसियान की शांति, समृद्धि में साझा हित

उन्होंने कहा कि भारत, आसियान की एकता और केंद्रीयता का पूर्ण समर्थक है। वह हमारा व्यापक सामरिक भागीदार भी है। क्षेत्र में समुद्री पड़ोसी देश होने की वजह से क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि में हमारे साझा हित हैं। थाईलैंड का भारत की पूर्व की ओर देखो नीति और हिंद-प्रशांत के विजन में प्रमुख स्थान है। संबंधों का रूप बदलने के अलावा हमने अपनी सुरक्षा एजेंसियों के बीच सामरिक संवाद स्थापित करने पर भी चर्चा की। भारत की पूर्व और थाईलैंड की पश्चिमी कार्रवाई नीति एक-दूसरे के लिए बहुत सहायक हैं। इससे कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के अवसर खुलेंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ मुंबई
शाम 7.30 बजे से

### सप्तमी-मां कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता, लम्बोष्टी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी। वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा, वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

### खबर संक्षेप

#### विमानन कंपनियों को मिली 24 फर्जी बम की धमकी



**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा कि इस साल 25 मार्च तक विभिन्न विमानन कंपनियों को बम रखे होने की धमकी वाले 24 फर्जी फोन कॉल आए। नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में बताया कि 2022 से 25 मार्च, 2025 तक कुल 836 फर्जी फोन कॉल आए।

#### कठुआ में 12वें दिन भी चला तलाशी अभियान



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए कई एजेंसियों द्वारा शुरू किया गया तलाशी अभियान लगातार 12वें दिन भी जारी रहा। ऐसा माना जा रहा है कि पाकिस्तान से घुसपैठ कर भारतीय सीमा में दाखिल हुए आतंकवादी कठुआ के घने जंगलों में छिपे हुए हैं।

### लोकसभा के बाद राज्यसभा में संशोधित वक्फ बिल पेश

# अनुराग बोले-कर्नाटक में खरगे का नाम खरगे ने कहा-न मैं डरुंगा और न झुकूंगा

#### दोपहर 1 बजे से सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के बीच देर रात तक चलती रही बहस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

**खरगे की चुनौती: आरोप साबित करें या इस्तीफा दें आरोप सही हुए तो मैं इस्तीफा दे दूंगा**



बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बिल पेश किया। दोहपर 1 बजे से सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सांसदों के बीच तीखी बहस देर रात तक चलती रही। इससे पहले रिजिजू ने बिल पेश करते हुए कहा कि आज की स्थिति में, 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं। 2006 में अगर सच्चर समिति ने 4.9 लाख वक्फ संपत्तियों से 12,000 करोड़ रुपए की कमाई का अनुमान लगाया था, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि ये संपत्तियां अब कितनी आय उत्पन्न कर रही होंगी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का समर्थन करने की अपील करता हूं।

वहीं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुराग ठाकुर द्वारा लोकसभा में उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर गुरुवार को कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि भाजपा सदस्य आरोप साबित करें या इस्तीफा दें और अगर आरोप सही हुए तो वह इस्तीफा दे देंगे। खरगे ने आरोपों को निराधार करार देते हुए साथ ही कहा कि इन टिप्पणियों से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने ठाकुर को अपने आरोप साबित करने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर भाजपा सांसद अपने आरोपों को साबित नहीं कर सकते तो उन्हें संसद में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर आरोप साबित हो जाते हैं, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। इस दौरान खरगे ने कहा कि अगर भाजपा के लोग मुझे डराकर झुकाना चाहते हैं, मैं कभी नहीं झुकूंगा। मैं टूट जाऊंगा, लेकिन झुकूंगा नहीं। याद रखो, मैं डराने से डरने वाला नहीं। खरगे के इतना कहने के बाद विपक्षी सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए।

लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा में भाग लेते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कर्नाटक में कई कांग्रेस नेताओं पर वक्फ संपत्तियों में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि विपक्षी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम भी इसमें आया है। इसके लिए ठाकुर ने कुछ खबरों का हवाला भी दिया था। गुरुवार को राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सदस्यों के हस्तक्षेप के कारण, भाजपा सांसद को निचले सदन में वक्फ़ विधेयक पर बहस के दौरान की गई अपनी अपमानजनक टिप्पणी वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। खरगे ने कहा कि लेकिन नुकसान तो हो चुका है।

#### हल्ला, हंगामा, नारेबाजी, विरोध और फिर सभापति की समझाइश, ऐसे शुरू हुई गुरूवार को राज्यसभा की कार्यवाही

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में गुरूवार को सुबह से ही माहौल गरम रहा। कांग्रेस पार्टी के सांसदों ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर भाजपा नेताओं द्वारा जमीन हड़पने के आरोपों का जमकर विरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप मढ़ने लगे। जब सभापति जगदीप धनखड ने उन्हें प्रधानमंत्री पर आरोप लगाने से परहेज रखने की सलाह दी विपक्षी सदस्यों ने इस मुद्दे पर हंगामा किया और सदन से बाहर चले गए।

तृणमूल कांग्रेस, ने अन्य मुद्दों जैसे जाली मतदाता पहचान-पत्र नंबर पर भी आपत्ति दर्ज कराने के लिए वॉकआउट किया। विपक्ष के वॉकआउट के बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को समझाते हुए कहा, विपक्ष को प्रधानमंत्री के नाम पर आरोप लगाने के संबंध में सलाह दी। विपक्ष ने पीएम नरेंद्र मोदी पर कुछ मुद्दों को लेकर निशाना साधने की कोशिश की थी, जिसके जवाब में सभापति ने हस्तक्षेप किया। धनखड़ ने विपक्ष से कहा कि वे व्यक्तिगत आरोपों से बचें और चर्चा को रचनात्मक बनाए रखें। उन्होंने जोर दिया कि सदन का माहौल शालीन और नियमों के दायरे में रहना चाहिए, और बिना ठोस सबूत के किसी पर भी सीधे आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए, खासकर प्रधानमंत्री जैसे पद पर बैठे व्यक्ति पर। सभापति ने ये भी कहा कि अगर विपक्ष के पास कोई गंभीर शिकायत या सबूत है, तो उसे उचित प्रक्रिया के तहत ⏩ शेष पेज 5 पर

### लोकसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल में एक सवाल के जवाब में बोले केंद्रीय मंत्री

## अब देश में हथौड़ी छाप नहीं बल्कि यूरोपीय मानकों पर बनेंगी बसें



#### लोकसभा में केंद्रीय मंत्री गडकरी ने एक प्रश्न के जवाब में जानकारी दी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अब वो दिन ज्यादा दूर नहीं जब भारत की सड़कों पर सामान्य की बजाय यूरोपीय मानकों के तहत तैयार की गई बसें दौड़ेंगी। गुरुवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान इसकी पुष्टि खुद केंद्रीय सड़क-परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने की। उन्होंने कहा, अब देश में हथौड़ी छाप बसें नहीं बल्कि यूरोपीय मानकों के तहत बसें बनाई जाएंगी। इसके अलावा सड़कों पर आने वाले नए ट्रक भी एयरकंडिशन होंगे। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री ने सदन में सांसद मणिकम टैगोर, विजयकुमार वसंत और राजीव राय द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी।

#### नए ट्रक होंगे एयरकंडीशन

गडकरी ने कहा कि वर्तमान में देश में 22 लाख प्रशिक्षित ड्राइवरों की कमी है। वहीं सालाना होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाने वाले करीब 1 लाख 80 हजार लोगों में से 30 हजार लोग ड्राइवरों की गलती की वजह से मारे जाते हैं। इस कमी को दूर करने के लिए सरकार प्रशिक्षण सुविधाओं को दुरुस्त बनाने और ड्राइविंग लाइसेंस देने की प्रक्रिया को सुधारने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा, देश का आर्थिक विकास बढ़ रहा है। हमारा 80 फीसदी सामान सड़कों के जरिए जाता है। अभी प्रत्येक ड्राइवर 46 से 47 डिग्री सेल्सियस के भीषण तापमान में प्रतिदिन कुल 16 घंटे तक काम करते हैं। अगर हम इसमें सुधार कर इसे 8 घंटे कर दें तो ड्राइवरों की संख्या काफी कम हो जाएगी। ऐसे में हमने निर्णय लिया है कि अब जो भी नए ट्रक लिए जाएंगे वह अनिवार्य रूप से एयरकंडीशन होंगे। साथ ही एक ऐसा एक्टिव सेफ्टी सिस्टम तैयार किया है। जिसमें उदाहरण के लिए अगर ड्राइवर को ट्रक चलाते-चलाते नींद आएगी तो तुरंत अलार्म बजेगा व कई अन्य जरूरी प्रावधान भी किए गए हैं।

### ईपीएफओ से पैसा निकालना आसान

## कैंसिल्ड चेक अपलोड करने की जरूरत नहीं




■ लगभग आठ करोड़ ईपीएफओ सदस्यों को फायदा

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सदस्यों को पीएफ खातों से ऑनलाइन धनराशि निकालने के लिए आवेदन करते समय, यूएएन (यूनिवर्सल अकाउंट नंबर) या पीएफ नंबर से जुड़े बैंक खाते की चेक लीफ या पासबुक की सत्यापित फोटो कॉपी अपलोड करनी होती थी। अब इस जरूरत को सरकार ने खत्म कर दिया है। रिटायरमेंट बॉडी ने इन फैसलों के साथ ग्राहकों के लिए दावा प्रक्रिया ⏩ शेष पेज 5 पर

### खंडवा में बड़ा हादसा...

## सफाई करने कुए में उतरे 8 लोग डूब गए,सभी की मौत



■ कुए में दलदल और कचरा होने से जहरीली गैस का रिसाव हुआ

**खंडवा।** जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव में गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। यहां गणगौर विसर्जन के लिए कुए की सफाई करते समय 8 लोग डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू किया।

पुलिस व प्रशासन ने रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा। मशक्कत के बाद सभी 8 के शव निकाल लिए गए। मौके पर पुलिस, प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीम ⏩ शेष पेज 5 पर

## हरियाणा में किसानों और मजदूरों को मात्र 10 रुपए प्रति थाली की रियायती दर पर मिलेगा भोजन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा में 600 रियायती भोजन कैंटीन स्थापित करने के अपने संकल्प पत्र में उल्लिखित प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने पहले चरण में इस साल अगस्त तक 200 नई अटल श्रमिक किसान कैंटीन शुरू करने का निर्णय लिया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 अगस्त, 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इन कैंटीनों का उद्घाटन करेंगे। इस आशय का निर्णय बृहस्पतिवार ⏩ शेष पेज 5 पर

### कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मोदी की दोस्ती ताक पर रख टैरिफ लागू किया

# 26 प्रतिशत टैरिफ लगने से भारत के बाजार, कृषि, फार्मा और ऑटो सेक्टर्स पर पड़ेगा असरः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि तमाम अटकलों और कयासों के बाद आखिरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से 26 फीसदी टैरिफ वसूलने की घोषणा कर दी। इसका असर देश के व्यापार और शेयर बाजार दोनों पर देखने को मिलेगा। इसके साथ ही कई भारतीय कंपनियों को व्यापार में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। खासकर कृषि, केमिकल, फार्मा और ऑटो सेक्टर्स पर असर दिखाई देगा साथ ही मिल्क प्रोडक्ट्स और आभूषण भी महंगे हो जाएंगे। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना खास मित्र कहते है और उनके लिए अमेरिका में चुनाव प्रचार के लिए गए थे लेकिन भारत की गलत नीतियों के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति ने फायदा उठाते हुए और मनमानी करते हुए टैरिफ बढ़ा दिया। इससे साफ है कि एक ओर जहां महंगाई बढ़ेगी वही देश में रोजगार के अवसर भी कम होंगे। इस टैरिफ से भारत की कई कंपनियों और सेक्टर्स को व्यापार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। इनमें कृषि, केमिकल, ⏩ शेष पेज 5 पर

### जजों की बैठक में लिया गया अहम फैसला

# सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीश सार्वजनिक करेंगे अपनी संपत्ति



न्यायाधीश जब भी पदभार ग्रहण करेंगे या कोई अहम जिम्मेदारी लेंगे तो उनको मुख्य न्यायाधीश के सामने अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर सहमति जताई है। शीर्ष अदालत में हुई न्यायाधीशों की बैठक में यह फैसला लिया गया।

बैठक में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना सहित 30 न्यायाधीशों ने अपनी संपत्तियों को न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करके सार्वजनिक रूप से प्रकट करने पर सहमति व्यक्त की। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट के मुताबिक एक अप्रैल को हुई बैठक में जजों ने संकल्प लिया कि न्यायाधीश जब भी पदभार ग्रहण करेंगे या कोई अहम जिम्मेदारी लेंगे तो उनको मुख्य न्यायाधीश के सामने अपनी संपत्ति की घोषणा करनी होगी। अब तक 1997 के एक प्रस्ताव के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के ⏩ शेष पेज 5 पर

### चीन के अक्साई चिन के इलाके को भारत से छीनने की याद दिलाई

# लोकसभा में चीन के मुद्दे पर सांसद राहुल गांधी अनुराग ठाकुर के बीच हुआ तीखा वाद-विवाद

#### राहुल बोले, चीन ने कब्जाई भारत की 4 हजार वर्ग किमी. भूमि तो अनुराग ने दिलाई कांग्रेस के जमाने में चीन को अक्साई चिन देने की याद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में गुरुवार को चीन के भारत की भूमि पर कब्जे के मामले पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शून्यकाल में मामले पर सरकार को घेरते हुए सवाल पूछा कि चीन द्वारा कब्जा की हुई हमारी 4 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन का क्या हुआ और उसे वापस लाने के लिए क्या किया जा रहा है? जवाब में सत्ता पक्ष से पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान में सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कड़ा पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता को उनके दल की पूर्ववर्ती सरकार (पंडित नेहरू की सरकार) के जमाने में चीन के अक्साई चिन के इलाके को भारत से छीनने की याद दिलाई। साथ ही दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौर में चीन ने भारत की एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं किया है। दोनों के



तर्क-वितर्कों के मध्य सदन में पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच टीका-टिप्पणियां भी खूब चलीं। वहीं, चीन के अलावा राहुल गांधी ने अमेरिका द्वारा 2 अप्रैल से भारतीय सामानों पर लगाए जा रहे करीब 27 फीसदी टैरिफ का मुद्दा ⏩ शेष पेज 5 पर

### जवानों की शहादत का मनाते जश्न

कांग्रेस नेता ने कहा कि मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हाल ही में विदेश सचिव और चीन के राजदूत के बीच केक कटिंग हुई। उनके साथ (चीन) संघर्ष में हमारे 20 जवान शहीद हो गए थे। क्या यह शहीद हुए जवानों की शहादत का जश्न मनाया जा रहा है? अपने लोगों से नहीं चीन के राजदूत से हमें ये पता चलता है कि दोनों देशों के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति आपस में बधाई संदेशों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश नीति दुनिया के बाकी देशों से संबंधित होती है। लेकिन सरकार चीन के मामले में पारदर्शिता नहीं बरत रही है। इसलिए मैं यह पूछना चाहता हूं कि केंद्र चीन से हमारी जमीन को कब तक वापस लेकर आएगा? हम चीन के साथ सामान्य स्थिति की बहाली का विरोध नहीं कर रहे हैं। लेकिन यह जानना चाहते हैं कि हमें हमारी जमीन कब तक मिलेगी?

# दिल्ली पुलिस द्वारा 2622 करोड़ की ड्रग्स की गई नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस 2027 तक राजधानी को नशा मुक्त बनाने के लिए लगातार ड्रग्स की बड़ी बड़ी खेप नष्ट कर रही है। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को 2622 करोड़ की ड्रग्स नष्ट की गई। जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के पास बायोटिक वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में उपराज्यपाल विनय सक्सेना और पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

दिल्ली पुलिस के पीआरओ विभाग की तरफ से बताया कि वर्ष 2024 में दिल्ली में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल 1,789 मामले दर्ज किए गए। जिसके परिणामस्वरूप 2,290 ड्रग तस्करों की गिरफ्तारी हुई। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ड्रग्स सप्लायरों की वित्तीय जांच के परिणामस्वरूप 4 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। इसके साथ ही वित्तीय जांच के अंतिम चरण में 5 करोड़ की अतिरिक्त संपत्ति जब्त की जा रही है। इसके अलावा चालू वर्ष में भी कई ड्रग तस्करों के खिलाफ भी कार्यवाही जारी है, जो बार-बार नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल पाये जा रहे हैं।

### पिछले दो वर्षों में नष्ट की गई 5,997.75 करोड़ की ड्रग्स

दिल्ली पुलिस का दावा है कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गत दो वर्षों में 5,997.75 करोड़ की ड्रग्स नष्ट की जा चुकी है। 21 दिसंबर 2022 को लगभग 2,888 किलोग्राम नशीली दवाएं नष्ट की गई थी। 26 जून 2023 को 15,700 किलो, 20 फरवरी 2024 को 10,631 किलो, 17 दिसंबर 2024 को लगभग 10,601.192 किलो और 24 जनवरी 2025 को 1,575 किलो नशीली दवाएं नष्ट की गई। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को छठा नशा विनाश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 1,643 किलोग्राम ड्रग्स को नष्ट किया गया। इसका अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य 2622 करोड़ आंका गया है। यह ड्रग्स पिछले 20 वर्षों (2004-2024) में जिलों, अपराध शाखा और स्पेशल सेल द्वारा जब्त की गई थी। गौरतलब है कि नशा मुक्त दिल्ली अभियान की घोषणा 26 नवंबर 2024 को उपराज्यपाल की अध्यक्षता में आयोजित 9वीं राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक में की गई थी। दिल्ली को नशा मुक्त बनाने के लिए तीन साल का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इन निर्देशों का पालन करते हुए दिल्ली पुलिस ने अन्य सरकारी विभागों के साथ मिलकर 1 दिसंबर 2024 से एक महीने का व्यापक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया था।

## खबर संक्षेप



### युवती ने सुसाइड नोट लिखकर की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में एक युवती ने पंखे से लटककर जान दे दी। मृतका का नाम शिव विहार जेजे कालोनी निवासी पिंकी बताया गया है। इसके पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। जिसमें उसने एक युवक पर लाखों की उधारी ना चुकाने और परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है
मिली जानकारी के अनुसार युवती अपनी बहन, मां और भाई के साथ जेजे कॉलोनी में वर्ष 2001 से रह रही थी। बहन एक बुटीक में नौकरी करती हैं। जबकि पिंकी कनॉट प्लेस के एक स्कूल में लैब असिस्टेंट थी। युवती की बहन ने बताया कि उसकी मां व भाई चाचा की तेरहवीं में शामिल होने के लिए राजस्थान गए हुए थे। बुधवार को शाम करीब पांच बजे पिंकी स्कूल से घर पहुंची थी। इसके बाद उसने यह कदम उठाया। बरामद सुसाइड नोट में आकाश नामक युवक पर करीब डेढ़ लाख रुपये लेने और टॉर्चर करने के आरोप है।

### दिल्ली पुलिस के नेहरू प्लेस मालखाने में लगी आग



**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी दिल्ली के नेहरू प्लेस स्थित पुलिस मालखाने में बृहस्पतिवार की दोपहर आग लग गई। इसमें करीब 50 कार, दुपहिया और तिपहिया वाहन जलकर खाक हो गए। आग में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने का कारण अभी साफ नहीं हो पाया है। पुलिस इसकी जांच पड़ताल में जुटी है। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने के संबंध में दोपहर 2:02 बजे कॉल मिली थी। उन्होंने कहा, कि हमने दमकल की पांच गाड़ियां नेहरू प्लेस में एमटीएनएल ऑफिस के पीछे घटनास्थल पर भेजी गई। आग खड़े किये गये वाहनों में लगी थी। कुछ ही देर बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के संबंध में जांच की जा रही है।

### एजेंट 2021 में दर्ज धोखाधड़ी मामले में था वांछित

# फर्जी वीजा मामले में हरियाणा का एजेंट किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आईजीआई पुलिस ने फर्जी वीजा उपलब्ध करवाने वाले हरियाणा के एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी शख्स का नाम गगनदीप (36) बताया गया है। वह विदेश यात्रा का प्रयास कर रहे लोगों के लिए पोलैंड के फर्जी वीजा की व्यवस्था करता था। एजेंट 2021 में दर्ज वीजा धोखाधड़ी के मामले में वांछित था। इस मामले में इसका साथी एजेंट कुलविंदर पहले गिरफ्तार हो चुका है। उसकी गिरफ्तारी के बाद से यह अंडरग्राउंड चल रहा था। आरोपी कुरुक्षेत्र का रहने वाला है और वीजा धोखाधड़ी के दो अन्य मामलों में भी शामिल रहा था।

पुलिस के अनुसर 6 सितंबर 2021 को पंजाब के दो यात्री चंद्र प्रकाश (22) और सरबजीत (23) पोलैंड के लिए उड़ान भरने के इरादे से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे थे। आव्रजन मंजूरी के दौरान अधिकारियों ने उनके पासपोर्ट पर पोलैंड का फर्जी वीजा चिपका हुआ पाया। आईजीआई एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पूछताछ के दौरान दोनों यात्रियों ने खुलासा किया कि उन्होंने कुलविंदर को 3-3 लाख रुपये दिए थे, जिसने पोलैंड के रास्ते पुर्तगाल की उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि कुलविंदर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके जाली वीजा और यात्रा टिकटों का इंतजाम किया था। जांच के बाद सितंबर 2021 में कुलविंदर को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में गगनदीप का नाम भी सामने आया। उसके कई ठिकानों पर छापेमारी की गई थी लेकिन वह हर बार बच जाता था। आजकल इसके अमृतसर में होने का पता चला था। पुलिस की एक टीम वहां भेजी गई और इसे संभावित ठिकाने से दबोच लिया गया। इसने धोखाधड़ी में अपनी भूमिका कबूल की है।

# दिल्ली के अगवा होटल व्यवसायी का शव शामली में मिला



- अपहरण के बाद की गई हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले के तिलक नगर इलाके से लापता होटल व्यवसायी सागर चौहान की शामली, यूपी के कांधला क्षेत्र में हत्या कर दी गई। दरअसल सागर 26 मार्च को लापता हुआ था। 27 को उसका शव यूपी के मिला था। 2 अप्रैल को परिजनों ने शव की शिनाख्त सागर के रूप में की। यूपी और दिल्ली पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है। दिल्ली पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिये कई टीमें गठित की है।

डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार सागर के परिवार के सदस्यों ने 26 मार्च को तिलक नगर थाने पहुंच सूचना दी थी कि सागर तिलक नगर में एक होटल से निकला था, जिसे वह लीज पर चला रहा था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। परिवार ने लोगों ने सागर की जान को खतरे की आशंका जाहिर की थी। उन्होंने कुछ लोगों पर शक जाहिर किया था। इसलिये तिलक नगर थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी और मैनुअल निगरानी के माध्यम से सागर और संदिग्धों को ट्रैक करने के लिए कई टीमें बनाई गई। लापता व्यक्ति सागर के परिवार को भी किसी भी इनपुट पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए लूप में रखा गया था, क्योंकि संदिग्ध उन्हें काफी समय से जानते थे। जांच के दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, मुख्य संदिग्धों का पता नहीं चल पाया है। उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किए गए हैं। 27 मार्च को कांधला थाना, जिला शामली में हत्या का मामला दर्ज किया गया था। 2 अप्रैल को शाम के समय यह पुष्टि हो गई कि मृतक सागर है। सागर मूलरूप से हरियाणा के रहने वाले थे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:–
**निविदा सूचना संख्या:** EL-MWS-GKP-2025-26-01, कार्य का विवरण: ए०एम०सी० /सी०एम०सी० आफ विन्डो/स्पिलिट टाईप रूम एयर कंडीशनर्स, रेफ्रिजरेटर एण्ड वाटर कूलर फार ए पीरिएड आफ 03 इयर्स इन मैकेनिकल वर्कशाप गोरखपुर। अनुमानित लागत: ₹ 26,52,376.68, बयाने की राशि: ₹ 53,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से: 36 महीना।
• आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 23-04-2025 समय 11:00 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर(कार.)**
मुजाधि/विद्युत–02 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# फर्जी फार्मेसी पंजीकरण रैकेट में शामिल रहे 47 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- एंटी करप्शन ब्रांच की कार्रवाई
- आरोपियों में फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार, दलाल व सर्टिफिकेट बनाने वाले शामिल

दिल्ली सरकार की एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने फार्मेसी पंजीकरण में फर्जीवाड़े को लेकर बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। मामले में दिल्ली फार्मेसी काउंसिल के पूर्व रजिस्ट्रार, क्लर्क, दलाल, प्रिंटिंग शॉप मालिक, अलग-अलग तीन फार्मेसी कॉलेज के कर्मचारी और 35 फर्जी फार्मासिस्ट सहित 47 लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसीबी प्रमुख मधुर वर्मा के अनुसार, 30 जनवरी 2024 को दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के उप सचिव की तरफ से रजिस्ट्रार कुलदीप सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत में बताया गया था कि तीन उम्मीदवारों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फार्मासिस्ट के रूप में पंजीकरण कराया गया है। इसके बाद 23 अप्रैल 2024 को एसीबी ने मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पता चला कि फर्जी डिग्री दिलाने के एवज में प्रति उम्मीदवार दलाल तीन से चार लाख व दिल्ली फार्मेसी काउंसिल का रजिस्ट्रार कुलदीप सिंह एक लाख रुपये लेता था। कुलदीप सिंह की नियुक्ति 2020 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन द्वारा की गई थी। इस गिरोह के पकड़े जाने से फर्जी दस्तावेज के आधार पर कई फार्मासिस्टों के फर्जी पंजीकरण के बारे में पता चला। फर्जी फार्मासिस्ट दिल्ली के कई केमिस्ट की दुकानों पर काम करते हुए पाए गए। जांच से पता चला कि पूर्व रजिस्ट्रार कुलदीप सिंह ने जाली दस्तावेजों का उपयोग करके कई फार्मासिस्टों के पंजीकरण को अवैध रूप से मंजूरी दी थी। यह घोटाला एक निजी फर्म के माध्यम से किया गया था, जिसने निविदा प्रक्रिया के बिना आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया तैयार की थी। एसीबी ने कुलदीप सिंह के खिलाफ केस दर्ज जांच के लिए सतर्कता निदेशालय से अनुमति मांगी। अनुमति मिलने के बाद एसीपी जरनैल सिंह की टीम ने मामले में अब तक कुलदीप सिंह समेत 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 35 फर्जी पंजीकरण वाले फार्मासिस्ट शामिल है।

### अपने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर भी विपक्ष की गैर मौजूदगी का जवाब अगले सत्र में लिया जाएगा : विजेंद्र

- बजट सत्र की 7 बैठकों के दौरान सदन की कार्यवाही 27 घंटे 56 मिनट तक चली

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में बिजली कटौती को लेकर नेता विपक्ष आतिशी द्वारा लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव को सदन ने स्वीकर किया। लेकिन विधानसभा परिसर में मौजूद होने के बाद भी विपक्ष का एक भी सदस्य ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा में भाग नहीं लिया। इस पर सदन में 58 मिनट तक चर्चा हुई। आठ सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया और बाद में ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने जवाब दिया। लेकिन इस दौरान विपक्ष के सभी सदस्य सदन में मौजूद नहीं रहे इसका जवाब हम अगले सत्र में विपक्ष से लेंगे। यह बात गुरुवार को दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बजट सत्र की समाप्ति पर अपनी प्रैसवार्ता में कही। अध्यक्ष गुप्ता ने प्रैसवार्ता में बताया कि आठवीं विधानसभा का दूसरा सत्र 24 मार्च 2025 को शुरू हुआ था और 02 अप्रैल 2025 को सदन अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सदन की कुल 07 बैठकें हुईं। इन 07 बैठकों के दौरान सदन की कार्यवाही 27 घंटे 56 मिनट तक चली। इस दौरान वार्षिक बजट पेश किया गया और पास किया गया, सीएजी की 6 रिपोर्ट पेश की गई और कई अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य निपटाए गए। लम्बित कार्य निपटाने के लिए सदन की बैठकें दो दिन अर्थात 1 और 2 अप्रैल 2025 तक बढ़ाई गई।मुख्यमंत्री ने 25 मार्च 2025 को वार्षिक बजट पेश किया। एक लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट पेश करने के लिए मैं दिल्ली सरकार की सराहना करता हूं। 26 और 27 मार्च 2025 को बजट पर 7 घंटे 13 मिनट तक चर्चा हुई और 36 सदस्यों ने बजट पर चर्चा में भाग लिया, जो अपने आप में उल्लेखनीय है। वहीं 28 मार्च 2025 को सदन ने अशोक गोयल द्वारा प्रस्तुत संकल्प कि सदन संकल्प करता है कि नई गौशालाओं का निर्माण किया जाए और आवारा पशुओं और गायों के लिए मौजूदा गौशालाओं का उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए को स्वीकार किया। वहीं मोहन सिंह बिष्ट, संजीव झा द्वारा दिए गए संकल्प के नोटिस समाप्त हो गए क्योंकि उन्होंने संकल्प प्रस्तुत नहीं किए। इस संकल्प पर चर्चा में 8 सदस्यों ने भाग लिया और 44 मिनट तक चर्चा हुई तथा मंत्री आशीष सूद ने चर्चा का उत्तर दिया।

अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि लंबे अंतराल के बाद सदन में प्रश्नकाल शुरू किया गया। सचिवालय को प्रश्नों के 384 नोटिस मिले। इनमें से 80 को तारांकित और 282 को अतारांकित प्रश्नों के रूप में स्वीकार किया गया। नियमों के अनुसार 20 प्रश्नों को अस्वीकार कर दिया गया और 2 प्रश्नों को एक साथ जोड़ दिया गया। 80 तारांकित प्रश्नों में से 28 प्रश्नों और 66 अनुपूरक प्रश्नों के उत्तर मंत्रियों ने सदन में दिए। वहीं सचिवालय को नियम-280 के तहत विशेष उल्लेख के लिए 267 नोटिस प्राप्त हुए।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **शेर मो. उर्फ सोनू पुत्र: श्री अबास, पता:** मकान नं. 1016, गली नं19, के–1 ब्लॉक, संगम विहार, नई दिल्ली ने **FIR No. 527/2018, U/s 323/341/34 IPC,** थाना: संगम विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शेर मो. उर्फ सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शेर मो. उर्फ सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 527/2018, U/s 323/341/34 IPC,** थाना: संगम विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **शेर मो. उर्फ सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री संकल्प कपूर**
**महानगर दण्डाधिकारी –04**
**जिला कोर्ट, कमरा नं. 211,**
**साकेत कोर्ट जिला दक्षिणी, नई दिल्ली**

**DP/3690/SD/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सुभाष सिंह, पुत्रः** प्रयाग सिंह, **पताः** मकान नं. 79 सेक्टर–8 द्वारका, **दिल्ली FIR No. 142/17, U/S: 279/427 IPC, पुलिस थानाः सरोजिनी नगर दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष सिंह,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सुभाष सिंह, FIR No. 142/17, U/S: 279/427 IPC, पुलिस थानाः सरोजिनी नगर दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री वैभव कुमार**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी– 05**
**प्रथम तल, मुख्य भवन**
**पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/3792/SW/2025**
**(Court Matter)**


### 10 अप्रैल तक एक लाख लोगों को किया जाएगा शामिल

# दिल्ली सरकार कल से आयुष्मान भारत योजना करेगी शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार की आयुष्मान भारत योजना में सबसे गरीब लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के तहत 10 अप्रैल तक एक लाख लोगों को शामिल किया जाएगा, जिसका उद्देश्य दिल्ली के स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में सुधार करना है। स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने यह जानकारी दी। सिंह ने बताया कि योजना के तहत दिल्ली के सबसे गरीब परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिसमें अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) और प्राथमिकता वाले परिवार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने के बाद आयुष्मान भारत योजना को तेजी से लागू किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास किए जाएंगे कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों को लाभ मिले। मंत्री ने कहा कि इस पहल से दिल्ली के स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, मरीजों को बेहतर प्राथमिक देखभाल मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, मरीजों के रिकॉर्ड डिजिटल रूप से रखे जाएंगे, जिससे बेहतर निगरानी और प्रबंधन हो सकेगा। सिंह ने कहा कि हम सबसे पहले उन लोगों को कार्ड जारी करेंगे जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है, जिसमें अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के तहत लाभार्थी और प्राथमिकता वाले परिवार शामिल हैं। उसके बाद, हम योजना के तहत लाभार्थियों के दायरे का और विस्तार करेंगे। एएवाई एक सरकारी योजना है जिसे 2000 में सबसे गरीब परिवारों को अत्यधिक सब्सिडी वाला भोजन उपलब्ध कराने के लिए शुरू किया गया था। इसे सबसे पहले राजस्थान में लागू किया गया था। योजना के तहत, गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) श्रेणी के सबसे गरीब परिवारों की पहचान करने के बाद सरकार उन्हें रियायती दरों तीन रुपये प्रति किलोग्राम चावल और दो रुपये प्रति किलोग्राम गेहूं की दर पर 35 किलोग्राम चावल और गेहूं खरीदने की अनुमति देती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 की सिफारिश के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना को राष्ट्रीय राजधानी में लागू नहीं किया गया। इस योजना में आयुष्मान आरोग्य मंदिर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक, एकीकृत डायग्नोस्टिक सुविधाएं, पीएमजेएवाई और राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन शामिल हैं। दिल्ली में 26 साल से अधिक समय के बाद अपनी सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 20 फरवरी को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके छह मंत्रियों के शपथ लेने के ठीक बाद अपनी पहली कैबिनेट बैठक में इस योजना को मंजूरी दी। इस कदम से दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए स्वास्थ्य सेवा बजट में आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पिछले वर्ष के आवंटन की तुलना में 48 प्रतिशत की वृद्धि की है। मौजूदा प्रशासन ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 12,893 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो वित्त वर्ष 2024-25 में आप द्वारा निर्धारित 8,685 करोड़ रुपये के बजट से 4,208 करोड़ रुपये अधिक है।


### अवैध रूप से रह रहा बांग्लादेशी पकड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर इलाके में कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहम्मद सदीकुर रहमान (25) के रूप में हुई है, जो इलाज के लिए भारत आया था, लेकिन वीजा की अवधि समाप्त होने के बावजूद देश में गैर कानूनी तरीके से रह रहा था। उन्होंने बताय कि 'एक गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने होटल बदल-बदल कर रह रहे रहमान को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने वीजा की अवधि समाप्त होने के बावजूद अवैध रूप से देश में रहने की बात स्वीकार की। अधिकारी ने बताया कि कानूनी औपचारिकताओं के बाद रहमान को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) निर्वासन केंद्र भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि और अधिक अवैध प्रवासियों का पता लगाने और निर्वासित करने के लिए अभियान जारी है।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 122 दिनांक 31/03/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर सोनीपत जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम-धर्मपाल ।
पिता का नाम - हरिसिहँ ।
पता - वासी गाव मोहाना जिला सोनीपत ।
उम्र-61 वर्ष ।
कद-5 फुट 07 ईन्च ।
हुलिया: रंग गेहुआं, पतला शरीर, लमबुंतरा चेहरा, काले-सफेद बाल व सफेद ढाढी ।
सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 31-03-2025 को धर्मपाल पुत्र हरिसिहँ वासी मोहाना जिला सोनीपत जो कटरसन कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड में सिक्योरिटी के काम के लिए एन.एच-352 निर्माणाधीन बड़वासनी नहर फ्लाईओवर पर ड्युटी के लिए गया था जो दोपहर बाद से डयुटी पर नही मिला और जिसकी चप्पल दिल्ली युमना लिंक पुरानी नहर बडवासनी के किनारे व सफेद धारीधार कमीज झोपड़ी में मिली थी। जिस सम्बंध मे मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना-7419410534
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-9468482877
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच 1084/11/3239/2026/33576/88/7 दि. 03.04.2025

## खबर संक्षेप

### प्रत्येक मंदिर के बाहर लगाए जाएंगे दो ड्रम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में धार्मिक पर्व को लेकर और सफाई व्यवस्था को देखते हुए प्रत्येक मंदिर के बाहर दो ड्रम लगाए जाएंगे। दिल्ली नगर निगम के केशव पुरम जोन क्षेत्र में सफाई व्यवस्था विभिन्न विभागों के साथ आयोजित बैठक में जोन के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने यह आदेश दिए। बैठक में सफाई अधीक्षक, उद्योग, उद्यान विभाग के अधिकारी और मेंटेनेंस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि हमारे धर्म और पर्यावरण दोनों की सुरक्षा आवश्यक है। हमें धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। यह पहल स्वच्छता और हरित वातावरण को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को बनाए रखना और पर्यावरण को सुरक्षित रखना है।

### एनडीएमसी कल आयोजित करेगी सुविधा शिविर

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के हित में सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए अपना 'अगला सुविधा शिविर शनिवार, 5 अप्रैल, 2025 को सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक जय सिंह रोड स्थित (पालिका केंद्र के निकट), एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, में आयोजित करेगी। एनडीएमसी प्रशासन ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस सुविधा कैम्प में नए बिजली कनेक्शन/डिस्कनेक्शन, लोड वृद्धि/कमी, नाम परिवर्तन/स्थानांतरण, संपत्ति कर, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, एनडीएमसी के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवा मामलों, जलभराव, स्वच्छता, अपशिष्ट निपटान, सड़क मरम्मत, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, बारात घर व पार्कों की बुकिंग और एनडीएमसी द्वारा दी जाने वाली कोई अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समाधान / निवारण किया जाएगा।

### दिल्ली मेट्रो करेगी चेन्नई मेट्रो के तीन कॉरिडोर का संचालन और रखरखाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) आने वाले समय में चेन्नई मेट्रो के तीन कॉरिडोर का संचालन और रखरखाव करेगा। इस दिशा में डीएमआरसी और चेन्नई मेट्रो रेल लिमिटेड (सीएमआरएल) के बीच चरण-दो के तहत तीन कॉरिडोर के संचालन और रखरखाव के लिए एक अनुबंध हुआ है। इस करार पर अधिक जानकारी देते हुए डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि डीएमआरसी और सीएमआरएल के बीच समझौता हुआ है। जिसके तहत सीएमआरएल के कॉरिडोर-3 (माधवरम मिल्क कॉलोनी से सिरुसेरी सिपकोट-II मेट्रो - इंडिगो लाइन), कॉरिडोर-4 (लाइटहाउस से पूनमल्ली बाईपास -ऑरेंज लाइन) और कॉरिडोर-5 (माधवरम मिल्क कॉलोनी से शोलिंगनल्लूर - रेड लाइन) जिसमें माधवरम, पूनमल्ली और सेमनचेरी में रखरखाव डिपो भी शामिल हैं। अनुबंध की अवधि चरण दो के अंतिम चरण के वाणिज्यिक संचालन की तिथि से बारह वर्ष है।

### अगले 50 साल के लिए जल प्रबंधन का मास्टर प्लान तैयार कर रही है दिल्ली सरकार

# अब नहीं होगी किल्लत, हर घर पहुंचेगा शुद्ध जल : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार अगले 50 साल के लिए जल प्रबंधन का मास्टर प्लान तैयार कर रही है। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने वजीराबाद बैराज, जलाशय, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण करने के दौरान दी। इस दौरान जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने ट्रीट किए गए पानी को स्वयं पीकर उसकी गुणवत्ता परखने के बाद दिल्लीवासियों को आश्वस्त किया कि राजधानी में स्वच्छ और सुरक्षित जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान प्रवेश वर्मा ने कहा कि मैंने खुद ट्रीट किया हुआ पानी पिया और उसकी गुणवत्ता जांची। यह पूरी तरह सुरक्षित और पीने योग्य है। हमने जनता को भ्रमित करने या डराने की राजनीति के बजाय, जमीनी स्तर पर ठोस काम किया है और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर नागरिक को स्वच्छ पानी मिले। उन्होंने केजरीवाल सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मैंने किसी के घर में जाकर 20 लीटर की बिसलेरी की बोतल रखकर दिखावा नहीं किया। मैंने डब्ल्यूटीपी में जाकर वही पानी पिया जो हर घर में सप्लाई हो रहा है। हम पारदर्शी तरीके से दिल्लीवासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

#### यमुना की सफाई के लिए उठाए जा रहे हैं ठोस कदम

जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि वजीराबाद बैराज की जल भंडारण क्षमता को अगले डेढ़ महीने में दोगुना किया जाएगा, जिससे गर्मियों के दौरान भी दिल्ली में जल आपूर्ति सुचारू बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने इस मुद्दे पर केवल बयानबाजी की, लेकिन उनकी सरकार जलाशय की खुदाई और विस्तार जैसे ठोस कदम उठा रही है। यमुना में बढ़ते प्रदूषण और अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए भी कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने भारतीय सेना की टेरिटोरियल आर्मी से अनुरोध किया है कि यमुना में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो और कोई कूड़ा-कचरा न डाले। इसके लिए निगरानी को और कड़ा किया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली में जल प्रबंधन अब तक केवल फायर फाइटर मोड में था। जहां कोई समस्या आई, वहीं अस्थायी समाधान किया गया। लेकिन अब सरकार 50 साल की दीर्घकालिक योजना पर काम कर रही है, जिससे पाइपलाइन लीकेज, जल संरक्षण और जल वितरण प्रणाली को पूरी तरह अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी की बड़ी समस्या पुरानी पाइपलाइनों और घरों में लगे मोटरों की वजह से बनी लीकेज है, जिससे अनावश्यक जल हानि हो रही है। अभी तक दिल्ली में कोई मास्टर प्लान नहीं था, लेकिन अब इसे वैज्ञानिक तरीके से बनाया जा रहा है, जिससे भविष्य में जल संकट जैसी स्थिति ही न बने।

निरीक्षण के दौरान जल मंत्री ने बताया कि वजीराबाद बैराज से आने वाले पानी का टीडीएस स्तर 170 पाया गया, जो कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और भारतीय मानकों के अनुसार पूरी तरह सुरक्षित है। सभी जल शोधन संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जल मंत्री ने कहा कि सरकार एक आईटी डैशबोर्ड विकसित कर रही है, जिससे हर डब्ल्यूटीपी और एसटीपी के जल ग्रहण और निकासी की रीयल-टाइम निगरानी की जा सके।

## बिजली कट को लेकर आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बिजली कटौती के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को आईटीआई, कालकाजी, आईएसबीटी और बुराड़ी समेत दिल्ली के कई इलाकों में 'भाजपा आई -बिजली गई' लिखे बैनर लगाकर विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही लंबे-लंबे पॉवर कट का दौर वापस आ गया है। दिल्ली के लोगों को पुराने दिन याद आ रहे हैं, जब आप की सरकार में 24 घंटे निर्बाध बिजली मिलती थी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि बिजली और पानी की भारी किल्लत के बाद अब अस्पतालों से दवाइयां भी गायब। सरकारी अस्पतालों में गरीब लोग आते हैं। बिन दवाइयों के उन्हें बहुत दिक्कत होगी। आप विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली में पावर कट की सरकार आ गई है। जब से डबल इंजन की भाजपा की सरकार आई है, तब से दिल्ली के अलग-अलग इलाकों के अंदर लगातार दो से तीन घंटे के पावर कट लग रहे हैं। 10 साल से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार थी। इन 10 सालों में दिल्ली में कहीं पर भी पावर कट नहीं लगा। लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार दिल्ली में आने के बाद से लगातार पावर कट लग रहे हैं। पावर कट से परेशान लोगों को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है और सड़कें जाम करनी पड़ रही हैं।

## बिजली कटौती को लेकर आतिशी झूठे आरोप लगाकर जनता को कर रही हैं भ्रमित : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना के बिजली कट को लेकर लगाए जा रहे झूठे आरोपों और फैलाए जा रहे भ्रम के लिए हमारी सरकार कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। इस संबंध में विभिन्न विभागों से परामर्श भी किया जा रहा है। इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने प्रैसवार्ता में दी।

ऊर्जा मंत्री सूद ने प्रैसवार्ता में बताया कि आम आदमी पार्टी की सरकार में पिछले दस सालों में पांच घंटे से ज्यादा राजधानी दिल्ली में बिजली कट 51958 बार हुआ है। यानी दिल्ली में औसतन प्रतिदिन 14 बार बिजली गई है। उन्होंने यह भी कहा कि दो दिन पहले विधानसभा में विपक्ष ने जो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखा था। उसके बारे में जब मैं विस्तार से जवाब दे रहा था तब पूरा विपक्ष सदन से ही गायब था। सूद ने कहा कि विश्व में कोई भी बिजली का ऐसा नेटवर्क नहीं है जिसमें शटडाउन किए बिना बिजली का रखरखाव किया जा सके। आतिशी मार्लेना, अरविंद केजरीवाल और पूरी आम आदमी पार्टी के नेताओं की झूठ बोलने की प्रथा आखिर कब तक जारी रहेगी। मंत्री सूद ने बताया कि 23 मई 2023 को ऊर्जा से संबंधित मीटिंग के मिनट्स निकाले गए थे। जिसमें कई सारे तथ्यों को उजागर किया गया है। दिल्ली सरकार को बिजली कंपनियों ने यह भी बताया कि तीन से चार घंटे के लंबे बिजली कट पिछली सरकार के दौरान भी कई बार लगे थे। इतना ही नहीं दिल्ली की पूर्व ऊर्जा मंत्री आतिशी मार्लेना ने फ्रीडम फाइटर कॉलोनी, साकेत, अलकनंदा, आया नगर, बेगमपुर जैसे कई इलाकों में लगातार बिजली कट के संबंध में बीआरपीएल से भी जानकारी मांगी थी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अगर आतिशी मार्लेना और अरविंद केजरीवाल कहते हैं कि उनके शासनकाल में दिल्ली में एक मिनट भी बिजली बंद नहीं हुई तो इसका मतलब यह हुआ कि बिजली का रखरखाव ही नहीं हुआ।

### दिल्ली देहात का अलीपुर बस स्टैंड बना रहता है डार्क स्पॉट

नई दिल्ली। महिला सुरक्षा को लेकर दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के नेता बैठकों में डॉर्क स्पॉट का मामला जोर शोर से उठाते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर नेताओं का दावा सिर्फ खोखला ही प्रतीत होता है। बता दें कि दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा स्थित अलीपुर के मुख्य बस स्टैंड पर रात के समय सन्नाटा छाया रहता है, हालांकि आसपास में जगह जगह पोल लगे हुए हैं लेकिन यहां प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं होने से अनहोनी घटना की संभावना बनी रहती है। स्थानीय लोगों को कहना है कि दिल्ली में बस स्टैंडों पर प्रकाश की व्यवस्था रहती है लेकिन यहां ऐसा नहीं है। उन्होंने बताया कि आसपास में कॉलेज है और पीजी के रहने वाले बच्चे अक्सर रात के समय यहां टहलटे हुए भी देखे गए हैं, जिसमें लड़कियां भी होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि डार्क स्पॉट कई माह से है लेकिन जनप्रतिनिधि और सरकारी अधिकारी सोये रहते हैं। वहीं, स्थानीय निगम पार्षद योगेश राणा ने बताया कि यदि ऐसा है तो इस समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही बता दें कि यहां से करीब सौ मीटर की दूरी पर स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज, अलीपुर पुलिस स्टेशन और कई स्कूल भी हैं।

## विधानसभा को स्मारक के रूप में विकसित करने के लिए केंद्रीय मंत्री से मिलेंगे विजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत मिलेंगे और उनसे इस बाबत चर्चा करेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए अध्यक्ष गुप्ता ने गुरुवार को बजट सत्र के बाद प्रैसवार्ता में बताया कि अगले सौ दिन में विधानसभा को पूर्णतः सौर ऊर्जा संचालित बनाएंगे। अभी दिल्ली विधानसभा का बिजली बिल लगभग 15 लाख रुपए प्रति माह आता है, सौर ऊर्जा का उपयोग करने से हम इस बिल की बचत कर सकेंगे। विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विधानसभा परिसर में पहली संसद की बैठकें हुईं थीं, यहीं देश के सेनानियों ने स्वतंत्रता के लिए

- सौर ऊर्जा से रोशन होगी विधानसभा

हंसते हंसते अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से दिल्ली विधानसभा को स्मारक के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि विधानसभा में मीडिया डेस्क तैयार की जाएगी। मीडिया डेस्क में इंटरनेट और प्रिंटिंग सुविधा वाले 25 कंप्यूटर लगाए जाएंगे। प्रेस कक्ष को आधुनिक बनाया जाएगा ताकि समाचारों का तेजी से प्रसार हो सके और जनता तक समाचार सुगमता से पहुंच सकें।

## राजेंद्र नगर में शुरू हुआ 'आरंभ पुस्तकालय' बना छात्रों की पसंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



ओल्ड राजेंद्र नगर में गत दिनों शुरू किया गया 'आरंभ पुस्तकालय' अब छात्रों की पहली पसंद बनने लगा है। ऐसे में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अगुवाई में डीडीए की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें एलजी सक्सेना ने अधिकारियों को नए दिशा निर्देश जारी किए। इस मौके पर मौजूद डीडीए के अधिकारियों ने एलजी को बताया कि अधचीनी, द्वारका, विकासपुरी और रोहिणी क्षेत्र में इस वर्ष मई में अन्य चार आरंभ पुस्तकालय और शुरू हो जाएंगे। एलजी को बताया गया कि ओल्ड राजेंद्र नगर में आरंभ पुस्तकालय को छात्रों द्वारा जबरदस्त सफलता मिल रही है। जबकि चार अन्य ऐसी ही लाइब्रेरी, रीडिंग रूम्स और एक कैफे का निर्माण कार्य जोर-शोर से जारी है। इनका काम इस वर्ष मई तक पूरा होने की पूरी पूरी उम्मीद है। डीडीए ने एलजी को बताया कि ओल्ड राजेंद्र नगर में कार्यरत आरंभ पुस्तकालय में छात्रों के बैठने की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। वहीं अधचीनी गांव, द्वारका सेक्टर-16 बी, एम ब्लॉक विकासपुरी और सेक्टर-11 रोहिणी में चार अन्य पुस्तकालयों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है।

### सूरज के तेवर हो सकते है कड़े, पारा पहुंचा 40 डिग्री पार

नई दिल्ली। दिल्ली वालों को अब सूरज के कड़े तेवर सताने लगे है, जिसके चलते गुरुवार को राजधानी में अधिकतम तापमान 40 डिग्री पार कर गया। हालांकि दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहा। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को दिल्ली में औसत अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं दूसरी तरफ न्यूनतम तापमान अब भी सामान्य से तीन डिग्री नीचे 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार दिल्ली के रिज एरिया में अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि आगामी 7 से 10 अप्रैल के बीच औसत अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है।

## फीस वृद्धि के खिलाफ एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में फीस वृद्धि, हॉस्टल शुल्क में मनमानी बढ़ोतरी, परीक्षा शुल्क वृद्धि, खराब मेस सुविधा, परीक्षा परिणाम में देरी, और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ गुरूवार को विशाल विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने कैंपस सुविधाओं की कमी और शिकायत निवारण प्रणाली की निष्क्रियता को लेकर भी नाराजगी जताई। प्रदर्शन के बाद, एबीवीपी के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया।

इस मामले में एबीवीपी डीटीयू इकाई अध्यक्ष अजय दहिया एवं इकाई मंत्री नितेश महाला ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लेना होगा और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना होगा। इसी संदर्भ में, एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को विभिन्न छात्र-संबंधी मुद्दों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। प्रशासन ने हमें आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह के भीतर सभी समस्याओं के समाधान पर निष्कर्ष पर पहुँचा जाएगा। यदि इस अवधि में ठोस समाधान नहीं निकाला गया, तो विद्यार्थी परिषद मजबूती से आवाज़ उठाएगी और आवश्यकता पड़ने पर बड़े स्तर पर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

### आजीवन वैध रहेगा यह कार्ड

# सिर्फ दिल्ली की महिलाओं को मिलेगा मुफ्त बस यात्रा के लिए स्मार्ट कार्ड, जल्द शुरू होगा पंजीकरण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की मुफ्त बस यात्रा योजना सिर्फ उन महिलाओं के लिए उपलब्ध होगी, जो राष्ट्रीय राजधानी में रहती हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग दिल्ली की महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने के लिए 'स्मार्ट कार्ड' जारी करने की कवायद शुरू करने जा रहा है, जो 'आजीवन' वैध रहेगा। अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा के लिए स्मार्ट कार्ड पाने की इच्छुक महिलाओं के लिए जल्द ही पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू करेगी। यह कदम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर गुलाबी टिकट योजना के तहत भ्रष्टाचार का आरोप लगाने के कुछ दिनों बाद उठाया गया है। गुप्ता ने कहा था कि हम महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम महिलाओं के लिए डिजिटल यात्रा कार्ड शुरू करेंगे, जो उन्हें सरकारी बसों में कभी भी स्वतंत्र रूप से मुफ्त यात्रा करने की सुविधा देगा, जिससे टिकट से जुड़ा 'गुलाबी भ्रष्टाचार' खत्म हो जाएगा।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि दक्षता बढ़ाने के लिए टिकट प्रणाली को पूरी तरह से डिजिटल किया जाएगा। गुप्ता ने कहा था कि संपूर्ण प्रणाली का आधुनिकीकरण किया जाएगा और पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा त्रुटिपूर्ण योजनाओं में सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि हमारा लक्ष्य दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, विश्वसनीय और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त बनाना है। 'आप' ने 2019 में भाई दूज के अवसर पर गुलाबी टिकट योजना पेश की थी, जिसके तहत महिलाओं को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है। महिलाओं को गुलाबी टिकट के रूप में एकल यात्रा पास मिलते हैं, जिसमें दिल्ली सरकार प्रति टिकट 10 रुपये की लागत वहन करती है और जारी किए गए कुल टिकट के आधार पर बस कंपनियों को भुगतान करती है। अधिकारियों के अनुसार, भाजपा सरकार के अगले दो से तीन सप्ताह के भीतर स्मार्ट कार्ड पहल पर काम शुरू करने की उम्मीद है। उन्होंने पात्रता मानदंड के बारे में बताया कि स्मार्ट कार्ड केवल दिल्ली में रहने वाली महिलाओं को जारी किया जाएगा, जिससे उन्हें बिना किसी पाबंदी के कहीं भी, कभी भी यात्रा करने की सुविधा मिलेगी।

### क्या अब राजधानीवासियों द्वारा चुनी दिल्ली सरकार को पीएम कार्यालय चलाएगा: देवेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि क्या अब दिल्ली के लोगों द्वारा चुनी हुई दिल्ली सरकार को प्रधानमंत्री कार्यालय चलाएगा। क्योंकि प्रधानमंत्री कार्यालय के निर्देश पर गठित उच्च स्तरीय कमेटी का अध्यक्ष बनाकर उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा को पदोन्नत करके मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ऊपर सुपर सी.एम. बनाया है। जिसका सीधा अर्थ निकलता है कि उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा को पदोन्नति करके मोदी जी ने सुपर सी.एम. बनाकर मुख्यमंत्री पद से भी बड़ा बनाकर दिल्ली की सत्ता को चलाने का कार्यभार सौंप दिया है। जबकि प्रवेश वर्मा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अंतर्गत मंत्रीमंडल के सदस्य है। उन्होंने सवाल उठाया कि दिल्ली सरकार के गठन के समय प्रवेश वर्मा दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने के सबसे प्रबल दावेदार थे। परंतु भाजपा उच्च नेतृत्व ने रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बना दिया था। जिससे प्रवेश वर्मा नाराज थे और उनकी नाराजगी कई दिनों उनके व्यवहार और उनके नजदीकियों ने सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर खुले रूप से उजागर की थी। यादव ने कहा कि कहीं ऐसा तो नही है कि प्रवेश वर्मा को इस उच्च स्तरीय कमेटी का अध्यक्ष बनाकर प्रवेश वर्मा की नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया गया है। यादव ने कहा कि जनता के सामने सवाल यह उठता है कि दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री की क्या भूमिका रहेगी। ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री कार्यालय की उच्च स्तरीय कमेटी दिल्ली सरकार के कामों पर पूरी निगरानी रखेगी। सवाल यह भी उठता है कि क्या प्रधानमंत्री कार्यालय को दिल्ली की मुख्यमंत्री की कार्य क्षमता पर भरोसा नहीं या वे डमी मुख्यमंत्री बनकर रह जाऐंगी। उन्होंने याद दिलाया कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार थी और एक समय केन्द्र में भी कांग्रेस की अगुवाई वाली सरकार थी। परंतु उस समय केन्द्र सरकार ने दिल्ली सरकार के कार्यो में कभी हस्तक्षेप नहीं किया। इसलिए शीला दीक्षित सरकार ने दिल्ली विकास के ऐतिहासिक कार्य किए थे।

खबर संक्षेप

## लघु सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के लघु सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस संबंध में



फरीदाबाद के डिप्टी कमिश्नर की ऑफिशियल मेल पर धमकी भेजी गई थी। धमकी के साथ धार्मिक नारा भी लिखा था। धमकी भरी मेल मिलते ही तुरंत सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। पूरा लघु सचिवालय खाली करा लिया गया। कर्मचारियों को तुरंत बाहर निकालकर पूरा परिसर सील कर दिया गया।

## अवैध फॉर्म हाउस पर चला बुलडोजर


**फरीदाबाद।** बड़खल क्षेत्र में गुरुवार को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान



चलाया गया। वन विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अनंगपुर गांव से लेकर अरावली की पहाड़ियों तक फैले अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान दर्जनों अवैध फॉर्म हाउस तोड़े गए। टीम ने अनंगपुर गांव में भी वन भूमि पर बने मकानों और डेयरी को ध्वस्त किया। स्थानीय महिलाओं और पुरुषों ने कार्रवाई का विरोध किया। एक महिला बेहोश हो गई, जिसे महिला पुलिसकर्मियों ने संभाला।

## बल्लभगढ़ में सब्जी मंडी के पीछे कूड़े में लगी आग

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ में बस स्टैंड चौकी के पास आदर्श सब्जी



मंडी के पीछे स्थित कूड़े के ढेर में देर रात करीब 12.15 बजे अचानक आग लग गई। धीरे-धीरे आग ओर फैलनी शुरू हो गई थी जिससे आसपास के लोगों ने देखा। आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचित किया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। थाना प्रभारी समेत चावला कॉलोनी चौकी इंचार्ज और बस स्टैंड चौकी इंचार्ज चमन मौके पर मौजूद रहे। आग लगने से कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ, यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बढ़ा हादसा हो सकता था।

# छुपे रुस्तम निकले नन्हें उस्ताद, दीक्षांत समारोह में जमकर किया धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जाने-माने काल्पनिक पटकथा लेखक , निर्माता, निर्देशक तथा डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता, कवि, कहानी संग्रह (कश्मीरी) के लेखक फैयाज दिलबर ने कहा है कि अभिभावक अपने बच्चों का बचपन न छीने, बल्कि उन्हें अपने तरीके से बचपन को बिंदास होकर जीने दें। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों को अपनी मातृभाषा सिखाने की सलाह दी। सैयद दिलबर यहां इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार ने 2 अप्रैल को अपनी फाउंडेशन कक्षाओं (कक्षा द्वितीय) के लिए दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम नेहरू नगर में आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर सजे-धजे बच्चों ने अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाते हुए बीसवीं सदी के दूरदर्शन के मुख्य कार्यक्रम चित्रहार पर आधारित सुपर हिट गानों का कार्यक्रम में अपने अभिनय के माध्यम से सजीवता से प्रस्तुत कर दर्शकों को वास्तव में चित्रहार के युग में पहुंचा दिया।

## इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार ने मनाया दीक्षांत समारोह




### नन्हें-मुन्नों बच्चों ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी

बच्चों ने नृत्य एवं अभिनय के माध्यम से उन गानों की हू-ब-हू नकल कर तथा बीच-बीच में आने वाले विज्ञापनों को भी नृत्य, संगीत एवं विज्ञापनों से सजे इस चित्रहार के बीच-बीच में प्रदर्शित कर दिखा दिया कि वे किसी से कम नहीं हैं, बल्कि छुपेरुस्तम है। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्रता एवं सकारात्मकता के प्रतीक पारंपरिक दीप प्रज्वलन तथा आकर्षक पोशाकों में सजे-धजे नन्हे -मुन्नों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति के साथ किया गया। इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल इंदिरापुरम के प्रधानाचार्य आशीष मित्तल, एवं गुरिंदर सिंह, विद्यालय सचिव प्रियंक जोशी,उप सचिव अमित सिंहा , निदेशक पंकज जोशी लका विद्यालय प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय, उप प्रधानाचार्या श्रीमती कल्पना सीजो, वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती श्रद्धा सिंह, फाऊंडेशनल इंचार्ज रेखा बिष्ट तथा फाऊंडेशनल कोऑर्डिनेटर बिंदिया चड्ढा ने सम्मान किया गया।

### यह लोग उपस्थित रहे

विद्यालय प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के आगमन के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए विद्यालय उपलब्धियों को दर्शाती हुई वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय से जुड़े अनुभव साझा किए। यह कार्यक्रम एक्टिविटी इंचार्ज पारुल गौर के दिशा निर्देश संपन्न हुआ था। फाउंडेशनल इंचार्ज श्रीमती रेखा बिष्ट ने कार्यक्रम धन्यवाद प्रेषित किया। अंत मे राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम के समापन हुआ।

### वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविर में जुड़े मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

# लोगों की समस्या व आवश्यकता अनुसार जनहित में नई नीतियों को भी करेंगे लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी जिलों में चल रहे समाधान शिविरों की आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने समाधान शिविर में उपस्थित अधिकारियों और शिकायतकर्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुनकर मौजूद अधिकारियों को उनका जल्द से जल्द निवारण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार जनता की सेवा के प्रति पूर्णतया प्रतिबद्ध है। समाधान शिविरों के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर जनता की शिकायत जिला लेवल की है तो उनका तुरंत समाधान किया जाए और यदि जिला स्तर पर किसी समस्या का हल नहीं होता, तो उसे मुख्यालय तक भेजा जाए ताकि समस्या को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर जनकल्याण के लिए नई नीतियों को भी लागू किया जा सके। वीडियो कांफ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त विक्रम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपमंडल स्तर के अधिकारी अपने कार्यालय में अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर समाधान शिविर में उपस्थिति सुनिश्चित करें। चुनाव के कारण लंबित शिकायतों पर भी तुरंत संज्ञान लें। सुनिश्चित करें कि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इसके साथ ही सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों का भी निपटान कर उपायुक्त कार्यालय में स्टेट रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीसी ने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराना हमारी प्राथमिकता है। समाधान शिविर का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद को बढ़ावा देना हैए जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जा सके। इसके अलावा कोई भी सीएम विंडो पर लंबित शिकायत नहीं रहनी चाहिए और रोजाना चल रहे समाधान शिविर में आई शिकायतों का यथा संभव समाधान उसी समय किया जाए।

### शिविर में शिकायतों का विवरण भी लिया

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे हर कार्य दिवस आयोजित होने वाले समाधान शिविर में उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतों का मौके पर निपटारा करें। शिविर में डीसी ने समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का विवरण भी लिया। इसमें प्रमुख रूप से प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड से संबंधित मामले मिले। शिकायतों के निवारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी व टीम शिविर में तुरंत समाधान करने के निर्देश जारी कर उन्होंने शिकायतकर्ताओं से कहा कि शिकायत का निवारण न होने पर सक्षम अधिकारी के संज्ञान में मामला जरूर लेकर आएं। इससे मामलों के निष्पादन में तेजी आती है। जनहित के लिए प्रशासन का प्रत्येक अधिकारी तत्पर है।

### मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष बने विमल खंडेलवाल

# सभी युवाओं को समाज के साथ जोड़ना हमारी प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच दिल्ली प्रांत के नवनिर्वाचित युवा अध्यक्ष विमल खंडेलवाल को विधिवत रूप से अध्यक्ष पद की पिन लगाकर युवा भवन के प्रांतीय कार्यालय साहिबाबाद में कार्यभार सौंपा गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मंच के राष्ट्रीय, प्रांतीय और शाखाओं के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने युवा विमल खंडेलवाल को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर भव्य स्वागत किया गया।

अपनी नई जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए युवा विमल खंडेलवाल ने कहा कि मेरी प्राथमिकता दिल्ली एनसीआर एवं हरियाणा प्रदेश में मारवाड़ी युवा मंच की नई शाखाओं का गठन करना और समाज के अधिक से अधिक लोगों को इस संगठन से जोड़कर मानवता की सेवा को और अधिक विस्तार देना होगा। मंच के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा जो भी कार्य सौंपे जाएंगे, उन्हें पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए सभी युवा साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि समाज और मानवता के लिए हम सभी मिलकर समर्पित भाव से कार्य करेंगे और मंच की प्रतिष्ठा को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मारवाड़ी युवा मंच, दिल्ली प्रांत के सभी सदस्यों ने युवा विमल खंडेलवाल के नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की आशा व्यक्त की और उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा सुरेश एम. जैन, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा सुरेंद्र भट्टड़, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा रवि अग्रवाल, युवा कपिल लखोटिया, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा दिनेश चांडक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा विकास अग्रवाल, वर्तमान दिल्ली प्रांतीय अध्यक्ष युवा मुकेश बोथरा, फरीदाबाद शाखा के पूर्व अध्यक्ष युवा कमल गुप्ता, युवा संजीव जैन, युवा योगेश तिवारी, युवा मधुसूदन माटोलिया, युवा सतीश डालमिया, उपाध्यक्ष युवा मोहित सराफ सहित मंच के अन्य सम्माननीय पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# गैर कानूनी तरीके से गर्भपात पर सख्त कार्रवाई करेगा प्रशासन, समाज करे सहयोग: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

टीबी मुक्त अभियान के द्वारा प्रदेश सहित देश को भी टीबी मुक्त बनाना है और यह तभी संभव होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग इस अभियान में जुड़कर अपना सहयोग करें।

यह बात उपायुक्त विक्रम सिंह ने गुरुवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में आयोजित टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम में कही। टीबी मुक्त पंचायत



कार्यक्रम में जिला फरीदाबाद की टीबी मुक्त पंचायतों को पुरस्कृत किया गया जिनमें ग्राम पंचायत जुन्हैड़ा, भटपुरा और खेड़ा को टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए रजत पदक और साथ ही 42 ग्राम पंचायतों को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया। डीसी विक्रम सिंह ने सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों की प्रशंसा करते हुए आगे भी टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम में अपना योगदान देने के लिए कहा और सभी ग्राम सरपंचों से नशा मुक्त हरियाणा अभियान में अपने गांवों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांवों में नशे के विरुद्ध जागरूक बनें। किसी मामले में प्रशासनिक कार्रवाई की आवश्यकता पर तुरंत शिकायत दें इससे दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। 10 अप्रैल को जिला में आने वाली साइक्लोथोन 2.0 में ज्यादा से ज्यादा जुड़े साथ ही अपने ग्राम पंचायत की महिलाओं को भी इस साइकिल यात्रा यात्रा में जोड़े ताकि प्रदेश सरकार का नशे के खिलाफ यह संदेश हर वर्ग में जाए। सभी ग्राम सरपंचों को बताया कि प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन अवैध तरीके से होने वाले गर्भपात के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।

# कुलभूषण बने रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के मुख्य प्रवक्ता

### बोले- संगठन के कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा के तृतीय त्रिवार्षिक प्रतिनिधि अधिवेशन में कुलभूषण शर्मा को मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुलभूषण शर्मा ने बताया के रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा का त्रिवार्षिक प्रांतीय प्रतिनिधि अधिवेशन महेंद्रगढ़ में संपन्न हुआ जिसमें बाबूलाल यादव को राज्य प्रधान नियुक्त किया गया और शेष कार्यकारिणी में नियुक्तियों के साथ ही कुलभूषण शर्मा को मुख्य प्रवक्ता के तौर पर जिम्मेदारी सौंप गई है। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वह पहले भी रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा में मुख्य पदों पर रहते हुए अपनी सेवाएं देते रहे हैं और अब भी मुख्य प्रवक्ता के रूप में संगठन के कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रांतीय अधिवेशन में केंद्रीय सरकार द्वारा पेंशनर्स की



मांगों पर खुलकर बातचीत हुई। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा वित्त विधेयक के साथ-साथ पेंशन विधेयक में तब्दीली लाने संबंधी गुपचुप तरीके से बिल पारित करने की घोर निंदा की गई। इस संबंध में सरकार से स्पष्टीकरण मांगा गया कि आखिर इस बिल के तहत सरकार क्या करना चाहती है। जबकि लोगों में यह भ्रांतियां फैल रही है कि इस बिल के माध्यम से सरकार पेंशन भोगी कर्मचारियों की पेंशन को फ्रीज करना चाहती है ताकि भविष्य में आने वाले किसी भी वेतन आयोग का लाभ 2026 से पहले रिटायर्ड कर्मचारियों को न मिल पाए। जबकि यह उनका मौलिक अधिकार है जिसे किसी कीमत पर सरकार छीन नहीं सकती। उन्होंने कहा कि सांसदों और विधायकों की 24 प्रतिशत सैलरी बढ़ाने वाली सरकार कर्मचारियों की 2 प्रतिशत डीए बढ़ोतरी करके अपनी पीठ थपथपाती है। वहीं उसके लिए उन्हें 6 महीने इंतजार करना पड़ता है। वेतन आयोग के लिए तो 10 वर्ष से ऊपर इंतजार करना पड़ता है। जबकि विधायकों और सांसदों के लिए ऐसी कोई कंडीशन नहीं। हर 5 वर्ष के बाद बिना कोई बिल पारित किए, बिना कोई प्रस्ताव पारित किए विधायकों और सांसदों का वेतन स्वयं में भेजे थपथपा कर बढ़ जाया करेगा। यह विधेयक भाजपा सरकार में पारित किया गया था। इससे पता चलता है कि वर्तमान सरकार कर्मचारियों के हित में कितनी सोचती है ।

### महिलाओं के खिलाफ अपराध के विभिन्न मुद्दों को लेकर महिला आयोग और पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित

# हर अभिभावक अपनी बेटी को शिक्षित कर बनाएं आत्मनिर्भर : रेणु भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेणु भाटिया ने वीरवार को जिला फरीदाबाद के एसीपी और सभी महिला थानों की एसएचओ के साथ बैठक कर महिला विरुद्ध अपराधों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही मीडिया के माध्यम से सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि वह अपनी बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दें। इससे समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने के साथ ही बेटियों को जागरूक बनाने में मदद मिलेगी।

महिला आयोग की चेयरपर्सन




रेणु भाटिया ने कहा कि महिला आयोग का कार्य पुलिस विभाग से जुड़ा हुआ है।

आयोग की ओर से सुलझाए जाने वाले मामलों पर पुलिस विभाग की पूर्ण भागीदारी होती है। पुलिस की कार्रवाई के लिए लोगों में भय भी बना रहता है। ऐसे में महिला आयोग और पुलिस विभाग कई अभियान पर साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। इससे जन समस्या सुलझाने के साथ आमजन को जागरूक करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट करते हुए कहा कि जन हित में कोई मामला लंबित न रहे। जिले के विचाराधीन मामले पर जल्द से जल्द निपटारा कर रिपोर्ट महिला आयोग को भेजे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए महिला आयोग निरंतर कार्य कर रहा है और आयोग की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लंबित मामले का हल निकाला जाए। उन्होंने कहा कि आयोग का शुरू से ही प्रयास रहा है कि महिला उत्पीड़न से संबंधित सभी मामलों का शत प्रतिशत निदान निकाला जाए। इसी कड़ी में आयोग की ओर से पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकों का दौर जारी है। इससे आयोग और पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय बनाकर काम करने में मदद मिलेगी।

### मांगों को सरकार के समक्ष ले जाने और बजट में अमल करने में निभाई थी अहम भूमिका

# आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने राज्यमंत्री नागर का किया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आईएमटी में एक कंपनी में सामाजिक संस्था के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे हरियाणा के राज्यमंत्री राजेश नागर का फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। राजेश नागर हरियाणा सरकार द्वारा आम बजट पेश होने के बाद पहली बार आईएमटी में पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका बुके द्वारा स्वागत करते हुए धन्यवाद किया।

गौरतलब है की आम बजट 2025 में हरियाणा सरकार के मुखिया सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा उद्योग जगत के लिए कई लंबित पड़ी मांगों में से कुल 6 मुख्य मांगों को मान कर




इंडस्ट्रीज को बहुत बड़ी राहत दी थी। इन मांगों को फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने सभी औद्योगिक इकाइयों के साथ मिलकर पिछले दिनों मुखिया सीएम नायब सिंह सैनी सहित केबिनेट मंत्री विपुल गोयल, उद्योग मंत्री राव नारबीर सिंह और राज्यमंत्री राजेश नागर के समक्ष रखने का काम किया था। हरियाणा के राज्यमंत्री राजेश नागर ने समय-समय पर एसोसिएशन की मांगों को सरकार के समक्ष ले जाने और बजट में उस पर अमल करवाने में अहम भूमिका निभाई थी। अब जब पहली बार आईएमटी में राज्यमंत्री राजेश नागर पहुंचे तो एसोसिएशन के प्रधान वीरभान शर्मा, महासचिव दीपक प्रशाद, पेट्रेन जीएस दहिया, पूर्व प्रधान कृष्ण कौशिक, योगराज गुप्ता, विनय कुमार रस्तोगी, दीपक यादव व योगेश बंसल ने उनका बुके द्वारा स्वागत किया।

प्रधान वीरभान शर्मा ने कहा कि उद्योगों की बातों को सीएम नायब सैनी तक पहुंचाने और उस पर कार्रवाई करवाने में राज्यमंत्री राजेश नागर का मुख्य रोल है।

हमें किसी भी उद्योग से जुड़ी समस्या को लेकर चंडीगढ़ में किसी भी मंत्री या अधिकारियों से मीटिंग करवानी हो या उद्योगों की कोई भी समस्या का निपटारा करना हो राज्यमंत्री राजेश नागर ने एसोसिएशन की मदद की है। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल एवं उद्योग मंत्री राव नारबीर सिंह के प्रयासों का भी एसोसिएशन के सभी सदस्य धन्यवाद करते है।

## 80 प्रतिशत किसानों ने दी सहमति, टीएसएस सर्वे हुआ पूर्ण

**गाजियाबाद।** यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो आने वाले समय में राज नगर एक्सटेंशन से गुजरने वाले लोगों को जाम से पूरी तरह निजात मिल जाएगी और वह अपने वाहनों में बिना रुके फर्राटे भर सकेंगे। जी हां गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) राजनगर एक्सटेंशन की यातायात व्यवस्था को स्मूथ बनाने के लिए गंभीर रूप से प्रयास कर रहा है। यहां के चार प्रमुख मार्गो का टी एसएस (टोटल स्टेशन सर्वे) का कार्य पूर्ण हो गया है और करीब 80 प्रतिशत किसानों ने भी इन प्रमुख मार्गो के निर्माण पर अपनी सहमति दे दी है। इस संबंध में जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स गंभीरता के साथ कार्य कर रहे हैं। कि जिन चार प्रमुख सड़कों का निर्माण होना है ।

### मुख्यमंत्री उड़न दस्ता का औचक निरीक्षण

# खाद्य विभाग ने नष्ट किया मिलावटी कुट्टू व सिंगांड़े का आटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नव रात्रों में कुट्टू व सिंगाड़े का आटा अधिक उपयोग किया जाता है तथा जिला पलवल व फरीदाबाद में विभिन्न स्थानों पर नवरात्रि वर्त के दौरान बेचे जा रहे कुटटु आटा में मिलावट किए जाने की संभावना है। इस संबध में नियमानुसार कार्यवाही कराने के लिए मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा दो अलग-अलग टीम गठित करके खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से सैंपलिंग कराई गई। जिला फरीदाबाद में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता द्वारा वीरेंद्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी फरीदाबाद के साथ मै. न्यू गोयल इंटरप्राईजेज नजदीक तेल मिल भूड़ कॉलोनी ओल्ड फरीदाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण उपरांत मौके पर खुले में रखे हुए 45 किग्रा कुट्टू व 40 किग्रा सिंघाड़े आटे की गुणवत्ता ठीक ना पाई जाने पर आटा नष्ट कराया गया।

## खबर संक्षेप

### सेक्युलर पार्टियों का पर्दाफाश, जेडीयू हुई भाजपा



**पटना।** वक्फ बिल पर नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के समर्थन देने पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने हमला बोला है। उन्होने कहा कि जदयू अब जदयू नहीं रही। वह भाजपा हो चुकी है। जो लोग जेडीयू को चला रहे हैं, वह भाजपा से हाथ मिला चुके हैं। जो समाजवादी लोग बचे हैं। हम उनसे कहेंगे कि वह इस पर कड़ा स्टैंड लें। कहा कि हम लोगों ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर दोनों सदनों में कड़ा विरोध किया है।

### उप जिलाधिकारी के आवास में मिला होमगार्ड का शव



**अमेठी।** गौरीगंज क्षेत्र में उप जिलाधिकारी के आवास परिसर में एक कमरे से होमगार्ड का शव बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि तहसील कैंपस स्थित उप जिलाधिकारी (न्यायिक) के आवास परिसर में एक कमरे से होमगार्ड जवान राज किशोर का शव बरामद हुआ।

### गैस सिलिंडर से झोपड़ी में लगी आग, 2 की मौत



**बदायूं।** यहां कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव जिंसी नगला में गुरुवार दोपहर करीब दो बजे झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। आग की लपटें उठीं तो चीख-पुकार मच गई। सैकड़ों लोग मौके पर आ गए और आग को बुझाने लगे। बमुश्किल आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक झोपड़ी में सो रहे ममेरे-फुफेरे दो भाई जिंदा जल गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला

---

**ईद के बाद बदल लिया मजहब**

# देवबंद का मुस्लिम कश्यप परिवार 50 साल बाद बना हिंदू

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर



कस्बा देवबंद के रहने वाले कश्यप मुस्लिम परिवार के 10 सदस्यों ने सनातन धर्म में वापसी की है। योग साधना यशवीर आश्रम बघरा में उन्होंने शुद्धिकरण यज्ञ में आहुतियां देकर सनातन संस्कृति को सर्वश्रेष्ठ बताया। साथ ही कहा कि पूर्वजों पर इस्लामिक अत्याचार हुए। अब घर वापसी से बेहद खुशी हो रही है।

योग साधना यशवीर आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने बताया कि देवबंद के रहने वाली मुस्लिम कश्यप राजकुमारी कश्यप (फैमिदा) समेत तीन बहनों ने 50 साल पहले किसी कारणवश इस्लाम धर्म कबूल कर लिया था। उक्त परिवार ने सनातन धर्म में वापसी की इच्छा जताई थी। परिवार ने श्रद्धा और आस्था के शुद्धिकरण यज्ञ में घी और सामग्री की आहुति दी।

---

# जुलूस के कारण बिजली काटे जाने पर भड़का हाईकोर्ट

## हेमंत सोरेन सरकार से मांगा जवाब

रांची में त्योहारों में निकाले जाने वाले जुलूस के कारण दस-दस घंटे बिजली काटे जाने पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट ने स्वत: सज्ञान लिया है। कोर्ट ने जवाब के लिए 9 अप्रैल तक का समय दिया है।

एजेंसी ▶▶ रांची



यहां त्योहारों में निकाले जाने वाले जुलूस के कारण दस-दस घंटे बिजली काटे जाने पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः सज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार और बिजली विभाग से जवाब तलब किया है। अदालत ने दोनों से यह बताने को कहा है कि किस नियम के तहत जुलूस निकाले जाने पर दस-दस घंटे बिजली काटी जा रही है। बिजली काटे जाने के बाद आमलोगों को जो परेशानी होती है उससे निजात दिलाने के लिए क्या वैकल्पिक उपाए किए जाते हैं। अदालत ने सभी बिंदुओं पर नौ अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि सरहुल और रामनवमी के दिन निकाले जाने वाली शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए बिजली काट दी जाती है। सभी मार्ग के जुलूस जब लौट जाते हैं तब बिजली की आपूर्ति की जाती है। एक अप्रैल को सरहुल की शोभायात्रा के लिए दस घंटे से अधिक बिजली काटी गई थी। 6 अप्रैल को रामनमवी जुलूस के दौरान भी बिजली काटे जाने की घोषणा की गई है।

---

**महाकुंभ की जमीन पर भी वक्फ ने किया था दावा**

# योगी की चेतावनी- भू माफिया बन गया वक्फ बोर्ड, यूपी में माफियागीरी नहीं चलेगी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज गुह्य की जयंती के अवसर पर एक समारोह में भाग लिया। उन्होंने भगवान राम और निषादराज की प्रसिद्ध मित्रता का स्मरण करते हुए वर्तमान में निषादराज पार्टी और भाजपा के बीच के गठबंधन की तुलना की।

सीएम योगी ने प्रयागराज में जनता से कहा कि देख रहे हो- जगह-जगह शहरों में वक्फ के नाम पर कब्जे किए गए। यहां पर भी निषादराज की पौराणिक भूमि पर कब्जा किया गया। हम पीएम मोदी आ आभार व्यक्त करते हैं। जिस समय हम महाकुंभ का आयोजन करने जा रहे थे, उस समय वो बयान दे रहे थे कि प्रयागराज में कुंभ की भूमि भी वक्फ की भूमि है। ये माफिया बोर्ड (वक्फ बोर्ड) उत्तर प्रदेश में नहीं चल सकता। हम लोगों ने वक्फ माफिया, भू माफियाओं को उत्तर प्रदेश से खदेड़ दिया है।

वक्फ बोर्ड बिल के लिए मोदी और शाह की सराहना की

579 करोड़ रुपए की 181 परियोजनाओं की सौगात दी



### राज्य अवैध दावों को बर्दाश्त नहीं करेगा

योगी ने कहा कि 'हम प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आभारी हैं कि उन्होंने वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम लगाई है। इस मुद्दे को हल करने वाला एक महत्वपूर्ण विधेयक पहले ही लोकसभा में पारित हो चुका है और अब इसे राज्यसभा में भी पारित किया जाएगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक बुधवार को लोकसभा में पारित हो गया और बृहस्पतिवार को राज्यसभा में प्रस्तुत किया गया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य अब अवैध दावों को बर्दाश्त नहीं करेगा और राष्ट्रीय हित को पहले स्थान पर रखना होगा। उन्होंने कहा कि 'जो लोग राष्ट्र के प्रति वफादार हैं, वे हमेशा अपना रास्ता खोज लेंगे।

### विपक्ष पर निशाना और विकास का वादा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर प्रयागराज के ऐतिहासिक महत्व को अनदेखा करने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी सरकार प्रयागराज के पौराणिक गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने भूमि माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया और वक्फ संशोधन विधेयक के माध्यम से प्रयागराज के धार्मिक स्थलों की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि अब यहां अपराध सहन नहीं किया जाएगा और सरकार शून्य सहनशीलता की नीति के साथ काम कर रही है।

### श्रृंगवेरपुर धाम में विद्युत शवदाह गृह बने

उन्होंने कहा कि नाविकों ने महाकुम्भ मेले में बहुत पैसा कमाया जिसने जिस भाव से कामना की उसे उसकी प्राप्ति हुई। सीएम योगी ने प्रयागराज को 580 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कहा पहले की सरकारें प्रयागराज की पहचान को छिपाती थी। यहां पर भी वक्फ के नाम पर कब्जा किया गया है। महाकुंभ में भी कहा था कि यह वक्फ की भूमि है। सीएम ने पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पारित किया है। आज यह बिल राज्यसभा में भी पास हो जाएगा।

---

**बिहार के राज्यपाल ने कही बड़ी बात**

# कोई काम नहीं कर रहा वक्फ बोर्ड, संशोधन जरूरी

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़



बिहार के राजयपाल आरिफ मोहम्मद ने वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन किया है। साथ ही वक्फ बोर्ड के कार्यों पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड मंत्री रहते मुकदमे के अलवा कुछ न देखा था। कोई काम नहीं होता था वहां।

उन्होंने मीडिया से कहा कि वर्ष 1986 में मुस्लिम वीमेन्स प्रोटेक्शन एक्ट पास हुआ था। इसमें प्रावधान था कि यदि तलाकशुदा महिला की देखरेख करने वाला कोई न हो तो उसे वक्फ बोर्ड महाना भत्ता देगा। इसके दो साल बाद संसद में प्रश्न किया कि तलाकशुदा महिलाओं को भत्ता देने के लिए कितनी राशि का प्रविधान किया?

### ज्ञान है देश की संस्कृति

जवाब आया कि किसी को एक पैसा नहीं दिया। तो पैसा कहां गया? बोर्ड की इतनी सम्पत्ति, फिर भी भत्ता, वेतन तक देने को पैसा नहीं? कहीं न कहीं गड़बड़ है। ऐसे में सुधार बहुत जरूरी है। इससे पहले उन्होंने दीक्षा समारोह में कहा कि भारत का मर्म ज्ञान है। ज्ञान देश की संस्कृति है। ये ज्ञान का देश है।

## राहुल गांधी मानहानि केस में गवाह के न आने से कोर्ट में फिर टली सुनवाई

*सुल्तानपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में गुरुवार को एक बार फिर सुनवाई टल गई। एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई के दौरान परिवादी पक्ष की ओर से गवाह पेश नहीं किया जा सका जिसके चलते अब अगली सुनवाई की तिथि 15 अप्रैल तय की गई है। गौरतलब है कि भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 2018 में राहुल गांधी के खिलाफ यह मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने एक अभद्र टिप्पणी की थी जिससे वे आहत हुए।*



---

## पेज एक का शेष

### 'रणनीतिक साझेदारी'...

आतंकवाद, धनशोधन, पर्यटन, संस्कृति) पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही दोनों शीर्ष नेताओं ने भारत-थाईलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के रूप में बदलने का निर्णय लिया है। बैठक के बाद इस पर एक संयुक्त घोषणापत्र जारी किया गया। साथ ही डिजिटल तकनीक, एमएसएमई, हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट्स में सहयोग के लिए 5 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया, बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने बीते 28 मार्च को थाईलैंड में आए विनाशकारी भूकंप में हुई जनहानि के लिए भारत के लोगों की तरफ से संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने संबंधों के बदलते स्वरूप की घोषणा की और चीन का नाम लिए बगैर कहा कि भारत-थाईलैंड हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक खुली हुई, स्वतंत्र, समावेशी और नियम आधारित व्यवस्था के पूर्ण समर्थक हैं। साथ ही हम विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद की नीति के पक्ष में हैं।

**देखी थाई रामायण रामकियेन:** बैंकॉक पहुंचने पर प्रधानमंत्री का रेड-कार्पेट स्वागत किया गया। उन्होंने थाई रामायण रामकियेन का आकर्षक प्रदर्शन देखा। पीएम ने एक्स पर लिखा, एक ऐसा सांस्कृतिक जुड़ाव जो किसी और से नहीं मिलता। थाई रामायण का यह प्रदर्शन वास्तव में समृद्ध अनुभव था। जिसने दोनों देशों के बीच साझा सांस्कृतिक, सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। रामायण वास्तव में एशिया के इतने सारे हिस्सों में दिलों-परंपराओं को जोड़ती है।

**पीएम ने सराहा थाईलैंड का सहयोग:** प्रधानमंत्री मोदी ने साइबर अपराध के शिकार भारतीयों को वापस भेजने में थाईलैंड की सरकार से मिले सहयोग के लिए पीएम शिनावात्रा के प्रति आभार प्रकट किया। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि भारत और थाईलैंड की एजेंसियां मानव तस्करी और अवैध प्रवासन के खिलाफ एकजुटता से काम करेंगी। बैठक में भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बल दिया है। व्यापार, निवेश और उद्योगों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने पर हम सहमत हुए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल तकनीक, ई-व्हीकल, रोबोटिक्स, स्पेस, जैव तकनीक और स्टार्टअप में सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। फिजीकल और फिनटेक कनेक्टिविटी बढ़ाने पर काम किया जाएगा।

**सहयोग बढ़ाने का अहम मंच बिम्सटेक:** यात्रा पर रवाना होते वक्त प्रधानमंत्री ने कहा, बीते दशक में बिम्सटेक बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के क्षेत्रीय विकास, संपर्क और आर्थिक प्रगति को प्रोत्साहन देने के लिए एक अहम मंच के रूप में उभरा है। भारत का उत्तर पूर्वी भाग मंच के केंद्रीय भाग में है। मैं बिम्सटेक देशों के नेताओं से मिलने और हमारे लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए सहयोग को और मजबूत करने के लिए सार्थक रूप से जुड़ने के लिए उत्सुक हूं। थाईलैंड के बाद मैं 4 से 6 अप्रैल तक श्रीलंका की यात्रा पर जाऊंगा। हमें साझा भविष्य के लिए साझेदारी को प्रोत्साहन देने के संयुक्त दृष्टिकोण पर हुई प्रगति की समीक्षा करने, साझा उद्देश्यों को साकार करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने का अवसर मिलेगा।

### हल्ला, हंगामा, नारेबाजी...

पेश करना चाहिए, न कि हंगामे या व्यक्तिगत टिप्पणियों के जरिए। उनका ये बयान उस वक्त आया जब विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू किया और कुछ ने पीएम के खिलाफ तीखी टिप्पणियां करने की कोशिश की। धनखड़ ने विपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी हरकतें सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस सलाह के बाद भी विपक्ष का एक धड़ा असंतुष्ट दिखा, जिसके चलते वॉकआउट जैसी स्थिति बनी। सभापति की सलाह थी—आरोप लगाने से पहले सबूत लाएं, व्यक्तिगत हमले न करें, और संसदीय मर्यादा का पालन करें। विपक्ष का आरोप था कि विपक्षी नेताओं पर बिना तथ्य के कुछ भी आरोप लगाये जा रहे हैं उस पर भी सभापति को ऐसी टिप्पणी करनी चाहिए।

### कैंसिल्ड चेक अपलोड ...

बनाने की जानकारी दी है। पेंशन नियामक के इस कदम से लगभग आठ करोड़ ईपीएफओ सदस्यों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया आसान हो जाएगी। ईपीएफओ के अनुसार शुरू में कुछ केवाईसी-अपडेट किए गए सदस्यों के लिए पायलट आधार पर यह छूट दी गई थी। 28 मई 2024 को पायलट लॉन्च के बाद से पहले ही 1.7 करोड़ ईपीएफ सदस्यों को लाभ मिल चुका है। मंत्रालय ने कहा कि सफल पायलट के बाद, ईपीएफओ ने अब सभी सदस्यों को यह छूट दे दी है। वर्तमान में प्रत्येक माह अंशदान करने वाले 7.74 करोड़ सदस्यों में से 4.83 करोड़ सदस्यों ने अपने बैंक खातों को यूएएन से जोड़ लिया है तथा 14.95 लाख स्वीकृतियां नियोक्ताओं के स्तर पर लंबित हैं।

### सफाई करने कुए ...

रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही। गांव के चौक में स्थित कुए में दलदल और कचरा होने से जहरीली गैस से यह हादसा होने की बात कही जा रही है। मौके पर एसपी मनोज राय, एसडीएम बजरंग बहादुर सिंह और छैगांवमाखन पुलिस पहुंची। कुए में गैस का प्रभाव कम करने के लिए पानी डाला गया। पंधाना विधायक छाया मोरे ने भी गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

**कैसे हुआ हादसा ?:** गुरुवार दोपहर के वक्त कुछ लोग कुए में सफाई के लिए उतरे थे, लेकिन शाम तक बाहर नहीं निकले। गांव के लोग जब उन्हें देखने पहुंचे, तो उन्हें कुए में कोई हलचल नहीं दिखी, जिसके बाद घटना की जानकारी प्रशासन को दी गई। जिस कुए में हादसा हुआ उसके किनारे एक नाली निकलती है, इसके जरिए गांव का गंदा पानी उसमें जाता है। जिससे कुआं दलदल में तब्दील हो गया है।

### हरियाणा में किसानों और...

को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। अटल श्रमिक किसान कैंटीन में किसानों और मजदूरों को मात्र 10 रुपये प्रति थाली की रियायती दर पर स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में पूरे राज्य में विभिन्न स्थानों पर 175 सब्सिडी वाले खाद्य कैंटीन संचालित हैं। इनमें श्रम विभाग की 115, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (एचएसएएमबी) की 53 और चीनी मिलों की 7 कैंटीन शामिल हैं। इन कैंटीनों का प्रबंधन महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों द्वारा किया जाता है, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है। 200 नई अटल श्रमिक किसान कैंटीनों की स्थापना के साथ प्रदेश में इनकी संख्या बढ़कर 375 हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन कैंटीनों के लिए स्थानों की पहचान करने का काम जल्द से जल्द शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से राज्य में कुल 600 ऐसी कैंटीन खोलने का लक्ष्य रखा गया है। सैनी ने हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) को राज्यभर में अपने सभी इंडस्ट्रीयल एस्टेटों में सब्सिडी वाले खाद्य कैंटीन स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रमिकों को सस्ती दरों पर पौष्टिक भोजन मिल सके। मुख्यमंत्री ने यह भी प्रस्ताव दिया कि इन कैंटीनों के लिए बुनियादी ढांचे को कंपनियों की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों के माध्यम से विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कई बड़ी कंपनियों ने इस पहल में योगदान देने में रुचि दिखाई है।

### 26 प्रतिशत टैरिफ लगने...

फार्मा, मेडिकल डिवाइस बनाने वाली कंपनियां और ऑटो इंडस्ट्री शामिल है। कुमारी सैलजा ने कहा है कि इन सेक्टर्स में उच्च शुल्क अंतर के कारण अमेरिकी प्रशासन से अतिरिक्त सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है (उच्च शुल्क अंतर किसी उत्पाद पर अमेरिका और भारत द्वारा लगाए गए आयात शुल्कों के बीच का अंतर है)। क्योंकि व्यापक क्षेत्र स्तर पर, भारत और अमेरिका के बीच संभावित शुल्क अंतर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग है।

कुमारी सैलजा ने कहा है कि 18.149 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के दुग्ध उत्पादों के निर्यात पर 38.23 प्रतिशत के अंतर का ''गंभीर'' असर पड़ सकता है, जिससे घी, मक्खन और दूध पाउडर महंगे हो जाएंगे और अमेरिका में उनकी बाजार हिस्सेदारी कम हो जाएगी। देश की ऑटो इंडस्ट्री पर ट्रंप के टैरिफ का ज्यादा असर होगा क्योंकि उनका काफी बिजनेस नॉर्थ अमेरिका से आता है। इसके अलावा, औद्योगिक वस्तुओं के क्षेत्र में अमेरिकी टैरिफ से औषधि, आभूषण और इलेक्ट्रॉनिक सहित कई क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं. जिससे आभूषणों की कीमतें बढ़ेंगी व प्रतिस्पर्धा कम होगी।

### सुप्रीम कोर्ट के सभी...

न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति की घोषणा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष करनी होती थी। 2009 के एक निर्णय में न्यायालय की वेबसाइट पर संपत्ति घोषणा के स्वैच्छिक प्रकाशन की अनुमति दी गई थी, लेकिन सभी न्यायाधीशों ने ऐसा करने का विकल्प नहीं चुना। जिन न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति की घोषणा कर दी है, उनमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी शामिल हैं। घोषणाओं का पूरा सेट सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

जस्टिस यशवंत वर्मा मामले के बाद उठाया कदमः सुप्रीम कोर्ट ने यह कदम जस्टिस यशवंत वर्मा मामले के बाद उठाया है। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना के बाद कथित तौर पर नकदी की जली हुई गड्डियां मिली थीं। विवाद के बाद उनका तबादला इलाहाबाद उच्च न्यायालय में कर दिया गया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि उनका तबादला नकदी मिलने के विवाद से संबंधित नहीं था।

### लोकसभा में चीन के ...

भी सदन में उठाया और जानना चाहा कि इस पर सरकार का क्या रुख है? यहां बता दें कि राहुल गांधी के चीन को लेकर दिए गए बयान का संबंध बीते दिनों विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और चीन के राजदूत शू फेइहोंग के बीच दोनों देशों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर चीन के दूतावास में जश्न मनाने के लिए एक साथ केक काटने की एक गतिविधि से जुड़ा हुआ है।

**हर विदेशी के सामने झुकती सरकार:** राहुल ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह हर विदेशी के सामने अपना सिर झुकाती है। यह उनके इतिहास का हिस्सा है, हम जानते हैं। लेकिन इनकी तुलना में एक बार किसी ने इंदिरा गांधी से विदेश नीति के मामले में पूछा था कि आप दाएं झुकती हैं या बाएं। तो जवाब में उन्होंने कहा कि मैं दाएं या बाएं नहीं झुकती हूं। बल्कि मैं भारतीय हूं और सीधी खड़ी हूं। अपने भाषण में राहुल ने अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर लगाए गए 27 फीसदी आयात शुल्क (टैरिफ) का मामला उठाते हुए सरकार का रुख जानना चाहा कि वो इससे निपटने के लिए क्या कर रही है? साथ ही कहा कि टैरिफ से भारत का ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल और कृषि उद्योग घाटे में चले गए हैं। यह भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगा।

**अनुराग ने राहुल के चीनी सूप पीने पर कसा तंज:** भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा सरकार पर लगाए गए तमाम आरोप झूठे हैं। आप हिंदी-चीनी भाई-भाई कहते-कहते रह गए और चीन ने भारत की पीठ पर छुरा घोंपा और अक्साई चिन पर कब्जा कर लिया। उन्होंने राहुल गांधी की एक पूर्व मुलाकात पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा, डोकलाम की घटना के वक्त सेना के जवानों के साथ खड़े होने के बजाय चीन के राजदूत के साथ सूप कौन पी रहा था? नरेंद्र मोदी की सरकार ने डोकलाम के वक्त पर चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया था। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री सीमा पर जवानों के साथ खड़े थे। पीएम नरेंद्र मोदी के समय पर एक इंच भी जमीन चीन ने नहीं ली है। लेकिन कांग्रेस को यह बताना पड़ेगा कि राजीव गांधी फाउंडेशन ने पैसे क्यों लिए हैं?

**द्रमुक ने उठाया कच्चातिवु का मुद्दा:** शून्यकाल में ही द्रमुक के टी.आर.बालू ने कच्चातिवु द्वीप का मामला उठाते हुए सरकार से मांग की कि वो श्रीलंका से इस द्वीप लेने के लिए तत्काल कदम उठाए। तमिलनाडु की विधानसभा में इसे लेकर एक प्रस्ताव पारित किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा श्रीलंका को कच्चातिवु देना असंवैधानिक है। क्योंकि इसके लिए तमिलनाडु से कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया। जबकि द्वीप से जुड़े हुए समझौते में भारत सरकार के साथ ही तमिलनाडु भी एक पक्ष के रूप में शामिल रहा है। द्वीप को वापस लेने से भारतीय मछुआरों के हितों, अधिकारों की रक्षा हो सकेगी। उन्होंने कहा, ऐसा कोई निर्णय संसद की मंजूरी या संबंधित प्रदेश सरकार से विचार-विमर्श किए बिना नहीं लिया जा सकता है। बालू ने सदन में यह मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीलंका की आगामी यात्रा के संदर्भ में उठाया है।

---

**पटना में गजब का कांड**

# अपहरण करने वालों के साथ किडैनप होटल मालिक भी अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ पटना




बिहार की राजधानी पटना में पुलिस का सामना एक होटल मालिक के अपहरण के ऐसे मामले से हुआ है, जिसमें उसे किडनैपर के साथ-साथ अपहत को भी गिरफ्तार करना पड़ा। पुलिस ने पांच घंटे के अंदर किडनैपिंग में शामिल रहे अपराधियों को गिरफ्तार करके अगवा होटल संचालक को सकुशल बरामद कर लिया लेकिन उसके बाद पूछताछ से हवाला और फिरौती वसूली की जो बात निकली, उसने पुलिस को चौंका दिया। फिर पुलिस ने होटल संचालक को भी अरेस्ट कर लिया।

हवाला कारोबार में हिस्सा नहीं मिलने पर साथियों ने ही दानापुर के होटल संचालक पंकज कुमार को मंगलवार की रात अगवा कर लिया था। पुलिस ने कुछ घंटे के अंदर पंकज का अपहरण करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार आरोपियों में अनीसाबाद बल्लमीचक निवासी रीतिक कुमार, सत्यम कुमार, रवि कुमार, बैजू और गोरियाटोली के रहने वाले आशीष कुमार शामिल है।

पुलिस के मुताबिक गैंग के तार दुबई से जुड़े बताए जा रहे हैं इसलिए मामले की जांच अब आर्थिक अपराध यूनिट (ईओयू) को सौंपी दी गई है। शाहपुर के लोदीपुर चांदमारी के रहने वाले पंकज के दानापुर में कई होटल है। 1 अप्रैल की रात कुछ लोगों ने सगुना मोड़ से पंकज को किडनैप किया था। उससे फिरौती के रूप में दो लाख रुपए की मांग की जा रही थी।

---

**बिहार लैंड सर्वे में और राहत**

# जमीन के जो कागज हैं, अभी दे दें नहीं हैं तो इंतजाम करके जरूर दें

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार भूमि सर्वे को लेकर नीतीश सरकार ने रैयतों को बड़ी राहत दी है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने गुरुवार को भूमि सर्वे की समीक्षा के दौरान कहा, कि स्वघोषणा के साथ जमीन के सभी कागजात संलग्न करके देना जरूरी नहीं है। फिलहाल जमीन के जितने कागजात रैयत के पास उपलब्ध हैं, उतने ही संलग्न कर सकते हैं। बाकि के कागजात का इंतजाम किस्तवार और खानापुरी के समय तक कर लें। इस तरह बिहार के जमीन मालिक बेहतर ढंग से भूमि सर्वे में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

भूमि सर्वे की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वघोषणा की तिथि बढ़ाने की संभावना पर भी चर्चा की गई। तिथि बढ़ाने में आने वाली तकनीकी और विधिक कठिनाइयों पर भी विचार किया गया। अब तक राज्य में करीब 84 लाख लोग स्वघोषणा कर चुके हैं। जिसकी समय सीमा एक बार बढ़ाई जा चुकी है। बिहार में जमीन सर्वे का काम दिसंबर 2026 तक पूरा होना है। रैयतों के लिए स्वघोषणा का समयसीमा 31 मार्च तक तय की गई है।


अभी तक आम लोगों की शिकायतों की निगरानी नहीं हो पा रही थी। जिसके लिए विभाग ने ऑनलाइन कंप्लेन पोर्टल विकसित करने का निर्णय लिया है। इससे यह आसानी से पता चल सकेगा कि किसने शिकायत की और उनकी शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई। इस सुविधा की शुरुआत जल्द होगी।

स्पेशल: जू लवर्स-डे, 8 अप्रैल

रोचक / रजनी अरोड़ा

# अट्रैक्टिव-डिफरेंट-फेमस
# दुनिया के अमेजिंग जू

बच्चो, तुमने अपने शहर या किसी दूसरे शहर में स्थित जू यानी चिड़ियाघर को जरूर देखा होगा। वैसे तो दुनिया भर में लगभग दस हजार जू हैं। लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अपनी विशेषता के कारण बहुत फेमस हैं। यहां हम तुम्हें कुछ ऐसे ही अनोखे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं।

## वियना चिड़ियाघर

**इस चिड़ियाघर** का निर्माण ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1752 ई. में किया गया था। 'टियरगार्टन शॉनब्रून' नाम से मशहूर यह चिड़ियाघर पवित्र रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम ने स्थापित किया था। यह चिड़ियाघर वियना के प्रसिद्ध शॉनब्रून पैलेस के अंदर शाही परिवार के लिए एक निजी उद्यान के रूप में शुरू हुआ था। लगभग 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 18वीं सदी की ऐतिहासिक इमारतें और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां पांडा, पोलर बियर, शेर, बाघ, तेंदुआ जैसे अलग-अलग वातावरण में पाए जाने वाले जानवर देखने को मिलते हैं। दुनिया के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। *




## दार्जिलिंग चिड़ियाघर

**अपने ही** देश भारत में दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के बिर्च हिल इलाके में स्थित इस जू का निर्माण 1958 में किया गया था। 1975 में बंगाल की पूर्व गवर्नर और स्वाधीनता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू के नाम पर इस जू का नाम 'पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क' रखा गया। इसे 'दार्जिलिंग चिड़ियाघर' के नाम से भी जाना जाता है। यह 7,000 फीट की ऊंचाई पर 67.5 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस चिड़ियाघर में मुख्य रूप से अल्पाइन क्षेत्र में रहने वाले हिमालयी पशुओं को संरक्षित किया गया है। यहां 200 से अधिक पशु प्रजातियों में स्नो लेपर्ड, तिब्बती वुल्फ, लाल पांडा, साइबेरियन टाइगर, हिमालयी न्यूट, ब्लू शीप, हिल मोनाल, रिंग नैकेंड पीसेंट, ब्लड पीसेंट, ट्रैगोपैन जैसे लुप्तप्राय पशु-पक्षी भी हैं। यह चिड़ियाघर लाल पांडा के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। *

## बटरफ्लाई जू

**वर्ष** 1988 में बना फ्लोरिडा (अमेरिका) का बटरफ्लाई वर्ल्ड जू, दुनिया का सबसे बड़ा बटरफ्लाई चिड़ियाघर है। यहां करीब 5 हजार रंग-बिरंगी बटरफ्लाई हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही इस चिड़ियाघर में अमेरिका का सबसे बड़ा हमिंगबर्ड, लोरिकेट जैसी उष्णकटिबंधीय बर्ड्स का घर भी है। पर्यटक यहां इन बर्ड्स को खाना भी खिला सकते हैं। यहां के इंसेक्टेरियम में कई तरह के बग्स भी देखे जा सकते हैं। पॉपकॉर्न पार्क चिड़ियाघर 1977 में न्यू जर्सी (अमेरिका) में वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से यह चिड़ियाघर बनाया गया था। इसमें प्रायः बड़ी उम्र के बीमार, घायल या बेसहारा जानवरों को ही रखा जाता है। इनमें कुत्ते, बिल्लियों जैसे घरेलू जानवर ही नहीं, शेर, बाघ, हाथी, ऊंट, लामा, इमू, लोमड़ी, बंदर, हिरण, कछुए जैसे जानवर और कई तरह के पक्षी भी हैं। *




## चिड़ियाघर नहीं समुद्री गुफा

**बच्चो,** अमेरिका के ऑरिगन समुद्र तट पर स्थित केव्स ऑफ सी लॉयन, चिड़ियाघर नहीं, बल्कि एक समुद्री गुफा है। यह स्टेलर सी लॉयंस और अन्य समुद्री जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी समुद्री गुफा है। माना जाता है कि बेसाल्ट रॉक से बनी इन केव्स (गुफाओं) का निर्माण 25 मिलियन साल पहले हुआ था। आधुनिक काल में इसकी खोज 1880 में कैप्टन विलियम कॉक्स ने की थी। इस स्थान को स्थनीय लोगों और पर्यटकों के लिए 1932 में खोला गया। सी लॉयंस केव्स तकरीबन 12 मंजिला इमारत जितनी ऊंची और फुटबॉल मैदान की लंबाई जितनी बड़ी है। स्टेलर सी लॉयंस के अलावा यहां कैलिफोर्निया के सी लॉयंस, टफटिड पफिंस, बाल्ड ईगल आदि कई तरह के जंतु भी पाए जाते हैं। सी लॉयंस केव्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। *



## लोन पाइन कोआला सेंचुरी

**यह ऑस्ट्रेलिया** के क्वींसलैंड में 1927 में बना, दुनिया का पहला सबसे बड़ा और सबसे पुराना कोआला चिड़ियाघर है। 18 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 130 से अधिक कोआला हैं। यह चिड़ियाघर क्लार्कसन परिवार द्वारा लगाए गए पाइन के दो पेड़ों और जैक एंड जिल नामक दो कोआला से शुरू हुआ था। आज यहां कंगारू, तस्मानिया डेविल, पैरेट्स, काकातुआ, इमु, कैसोवरी, लौरिकेट, प्लेटीपस और कई तरह के सरीसृप भी पाए जाते हैं। इस चिड़ियाघर की खासियत है कि यहां आने वाले पर्यटक चाहें तो इन जानवरों को खाना भी खिला सकते हैं। *



जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चो, हर साल 6 अप्रैल को इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस डे मनाया जाता है। जानो, यह क्यों मनाया जाता है, इस वर्ष इसकी थीम क्या है?

# विकास-शांति-स्वास्थ्य के लिए
# हम भी खेलें-तुम भी खेलो

**ब**च्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि वर्ष में कई तिथियों को विशेष दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे 26 जनवरी को हम सब गणतंत्र दिवस मनाते हैं। 14 नवंबर को तुम बाल दिवस मनाते हो। अभी बीते 1 अप्रैल को तुमने फूल डे भी मनाया होगा। अच्छा क्या तुमको पता है कि हर वर्ष 6 अप्रैल को किस रूप में मनाया जाता है? नहीं पता? चलो हम तुम्हें बताते हैं। 6 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस' के रूप में मनाया जाता है। अर्थात विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस। तुम्हें पता होगा कि अपने देश में हर वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को खेलों का महत्व बताना है।

**इस वर्ष की थीम:** हमारे लिए विकास का बहुत महत्व है। विकास का मतलब है, पहले से बेहतर होना। शांति का भी उतना ही महत्व है। तो इन दोनों को ध्यान में रखकर ही 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की थीम 'लेवलिंग द प्लेइंग फील्ड: स्पोर्ट फॉर सोशल इनक्लुजन' निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है- सामाजिक समावेशन के लिए खेलकूद के समान अवसर बनाना। समावेशन का अर्थ होता है, हमारे समाज के सभी लोगों को शामिल करना। जैसे अलग-अलग रंग के, अलग-अलग आकार के, अलग-अलग सुगंध के फूल मिलकर बगिया को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही सभी तरह के लोगों को जब एक साथ शामिल किया जाएगा, तभी हमारा समाज सुंदर बनेगा। इसके लिए खेलकूद से बेहतर साधन क्या हो सकता है!

**आयोजक है ओलंपिक समिति:** तरह-तरह के खेल खेलने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है न! स्कूल में भी गेम्स पीरियड का तुम बेसब्री से इंतजार करते हो। छुट्टियों में तो अपने दोस्तों के साथ जमकर खेल का आनंद लेते ही हो। केवल बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी विभिन्न खेलों का खूब आनंद लेते हैं। तुम्हें पता है, दुनिया में खेलकूद का सबसे बड़ा आयोजन ओलंपिक होता है। इसका आयोजन करने वाली समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। हर देश में भी एक ओलंपिक समिति होती है, जो उस देश में खेलकूद को बढ़ावा देने का काम करती है।



**खेलों की महत्ता:** खेलकूद का समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें भेदभाव मिटाकर सभी को बराबर मौका मिलता है। खेलकूद के आयोजन में सभी क्षेत्र के, सभी वर्ग के, सभी धर्म के, सभी रंग के खिलाड़ी भाग लेते हैं। लोग आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुल कर खेलते हैं, इससे शांति का माहौल बनता है। जब माहौल शांति का होता है तो समाज और देश का विकास होता है। यही नहीं, खेलकूद से शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। तो तुम भी खेलकूद में जमकर हिस्सा लो और अपने शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाओ। *

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## बच्चों की आजादी

सजे-धजे स्कूल सभी हों,
खुशी-खुशी सब आएं।
टीचर जी से खुलकर बोलें,
मन की बात बताएं।
खेल-खेल में करें पढ़ाई,
करके सब कुछ सीखें।
विद्यालय की हरित वाटिका,
मिल-जुलकर हम सींचें।
डांट-डपट से दूर रहें हम,
बनें न कभी फसादी।
बात-बात पर शाबाशी हो,
कदम-कदम आजादी।




तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## कौवे की मजेदार शादी

**शा**दी-ब्याह का समारोह हो या कोई दावत, तुम उसमें खूब सज-धज कर जाते होगे, है न! इस रंगीन चित्रों वाली किताब 'कालू कौवे की शादी' में ऐसा ही एक किस्सा है, जिसमें एक कौवा अपनी शादी की खुशी में खूब सजा-धजा दिखना चाहता है। इसके लिए वह निकल पड़ता है, अपने दोस्तों से उनकी मदद मांगने। मोर से वह रंग-बिरंगे पंख उधार लेता है, मिट्ठू तोते से उसकी सुंदर लाल चोंच। उल्लू से आंखें और शुतुरमुर्ग से लंबे-लंबे पैर। अब यह सब पहनकर वह अनोखा बन जाता है। फिर निकल पड़ता है, अपनी बारात लेकर कौवी से शादी रचाने। लेकिन बाहर के मौसम और धूप से इस अनोखी बारात में सब उलट-पुलट हो जाता है। यह सब कैसे होता है और फिर अंत में क्या होता है, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। *




**किताब:** कालू कौवे की शादी, **लेखिका:** डॉ. कमलेश कुमारी,
**मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, **दिल्ली**



गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

घूमने की शौकीन चिल्ली बिल्ली एक दिन जंगल पहुंच गई। उस समय जंगल का राजा बाघ सैर पर था। उसके भेड़िए सैनिकों ने बिल्ली को धर दबोचा। वह बाघ राजा के सामने लाई गई। चिल्ली बिल्ली ने बहुत सूझ-बूझ से काम लिया। बाघ राजा के सामने उसने कुछ इस तरह बातें बनाईं कि वह चिल्ली बिल्ली को अपनी मौसी मान बैठा।

# बाघ की मौसी चिल्ली बिल्ली



**ए**क थी बिल्ली। नाम था चिल्ली। चिल्ली घूमने की बहुत शौकीन थी। दिन शुरू होते ही वह घूमने निकल पड़ती। पूरा दिन बस घूमना-फिरना। एक बार चिल्ली घूमते-घूमते जंगल में पहुंच गई। वहां उसे कुछ जानवर मिले। जंगल के रास्ते के बीचों-बीच चिल्ली को चलते हुए देख एक जानवर ने पूछा, 'कौन है तू? बीच रास्ते में क्यों चल रही है? इस जंगल का राजा बाघ सैर करने निकला है। वह तुझे बीच रास्ते में टहलते देखेगा तो गुस्साएगा।'

बिल्ली ने अपना सीना फुलाकर कहा, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। मैं तुम्हारे राजा बाघ से डरती-वरती नहीं।' यह कह बिल्ली आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे गई तो दो सैनिक भेड़िए मिले। बिल्ली को बीच रास्ते में चलती देख दोनों चिल्लाए, 'ओय तू है कौन? राजा जंगल में सैर करने निकले हैं और तू उनके रास्ते के बीच इस तरह घूम रही है? राजा देख लेगा तो तेरी खाल उधेड़ देगा।'

बिल्ली ने अपना सिर उठाया और रुआब से बोली, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। बाघ राजा होगा तुम्हारा। मैं उससे डरती-वरती नहीं हूं।'

इतने में जंगल का राजा बाघ वहां आ पहुंचा। सैनिक घबरा गए। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें? जंगल में सैर करने में बाधा आने से बाघ गुस्साया। जोर से गुर्राते हुए बोला, 'कौन है यह?'

बाघ को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर बिल्ली के होश उड़ गए, लेकिन उसने तुरंत ही अपने आपको संभाल लिया और एक तरकीब सोच ली।

सैनिकों ने झुक-झुक कर राजा को सलामी दी और बताया, 'हुजूर, यह कहती है- मैं तुम्हारे राजा से डरती-वरती नहीं हूं।'

बाघ ने लाल-लाल आंखों से बिल्ली की ओर देखा और सैनिकों को हुकुम दिया, 'इसे दरबार में ले आओ। मैं जंगल का दौरा पूरा कर वापस आता हूं, इसके बाद इससे निपटता हूं।'

सैनिकों ने बिल्ली को गिरफ्तार किया और राजा के दरबार में ले गए। थोड़ी देर बाद बाघ दरबार में आया। बिल्ली को बाघ के सामने लाया गया। बाघ ने दहाड़ कर पूछा, 'ओय बिल्ली, क्या तू मुझसे डरती नहीं?'

बिल्ली लापरवाही से अपने शरीर को पंजों से खुजलाते हुए बोली, 'नहीं, मैं तुमसे डरती नहीं हूं।'

बाघ और ज्यादा क्रोधित होकर बोला, 'तुझे पता है, मैं इस जंगल का राजा हूं?'

'होगा! इससे मुझे क्या? न तो मैं इस जंगल में रहती हूं और न ही तुम मेरे राजा हो। मैं तो तुम्हारे परिवार की सदस्य हूं। फिर मुझे तुमसे क्यों डरना चाहिए?' बिल्ली तिरछी नजर से बाघ की तरफ देखते हुए बोली।

'मेरे परिवार से मतलब..? बाघ को बात कुछ समझ में नहीं आई।

बिल्ली अपना मुंह फुलाकर बोली, 'बाघ राजा, क्या तुमको इतना भी पता नहीं? तुम्हारी मां और मैं दोनों बहने हैं।' बाघ चौंका। उसने बिल्ली को ध्यान से देखा और बोला, 'अरे जा! तू झूठ बोल रही है। कहां मेरी ताकतवर मां और कहां इतने छोटे कद वाली तू! तू तो मेरे बच्चे से भी छोटी है!'

'तुम्हारी बात सही है, बाघ जी! फिर भी हम दो बहनें हैं। तुम्हारी मां का शरीर ताकतवर, भयानक और बड़ा है और मैं इतनी छोटी हूं। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।' बिल्ली बाघ से बोली।

बाघ को बिल्ली की बातों में दिलचस्पी होने लगी। उसने पूछा, 'कौन सी कहानी..?'

बिल्ली ने कहानी बताई, 'मैं और तुम्हारी मां सगी बहनें हैं। तुम्हारी मां बड़ी और मैं छोटी। तुम्हारी मां जब बड़ी हो गई तो वह जंगल में चली आई। अच्छी-सी गुफा बनाई और उसमें रहने लगी। फिर वह जंगल के जानवरों का शिकार करके उनका मांस खाने लगी। उसका शरीर बढ़ता गया। इसलिए वह मोटी और ताकतवर बन गई।'

बाघ उसकी बात ध्यान से सुन रहा है या नहीं, यह देखने के लिए बिल्ली बोलते हुए थोड़ी देर रुक गई।

बाघ ने उत्सुकता से पूछा, 'फिर क्या हुआ?'

'हां... बताती हूं। तब मैं बहुत छोटी थी। एक बार मैं अकेली गुफा के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते मैं काफी दूर निकल गई। फिर गुफा में वापस जाने का रास्ता भूल गई। एक गांव में पहुंच गई। वहां जंगल का कोई भी जानवर नहीं दिखा तो मैं रोने लगी। इतने में राजू नाम का एक लड़का आया। उसने मेरे आंसू पोंछे, मेरा सिर सहलाया और अपने घर ले गया। उसने मुझे अपने घर में ही रखा। वह जो खाता था वही दूध और रोटी मुझे खिलाता। ऐसे खाने से मेरा शरीर छोटा ही रह गया और मैं इतनी छोटी ही रही। अब तो मेरी बात तेरी समझ में आई कि नहीं आई?' बिल्ली ने अपनी बात पूरी की।

राजा बाघ और बाकी जानवरों को बिल्ली की बात सच्ची लगी। बाघ खुश हो गया। वह अपने सिंहासन से खड़ा हुआ, बिल्ली के पास गया और उसे प्रणाम किया। फिर बोला, 'मेरी मां तो अब इस दुनिया में नहीं है, पर तुम मेरी मौसी हो। अब तुम यहां इस जंगल में आराम से रह सकती हो।'

बिल्ली बोली, 'ना, बाबा, ना! मेरा दोस्त राजू मेरे बिना नहीं रह सकता। इस वक्त भी वह मुझे ढूंढता हुआ रोता होगा। मैं अब अपने गांव वापस जाऊंगी।'

बाघ ने अपनी मौसी बिल्ली पर प्यार से अपना पंजा फेरा और बोला, 'चिल्ली मौसी, जैसी तुम्हारी मर्जी। अब जब भी तुम्हारा मन करे, जंगल में घूमने आ जाना।'

चिल्ली बिल्ली ने अपने गांव की ओर कदम बढ़ा दिए। बाघ राजा और जंगल के सारे प्राणी भी बिल्ली मौसी को विदाई देते हुए बोले, 'जल्द ही फिर मिलेंगे चिल्ली मौसी!'

जंगल से वापस अपने गांव की ओर लौटते हुए चिल्ली बिल्ली मन ही मन में मुस्कुराती हुई पूरे रास्ते बोलती रही, 'मैं तो बाघ की मौसी... मैं तो बाघ की मौसी...!' *

**हिंदी अनुवाद : सेतु अंताणी**



## जीके क्विज-148

1. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. विग्नेश पुथुर का संबंध किस खेल से है?
3. हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
4. विश्व का सबसे प्रदूषित देश कौन-सा है?
5. किस सिख गुरु ने अमृतसर शहर की स्थापना की थी?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
8. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?
9. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?
10. विश्व धरोहर दिवस कब मनाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-148 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-147 का उत्तर :** 1. 286 दिन, 2. 58 करोड़, 3. भिवंडी, 4. 7 अप्रैल, 5. हैदराबाद, 6. विल्हेम कोनराड रॉन्टजेन, 7. आयरन (लौह तत्व), 8. माइटोकॉन्ड्रिया, 9. कर्नाटक, 10. क्षिप्रा

**जीके क्विज-147 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, किशन-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-सीतापुर, बालमुकुंद-कुनकुरी, तृप्ति-ईमेल से, ट्विंकल-ईमेल से, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, सचिन-महासमुंद

## रंग भरो-172

**रंग भरो-172** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




**आस्तिका, चांपा**


सार्थक, रायपुर


तमन्ना, कोरबा


वेदका, बालोद


रितेश, मटियारी


अथर्व, बिलासपुर


### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पलक-अटेली मंडी, रानी-बालाघाट, डॉली-मटियारी, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहन-करनाल, अमन-बिलासपुर, जागृति-कोरबा

## रंग भरो 173



बच्चो, यहां तितली और फूलों का एक सुंदर-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।





# सीहोर के बिशनखेड़ी में जलापूर्ति के लिए आवेदनों की पूंछ बनाकर संभाग कमिश्नर दफ्तर पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर जिले का बिशनखेड़ी ग्राम पिछले एक दशक से भयंकर सूखे की चपेट में है। हालात यह है कि दो हजार की आबादी वाला गांव पानी की एक-एक बूंद को तरस रहा है। जिसके चलते ग्रामीण दो किमी दूर से पानी लाने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के सभी 13 हैंडपंप और बोरवेल सूख गए हैं। इस कारण गांव में एक बूंद भी पानी की नहीं मिलता। सूखे के कारण परेशान ग्रामीण शिकायत पटवारी, आरआई, नायब तहसीलदार और कलेक्टर से भी कर चुके हैं। मामले में कलेक्टर ने पीएचई के चीफ इंजीनियर को जांच करने के निर्देश दिए थे। जांच में विभाग ने गांव के सभी 13 हैंडपंप चालू बता दिए। बुधवार को ग्राम बिशनखेड़ी के रहने वाले बजरंगी नागर 100 से अधिक आवेदनों की पूंछ बनाकर ग्रामीणों के साथ भोपाल संभागायुक्त कार्यालय पहुंचे। उन्होंने संभागायुक्त संजीव सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा।

**खास बातें**

- सीहोर जिले का बिशनखेड़ी गांव पिछले एक दशक से भयंकर सूखे की चपेट
- दो हजार की आबादी एक एक बूंद को तरस रही
- गांव के सभी 13 हैंडपंप और बोरवेल सूखे जांच में विभाग ने बताए शुरू

### सरपंच पति और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बिशनखेड़ी गांव में धाकड़ मोहल्ला मुरलीधर बाड़े के पास शीघ्र नलकूप खनन कराने के आदेश दिए हैं। इसके बाद भी संरपच पति की मनमानी और उच्च स्तरीय राजनीतिक दवाब के कारण पीएचई विभाग को मशीन द्वारा बोर खनन नहीं करने दिया जा रहा है, मशीन को भगाया जा रहा है। उच्च स्तरीय राजनीति ही जल संकट को दूर नही करना चाह रही है। सीहोर जिला कलेक्टर से चर्चा हो चुकी है, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। ऐसे में जांच दल गठित कर मौके पर जांच कराई जाकर जल सकंट से जूझ रहे ग्रमीणों की समस्या को हल किया जाना चाहिए। साथ ही दोषी सरपंच पति व तहसील इछावर के अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### दो बार बोर के लिए भेजी मशीन

बजरंगी नागर ने बताया कि पीएचई विभाग द्वारा दो बार बोर के लिए मशीन भेजी गई, लेकिन सरपंच पति जितेंद्र तमोलिया ने बोर नहीं लगने दिया। दूसरी बार फिर से मशीन आई तो नायब तहसीलदार किशोर कटारे ने रोक लगा दी और मशीन को हटवा दिया। शिकायत कर्ता बजरंगी नागर ने बताया कि सरपंच पति द्वारा पानी की टंकी की राशि तो ले ली, लेकिन निर्माण नहीं कराया गया है। जिसकी शिकायत कलेक्टर जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन पर की जा चुकी है।

### जलसंकट की समस्या लेकर आए थे

सीहोर के बिशनखेड़ी गांव से ग्रामीण जलसंकट की समस्या लेकर आए थे। जिनके आवेदन पर संज्ञान लेते हुए सीहोर जिला पंचायत सीईओ, पीएचई के अधिकारियों को जांच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

डॉ. विनोद यादव
संयुक्त आयुक्त (विकास)

## खबर संक्षेप

### फीस बढ़ोतरी पर रोक लगाने डीईओ को ज्ञापन

**भोपाल।** फीस वृद्धि पर रोक लगाने, किताबों की ब्रिकी के लिए मेला आयोजित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर पालक महासंघ मप्र के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार को ज्ञापन सौंपा। पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पंडया ने ज्ञापन में कहा कि शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें निर्धारित की गई हैं। इसके बाद भी निजी प्रकाशकों की किताबें धड़ल्ले से बिक रही हैं। पालक महासंघ ने सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें लागू करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा स्कूलों द्वारा फीस और संपरीक्षित लेखों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराने और फीस वृद्धि पर रोक लगाने के संबंध में भी नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है।

### मप्र, राजस्थान में सोलर पार्क किए जा रहे विकसित

**जबलपुर।** रिन्यूएबल एनर्जी शक्ति बनने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। विश्व के सबसे बड़े सोलर एनर्जी उत्पादकों में से एक बनने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय सोलर एलायंस भारत और फ्रांस द्वारा स्थापित इस पहल का लक्ष्य सोलर एनर्जी को बढ़ावा देना है। राजस्थान, गुजरात, मप्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों में बड़े सोलर पार्क विकसित किए जा रहे हैं। तमिलनाडु और गुजरात में ऐसे कई बड़े विंड एनर्जी फर्म स्थापित किए गए हैं। साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट में निवेश कर रहा है, जिनमें अदाणी और रिलायंस जैसे बड़े समूह शामिल हैं। भारत का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी स्थापित करना है।

### विधायक सबनानी के खिलाफ याचिका खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा से विधायक व भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी के खिलाफ दायर चुनाव याचिका निरस्त कर दी। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने अपर्याप्त तथ्यों के आधार पर चुनाव याचिका को विचारण योग्य नही माना। नवंबर 2023 के विस चुनाव में पराजित कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा द्वारा यह याचिका दायर की गई थी।

### निगम के विरुद्ध दायर व्यवहार वाद निरस्त

**भोपाल।** कलियासोत के 33 मीटर के दायरे में आ रहे निर्माण को हटाए जाने के लिए नगर निगम द्वारा की जा रही कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए सिद्धांत अवस्थी द्वारा नगर निगम के विरूद्ध प्रस्तुत किए गए व्यवहार वाद को सप्तम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बृजेश कुमार चन्सोरिया ने सुनवाई के बाद मामला सारहीन पाते हुए निरस्त कर दिया। व्यवहार वाद के अनुसार वादी का भूखंड आकृति रिट्रीट ग्राम बावड़ियाकलां में स्थित है। नगर निगम द्वारा उन्हें एक नोटिस धारा 307 का दिया गया है कि उनका क्षेत्र कलियासोत के 33 मीटर के दायरे में आ रहा है। उसे हटाएं क्योंकि वह क्षेत्र नो-कन्स्ट्रक्शन जोन है। सप्तम व्यवहार न्यायाधीश ने क्षेत्राधिकार वर्जित होने से व्यवहार वाद को निरस्त कर दिया।

# वाणिज्यिक कर विभाग ने रिकॉर्ड 82 हजार करोड़ का राजस्व किया प्राप्त

## अगले वर्ष एक लाख करोड़ रुपए मिलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) ने रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया है। यह अब तक का सर्वाधिक राजस्व है। इसके साथ ही साथ आबकारी, पंजीयन में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके साथ ही वाणिज्यिक कर विभाग ने जीएसटी, वैट, प्रोफेशनल टैक्स, आबकारी व पंजीयन में 10 फीसदी से ज्यादा बढ़ोतरी के साथ लगभग 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त किया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह अनुमानित एक लाख करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की संभावना है।

प्रदेश में 5 वर्ष पहले तक में वाणिज्यक कर विभाग को महज 25 से 30 हजार करोड़ रुपए तक का ही राजस्व मिला करता था। किंतु दिनोंदिन बढ़ते अर्थव्यवस्था के आकार की वजह से पांच वर्षो में ही दोगुना से भी ज्यादा राजस्व मिलने लगा। प्रदेश के टैक्स इतिहास में यह अब तक का रिकॉर्ड है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले जीएसटी में वर्ष 2024-25 में करीब 24 फीसदी और पंजीयन में 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अभी हालांकि रिवाइज्ड एस्टीमेट के अनुसार कुल राजस्व मिलने की जानकारी नहीं मिली। टैक्स में चूंकि पिछले वर्षों के बनिस्पत इस वर्ष काफी अधिक बढ़ोतरी के साथ राजस्व प्राप्त हुआ है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 फीसदी बढ़ोतरी के साथ एक लाख करोड़ रुपए का राजस्व हासिल हो जाएगा।

**खास बातें**

- वर्ष 2023-24 के मुकाबले जीएसटी में वर्ष 2024-25 में करीब 24 फीसदी और पंजीयन में 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज
- यह अब तक का सर्वाधिक राजस्व
- आबकारी, पंजीयन में भी रिकार्ड बढ़ोतरी दर्ज

### आबकारी से करीब 15,200 करोड़ रुपए का राजस्व मिला



वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीएसटी, वैट और प्रोफेशनल्स टैक्स से कुल करीब 55,500 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। इसी तरह आबकारी से करीब 15,200 करोड़ रुपए और पंजीयन से करीब 11000 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। लगभग 82 हजार करोड़ रुपए का राजस्व 29 मार्च तक प्राप्त हुआ। दरअसल, वाणिज्यक कर विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष के लिए कुल 75 हजार करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा था। बाद में रिवाइज कर इसे 82 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया। किंतु यह 29 मार्च तक के आंकड़ों में ही आ गया। सूत्रों ने बताया कि अंतिम आकड़ों में उसे भी क्रॉस करते हुए करीब 85 हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। वाणिज्यक कर विभाग इसका आंकलन कर रही है। जल्दी ही अंतिम रिपोर्ट जारी कर दी जाएगी।

### अधिकारियों को मासिक लक्ष्य बनाकर टैक्स वसूली पर ध्यान देने के दिए निर्देश

वाणिज्यिक कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल करीब 96 हजार करोड़ रुपए राजस्व लक्ष्य तय किया है। यह हालांकि वर्ष के अंत तक में रिवाइज टारगेट के साथ एक लाख करोड़ रुपए तक जा सकता है। विभाग ने टारगेट हासिल करने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। विभागीय अधिकारियों खासकर मैदानी अधिकारियों से कहा गया है कि वे अभी से मासिक लक्ष्य बनाकर टैक्स वसूली पर ध्यान दें। इसके साथ ही टैक्स चोरी रोकने से लेकर टैक्स में हेराफेरी करने वाले कारोबारियो पर अंकुश लगाने को कहा गया है। टारगेट के अनुसार पंजीयन में 13900 करोड़ रुपए, जीएसटी में 42,140 करोड़ रुपए, आबकारी में 17,500 करोड़ रुपए, वैट में 22,698 करोड़ रुपए तथा प्रोफेशनल टैक्स में 372 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

### वन विभाग ने 1600 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व प्राप्त कर नया कीर्तिमान बनाया

वन विभाग की कुशल नीति, वन उत्पादों के प्रबंधन, डिजिटल प्रणाली और पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप राजस्व में वृद्धि हो रही है। वन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1600 करोड़ से अधिक राजस्व प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह वन विभाग की अब तक की सबसे अधिक राजस्व प्राप्ति है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 200 करोड़ रुपए से अधिक है। वन विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 में 1425 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया गया, वर्ष 2022-23 में 1400 करोड़ और वर्ष 2021-22 में 1444 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था।

### टिम्बर से हुई सर्वाधिक आय

वन विभाग को प्राप्त राजस्व में सबसे बड़ा योगदान टिम्बर की बिक्री से हुआ है। इस वर्ष विभाग द्वारा टिम्बर बिक्री से 850 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वन विभाग की नीलामी प्रक्रिया और बढ़ती मांग के कारण टिम्बर की बिक्री में वृद्धि हुई है। इसके अलावा अन्य वानिकी उत्पादों और पर्यावरण से जुड़े शुल्क से भी आय में वृद्धि हुई। वन विभाग को राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल बनाने से राजस्व में वृद्धि हुई है। ऑनलाइन चालान से विभाग को 1528 करोड़ की आय हुई, जबकि ट्रांसफर चालान से 763 करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई है।



### मुख्य सचिव ने की समस्त विभागों की समीक्षा

# सीएस ने विजन @2047 को ध्यान में रख विभागों के लिए टारगेट तय किए

- मुख्य सचिव ने ली वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की अद्यतन जानकारी
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्यपूर्ति के लिए करें क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को मंत्रालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य निर्धारण को लेकर सभी विभागों की समीक्षा की।

जैन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सभी विभागों की विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक क्रियान्वयन समयपूर्वक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव जैन ने बैठक में विजन @>2047 के तहत विभागीय कार्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। शासन के महत्वाकांक्षी गरीब, अन्नदाता, युवा एवं नारी मिशन के क्रियान्वयन से संबंधित कार्य योजना पर भी व्यापक चर्चा हुई। मुख्य सचिव जैन ने कहा कि मुख्यंमत्री डॉ. यादव के प्राथमिकता वालें विषयों के क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए केन्द्र सरकार को भेजे जाने वाले उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं मांग स्थिति की भी जानकारी ली।

### 50 हजार की सुपारी देकर 6 लोगों ने दिया घटना को अंजाम, बेल्ट से घोंटा था गला

# सौतेली मां और चाची ने करवाई थी बच्चे की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार जिले के ग्राम डोंगरीडीह में 14 वर्षीय बालक की सनसनीखेज हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक ने बड़ा खुलासा किया है। नाबालिग की बेल्ट से गला घोंटकर शव रेत में दफना दिया गया था। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर इस जघन्य अपराध का पर्दाफाश कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में मृतक की सौतेली मां और सगी चाची मुख्य षड्यंत्रकारी निकलीं। घटना 1 अप्रैल की है। महानदी किनारे डोंगरीडीह के पास बालक का शव मिलने की सूचना पर थाना लवन पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### हत्या की साजिश में 3 नाबालिग भी शामिल



पूछताछ में सामने आया कि, मोंगरा धृतलहरे और मीना धृतलहरे ने मृतक की हत्या के लिए गोविंदा कोसले को 50,000 की सुपारी दी थी। आरोपी ने 3 अपचारी बालकों को साथ मिलाकर 30 मार्च 2025 की रात बालक को बहाने से बाइक पर बैठाकर महानदी किनारे ले जाकर बेल्ट से गला घोंटकर हत्या कर दी।

### पारिवारिक विवाद के चलते की वारदात

*हत्या का कारण पारिवारिक विवाद था। सौतेली मां मीना को मृतक के प्रति ताने सुनने पड़ते थे, जबकि चाची मोंगरा के अवैध संबंधों की शंका के चलते घर में अनबन थी। दोनों महिलाओं ने मिलकर साजिश रची और सुपारी देकर हत्या करवाई। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।*

### एक किलो से अधिक माल जब्त, तिल्दा नेवरा क्षेत्र की घटना

# गांजे की तस्करी करता हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



पुलिस ने गांजा तस्करी करते हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। तस्कर गांजा बेचने के फिराक में था। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को एक किलो से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पूरा मामला थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्र की है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने पास बोरी में गांजा रखा है, जो थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम कुंदरू जलसो की ओर जा रहा है।

पुलिस की टीम ने मौके पर मुखबिर के बताए हुलिए के आरोपी को ग्राम कुंदरू एवं जलसो के मध्य डैम के सामने चिन्हांकित कर पकड़ा। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम पन्ना लाल पारधी निवासी तिल्दा नेवरा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी पन्ना लाल पारधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया गया। इसकी कीमत लगभग 10 रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत एफआई आर दर्ज कर कार्रवाई की गई है। आरोपी पन्ना लाल पारधी थाना तिल्दा नेवरा का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में चोरी, आर्म्स एक्ट एवं मारपीट के लगभग आधा दर्जन अपराध पंजीबद्ध है, जिनमें आरोपी जेल निरूद्ध रह चुका है।




# मिस्र की धरती पर छत्तीसगढ़ के लोक नृत्यों की मची धूम

**रायपुर।** मिस्र की ऐतिहासिक भूमि पर जब छत्तीसगढ़ के लोकनृत्यों की अनुगूंज बिखरी तो पूरा माहौल मंत्रमुग्ध हो उठा। छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को विश्व मंच पर प्रतिष्ठा दिलाने वाले छत्तीसगढ़ पीडी पंथी परिवार ने इस बार 12वें अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व कर राज्य का मान बढ़ाया। मिस्र देश की ऐतिहासिक धरती पर कभी प्राचीन सभ्यताओं का विकास हुआ। वहीं, आज छत्तीसगढ़ के पंथी नृत्य, कर्मा नृत्य और बस्तर के आदिवासी नृत्य की जीवंत प्रस्तुतियों ने वहां उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस महोत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ के पुनदास जोशी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (कृषि विभाग कबीरधाम) ने मिस्र के राज्यपाल को संत गुरु घासीदास बाबा की स्मृति चिन्ह भेंट कर छत्तीसगढ़ के महान संत के संदेश 'मनखे-मनखे एक समान' का प्रचार किया। यह अवसर केवल नृत्य प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह भारत और मिस्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर बना। मिस्र के राज्यपाल ने भी छत्तीसगढ़ के इस सांस्कृतिक दूत मंडल को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीएमडीए गुरूग्राम | 1.द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ रिसाइकिल पाइपलाइन को विभिन्न स्थानों पर स्थानांतरित करना, 1500 मिमी और 1600 मिमी आई/डी एम.एस. पाइप और 1800 मिमी आई/डी एम.एस. केसिंग पाइप प्रदान करना और बिछाना, हरसारू चौक को पार करने के लिए ट्रेंचलेस, सभी प्रकार से पूर्ण और अन्य सभी कार्य (3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटिपूर्ण देयता अवधि सहित) 2. मौजूदा 100 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अपग्रेडेशन जिसमें डिजाइनिंग, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, फायर पंप की कमीशनिंग, आईआर सम्प, ओवरफ्लो सम्प, स्लुइस वाल्व, एनआरवी, मिक्सर, एमएस पाइप, डिफ्यूजर, ब्लोअर, पंप, मरम्मत और रखरखाव शामिल है 2 अदद बायो गैस इंजन और बायोगैस स्क्रबर यूनिट जिसमें एक वर्ष की त्रुटिपूर्ण अवधि शामिल है और डिजाइनिंग, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग 75 एमएलडी क्षमता वाले टरटियरी उपचार संयंत्र जिसमें उपचारित जल शामिल है, समीकरण टैंक, अपशिष्ट जल सम्प, इनलेट कक्ष, इनलेट चैनल, फ्लैशमिक्सर, फ्लोक्यूलेटर, झुकाव ट्यूब सेटलर्स, फिल्टर, आउटलेट चैनल, फिल्टरबेड, फिल्टरहाउस, क्लोरीन साफ पानी का टैंक, रासायनिक घोल इत्यादि सभी प्रकार से पूर्ण ट्रांसफार्मर, विद्युत, यांत्रिक, पाइपिंग और इंस्ट्रूमेंटेशन कार्य, आरसीसी प्लेटफॉर्म, सड़क और पेवमेंट्स का निर्माण और उससे संबंधित आकस्मिक कार्य सहित 12 महीने की त्रुटिपूर्ण अवधि के बाद 5 वर्षो के लिए मरम्मत और रखरखाव। | 28.03.2025 18.04.2025 | 17,43,62,627/- | https://www.gmda.gov.in | 9729265648 xen4infra2.gmda@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/100/33592/I/88/7 दि. 03.04.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हिसार | बरवाला टाउन, जिला हिसार बरवाला में सुपर सक्कर डी-सील्टिंग मशीन के माध्यम से विभिन्न साइज के सीवर लाइंस की सफाई (पीयूएच/2024-25/112695) Â_Œ 300 मिमी, 400 मिमी, 450 मिमी, 500 मिमी, 600 मिमी, 700 मिमी आई/डी सीवर लाइन की सुपर सकर मशीन द्वारा सफाई, प्लगिंग, अनप्लगिंग, डाइवर्जन, रोका और लेजर प्रोफाइलर द्वारा सीसीटीवी सर्वे सहित सभी प्रकार से पूर्ण और इससे सम्बन्धित अन्य सभी कार्य। Â | 02.04.2025 15.04.2025 | 186.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466000871 ee2hissar@gmail.com |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हिसार | बरवाला टाउन, जिला हिसार बरवाला में सुपर सक्कर डी-सील्टिंग मशीन के माध्यम से विभिन्न साइज के सीवर लाइंस की सफाई (पीयूएच/2024-25/112695) Â_Œ 700 मिमी आई/डी, 800 मिमी आई/डी सीवर लाइन की सुपर सकर मशीन द्वारा सफाई, प्लगिंग, अनप्लगिंग, डाइवर्जन, रोका और लेजर प्रोफाइलर द्वारा सीसीटीवी सर्वे सहित सभी प्रकार से पूर्ण और इससे सम्बन्धित अन्य सभी कार्य। Â | 02.04.2025 15.04.2025 | 179.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466000871 ee2hissar@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा झज्जर | जलापूर्ति मकैनिकल डिवीजन में कोंदरा वाली पम्प हाउस पर पक्का सर्विस रोड का निर्माण और बनाना। | 02.04.2055 09.04.2025 | 33.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896786329 xenmechjjr@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | छालोंदी 23.79 गांव छालोंदी में परशुराम मैरिज प्लेस भवन को पूरा करना + 2 कार्य। | 31.03.2025 17.04.2025 | 61.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 5 | सिविल हस्पताल, रेवाड़ी | सिविल हस्पताल रेवाड़ी की एचवीएसी प्रणाली की प्रचालनात्मक सीएमसी। | 04.04.2025 18.04.2025 | 75,131/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416577075 ghrewari@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/100/33593/I/88/7 दि. 03.04.25

चिंतन

# भारत के लिए आपदा में अवसर है ट्रंप का टैरिफ

डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार से पूरी दुनिया में दहशत का माहौल है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है तो पाकिस्तान पर 29 फीसदी टैरिफ लगाया है। बांग्लादेश पर ट्रंप ने 37 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने 180 से ज्यादा देशों पर टैरिफ का ऐलान किया है और लगभग सभी देशों ने इससे निपटने की तैयारी भी कर ली है। चीन, जापान और दक्षिण कोरिया तो बाकायदा इसके लिए आपसी गठजोड़ बनाने का ऐलान भी कर चुके हैं। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसे अमेरिका फर्स्ट की ओर बढ़ता कदम बता रहे हैं, वहीं अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह खुद अमेरिका के लिए घातक कदम होगा। न्यूयॉर्क के एक इन्वेस्टमेंट बैंक एवरकोर का अनुमान है कि अमेरिका में औसत टैरिफ दर बढ़कर 29 फीसदी हो गई है। बजट लैब की एक रिसर्च के अनुसार 1800 के दशक के अंत में टैरिफ 30 फीसदी से ज्यादा था, तब से अब तक यह सबसे ज्यादा है। कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस कदम से 2025 में अमेरिका में मंदी आने की संभावना बढ़ गई है। अनेक देश जवाबी कदम उठा सकते हैं और अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। इससे वैश्विक व्यापार युद्ध की स्थिति बन सकती है। हालांकि, ट्रंप कह रहे हैं कि यह टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करेगा। जहां तक भारत की बात है तो ट्रंप के इस कदम को देश के लिए कुछ नुकसान तो कुछ फायदे का माना जा रहा है। इस फैसले से भारतीय वस्त्र उद्योग को नुकसान होने की बजाय फायदा हो सकता है। अमेरिका ने वियतनाम, बांग्लादेश और चीन से आने वाले कपड़ों पर भारी टैक्स लगाया है। वियतनाम से आने वाले कपड़ों पर 46, बांग्लादेश पर 37 और चीन पर 34 फीसदी टैक्स लगाया गया है। इसके मुकाबले भारत को कम टैक्स देना पड़ रहा है, जिससे भारतीय टेक्सटाइल कंपनियों को फायदा मिल सकता है। हालांकि, भारतीय टेक्सटाइल उद्योग का योगदान देश की जीडीपी में केवल 2 फीसदी है, जबकि बांग्लादेश के लिए यह 11 और वियतनाम के लिए 15 प्रतिशत है। भारत अमेरिका को मुख्य रूप से दवाएं, टेलीकॉम उपकरण, रत्न और आभूषण, पेट्रोलियम उत्पाद, सोना और सूती वस्त्र बेचता है। अमेरिका भारत से इन सामानों की बड़ी मात्रा में खरीदारी करता है, जिससे भारतीय उद्योगों को अच्छी कमाई होती है। दूसरी ओर, भारत अमेरिका से कच्चा तेल, कोयला, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी और एयरोस्पेस से जुड़े उपकरण खरीदता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संतुलन में हमेशा असमानता रही है, क्योंकि भारत अमेरिका को ज्यादा सामान बेचता है और वहां से कम सामान खरीदता है। इस नए टैक्स का सबसे ज्यादा असर भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और रत्न-आभूषण उद्योग पर पड़ेगा। अमेरिका हर साल भारत से लगभग 14 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स और 9 अरब डॉलर के गहने और रत्न खरीदता है। अब 27 फीसदी टैक्स लगने से भारतीय कंपनियों के लिए अमेरिका में अपने उत्पाद बेचना महंगा हो जाएगा। इससे निर्यात में गिरावट आ सकती है और इन उद्योगों में काम करने वाले लाखों लोगों की नौकरियों पर भी असर पड़ सकता है। ट्रंप के फैसले से पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश के कपड़ा उद्योग पर भी संकट हो सकता है। हालांकि भारत की स्थिति बेहतर है। यह आपदा में अवसर जैसा है। हम चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान और वियतनाम के अमेरिका निर्यात को अपने पाले में ला सकते हैं, जिससे देश में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# तालाब आज भी हमारी धरोहर



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

सुप्रसिद्ध गांधीवादी और पर्यावरणविद् अनुपम मिश्र की साल 1993 में लिखी किताब " आज भी खरे हैं तालाब" आज के परिदृश्य में सबसे ज्यादा प्रासंगिक किताब है। इस किताब में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सहित अनेक राज्यों के विभिन्न कथानकों को तालाबों से जोड़कर शब्द का आकार दिया गया है। देश के अनेक शहरों का नामकरण और पहचान जहां वहां के तालाबों के नाम पर है वहीं शहरों, कस्बों और गांवों के मोहल्लों की के नाम भी वहां के तालाबों पर है। हालांकि शहरीकरण और व्यवसायीकरण के चलते तालाबों की जगह अब वहां पर रिहायशी और व्यवसायिक कॉम्पलेक्स तन चुके हैं। हालांकि शहरीकरण और व्यवसायीकरण के चलते तालाबों की जगह अब वहां पर रिहायशी और व्यवसायिक कॉम्पलेक्स तन चुके हैं। दूसरी ओर अनेक तालाबों के नाम उनके बनवाने वाले शासकों, राजाओं - महाराजाओं, जातियों - समुदायों या धार्मिक- मजहबी परंपराओं से जोड़ कर रखे गए हैं जो हमारे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से हमें स्मृतिबोध कराते हैं। देश में तालाबों के खत्म होने और उनकी दुर्दशा पर पर्यावरणविद् अनुपम मिश्र ने ठीक ही लिखा है " सैकड़ों, हजारों तालाब अचानक शून्य से प्रकट नहीं हुए थे, उनके पीछे एक इकाई थी बनवाने वालों की , तो दहाई थी बनाने वालों की। पिछले दो सौ बरसों में नए किस्म की पढ़ाई पढ़ गए समाज ने इस इकाई, दहाई, सैकड़ा, हजार को 'शून्य' ही बना दिया "। दरअसल यह कटाक्ष उस तथाकथित सभ्य समाज के लिए है जिसने सबसे ज्यादा असभ्यता उन्हीं नदियों, तालाबों - पोखरों के प्रति दिखाई है जिनके सभ्यता का विकास इन्हीं के गोद में हुआ है। लिहाजा आज की पीढ़ी को यह किताब जरूर पढ़ना चाहिए ताकि वे तालाबों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को जान सकें।

रायपुर का 600 साल पुराना बूढ़ातालाब एक बार फिर से सुर्खियों में है शहर के महापौर ने इस तालाब में हो रहे चौपाटी निर्माण पर सख्त ऐतराज जताते हुए शहर के धरोहर से खिलवाड़ नहीं होने का ऐलान किया था लेकिन इस ऐलान के बावजूद निर्माण एजेंसी द्वारा काम बंद नहीं करने पर नागरिक संगठनों द्वारा धरना- प्रदर्शन किया जा रहा है। अलबत्ता यह पहला मौका नहीं है जब बूढ़ातालाब के सौंदर्यीकरण के आड़ में इसके व्यवसायीकरण के खिलाफ नागरिकों और राजनीतिक दलों ने आंदोलन किया हो बीते दशकों के दौरान इस तालाब के लिए दर्जनों धरना प्रदर्शन हुए हैं और मामला अदालत में भी पहुंचा है लेकिन अभी भी यह तालाब हर सरकार और नगरीय प्रशासन के लिए प्रयोगशाला बना हुआ है। गौरतलब है कि इस तालाब से जहां शहर का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत जुड़ा हुआ है वहीं इसके नजदीक गर्ल्स स्कूल और कॉलेज हैं जहां के शैक्षणिक माहौल पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है। रायपुर शहर में बूढ़ातालाब ही इकलौता तालाब नहीं है जो अपने अस्तित्व बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहा हो बल्कि अमूमन सभी तालाब अवैध कब्जों के चपेट में हैं। नवा रायपुर का झांझ व सेंध जलाशय के तट को सौंदर्यीकरण और वॉटर स्पोर्ट्स योजना के नाम पर पाटा जा रहा है बाद में यहां पर चौपाटी बनाकर व्यवसायिक गतिविधियां भी संचालित होने की पूरी संभावना है। आश्चर्यजनक यह कि सत्ता और प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों को एनजीटी और वेटलैंड अथॉरिटी के निर्देशों की तनिक भी परवाह नहीं है। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट में दायर एक याचिका पर दिए गए आदेश के परिप्रेक्ष्य में रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों में तालाबों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। आश्चर्यजनक तौर पर राजधानी रायपुर में आधा दर्जन तालाब अवैध कब्जे की वजह से नक्शे से गायब हो चुके हैं तो बाकी तालाबों पर बीते दस सालों के दौरान 60 फीसदी कब्जा हो चुका है।



बहरहाल तालाबों पर हो रहे अवैध कब्जों के मामले सामने आने पर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ' एनजीटी ' ने सरकार से रिपोर्ट तलब किया है। एनजीटी के निर्देश पर सूबे के नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगरीय निकायों को पत्र लिखकर तालाबों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। हालांकि इस पत्र पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है लेकिन जानकारी के मुताबिक राज्य के 122 तालाबों पर लोगों ने अवैध कब्जा कर कहीं घर, दुकान, होटल या स्कूल बना लिया है। ऐसा नहीं है कि सरकार और प्रशासन ने इन तालाबों के संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में कोई प्रयास नहीं किया हो। पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश और वर्तमान छत्तीसगढ़ के सरकारों ने तालाबों के संरक्षण के लिए 'सरोवर हमारी धरोहर' जैसे अनेक जन अभियान भी चलाया था इसके अलावा अनेक तालाबों में करोड़ों रुपए खर्च कर सफाई अभियान चलाया बावजूद राज्य में तालाबों की संख्या लगातार घट रही है। अलबत्ता तालाबों और पोखरों के खत्म होने का नतीजा यह हो रहा है कि शहरों, कस्बों और गांवों में भू-जल स्तर लगातार गिरते जा रहा है फलस्वरूप लोगों को गर्मियों में भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है वहीं आम निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। दरअसल तालाब आज भी एक बड़ी आबादी और मवेशियों के दैनंदिन निस्तारी के प्रमुख साधन हैं लेकिन गर्मियों में तालाबों के सूखने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं पालतू और वन्य पशु भी प्यास से बेहाल शहरों की ओर पलायन के लिए विवश हो जाते हैं।

देश में पेयजल की स्थिति पर गौर करें तो भारत में सोलह करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पाता, पच्चीस करोड़ से ज्यादा लोगों को पानी के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है।भारत में जल संकट बढ़ने का एक प्रमुख कारण यह है कि हम वर्षाजल का बहुत कम संरक्षण कर पाते हैं।दरअसल तालाब, पोखर और झील जल संरक्षण के प्रमुख साधन हैं लेकिन शहरों में बेतहाशा कांक्रीटीकरण, अवैध कब्जों, बरसाती नालों के रास्ते अवरूद्ध होने, तालाबों में सौंदर्यीकरण के नाम पर कांक्रीटीकरण, तलहटी में गाद इकट्ठा होने, जलकुंभियों एवं अन्य अपशिष्टों की वजह से तालाबों की प्राकृतिक रिचार्ज क्षमता और जलसंग्रहण दोनों प्रभावित हो रहा है। प्रशासन और एनजीटी के तमाम बंदिशों के बावजूद लोग कृत्रिम रंगों से बने प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों, प्लास्टिक, थर्मोकोल, पूजा - अनुष्ठान के विसर्जन सामाग्रियों को तालाब में ही विसर्जित कर रहे हैं फलस्वरूप तालाबों के सेहत पर घातक प्रभाव पड़ रहा है।

बहरहाल तालाब केवल जलसंरक्षण और निस्तारी के ही माध्यम नहीं हैं बल्कि इनका सदियों से आध्यात्मिक, सामुदायिक और व्यवसायिक महत्व रहा है। व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक रस्मों - रिवाज और कर्मकांड इन्हीं तालाबों में संपन्न होते हैं। तालाब गंगा - जमुनी तहजीब का भी प्रतीक है जहां हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग अपनी अनेक परंपराओं और पर्वों को मनाते हैं। अलबत्ता अनेक तालाबों की मान्यता है कि इनमें डूबकी लगाने से कई प्रकार के चर्मरोग ठीक हो जाते हैं। हालांकि इस मान्यता के पीछे प्रमुख वजह ऐसे तालाबों के पानी में औषधि महत्व वाले सल्फर जैसे रसायनों का उपस्थित होना है।तालाबों में पैदा होने वाले वनस्पति और फूल लोगों के जीविकोपार्जन के प्रमुख साधन हैं। भारत के किसानों के लिए तालाबों में मत्स्य पालन आज आर्थिक विकास और आजीविका का प्रमुख जरिया बन चुका है । इसके अलावा कृषि प्रधान देश में तालाब खेती के लिए सिंचाई का अहम स्त्रोत है जिससे देश की जीडीपी जुड़ी हुई है। बहरहाल आसन्न जल संकट के मद्देनजर सरकार और समाज को तालाबों के संरक्षण की दिशा में दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करनी होगी अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब भविष्य की पीढ़ी पानी के भयावह संकट के लिए अपनी पुरानी पीढ़ी को दोषी ठहराए आखिरकार " जल है तो कल है"।

विमर्श
विनोद पाठक



# क्या योगी आदित्यनाथ दे रहे कोई संकेत!

भाजपा समर्थक अक्सर यह नारा देते हैं कि मोदी के बाद योगी। नरेंद्र मोदी के बाद योगी आदित्यनाथ को देश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में एक बड़ा वर्ग प्रोजेक्ट करता आ रहा है। पिछले 8 साल से योगी आदित्यनाथ आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की कमान संभाल रहे हैं। कानून-व्यवस्था के साथ विकास के एक नए मॉडल के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश को पेश किया है, लेकिन अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने पर एक साक्षात्कार में योगी आदित्यनाथ ने यह कहते हुए सबको चौंका दिया कि राजनीति उनके लिए महज एक कोई फुल टाइम जॉब नहीं है, असल में वह एक योगी हैं, जब तक वह यहां हैं, काम कर रहे हैं। आखिर इस बयान के पीछे योगी आदित्यनाथ की क्या मंशा हो सकती है? यह सत्य है कि वह गोरखनाथ मठ के गोरक्षपीठाधीश्वर हैं और अक्सर लखनऊ छोड़कर गोरखपुर में अपने मठ चले जाते हैं। यह सिलसिला उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद भी जारी है। उनका यह बयान क्या उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देख रहे समर्थकों के लिए एक झटका है या भारतीय जनता पार्टी के अंदर चल रही अंदरूनी खींचतान या वो संघ और पार्टी को कोई संकेत दे रहे हैं? वर्तमान में योगी आदित्यनाथ हिंदुत्व का बड़ा चेहरा है। फायर ब्रांड नेता हैं। देशभर में भाजपा उन्हें प्रचार के लिए भेजती है और उनकी सबसे अधिक डिमांड रहती है। अपने सख्त प्रशासनिक कौशल को लेकर उनकी एक बड़ी फैन फॉलोइंग है। यही कारण है कि वह उत्तर प्रदेश में लगातार दूसरी बार बहुमत की सरकार चला रहे हैं। वह जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं, लेकिन क्या ऊपर से जो दिख रहा है, वो उतना सरल है? शायद नहीं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव पर यदि नजर दौड़ाएं तो उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा धक्का लगा था। यह माना गया कि योगी आदित्यनाथ के बढ़ते कदमों को रोकने के लिए पार्टी के भीतर ही राजनीतिक खेल चले और प्रदेश में पार्टी की सीटें सिमटकर रह गईं। योगी आदित्यनाथ के सुझाए नेताओं को टिकट नहीं मिला। आदित्यनाथ का एक लंबा राजनीतिक करियर है। वर्ष 1998 में महज 26 साल की उम्र में वह गोरखपुर से सांसद चुनकर लोकसभा में पहुंचे थे। उन्होंने लगातार पांच लोकसभा चुनावों में गोरखपुर से जीत हासिल की। उनका अंदाज आज भी नहीं बदला है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि योगी आदित्यनाथ को लेकर भारतीय जनता पार्टी का रुख क्या है? आज उत्तर प्रदेश एक बीमारू राज्य न होकर सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। पिछले दिनों प्रयागराज में सफल महाकुंभ मेले के आयोजन बाद योगी आदित्यनाथ की फैन फॉलोइंग और बढ़ गई है। योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने की बात कह रहे हैं। अपराध मुक्त और समृद्ध उत्तर प्रदेश का सपना दिखाकर योगी आदित्यनाथ दिल्ली की कुर्सी पर नजर रखते हैं, ऐसा उनके विरोधी भी मानते हैं। वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव में एक साक्षात्कार में कहा था कि यदि योगी आदित्यनाथ दोबारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनते हैं तो वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। उनके आलोचक कहते हैं कि योगी आदित्यनाथ की रुचि लखनऊ से अधिक गोरखपुर के गोरखनाथ मठ में रहती है। क्या यह माना जाए कि योगी आदित्यनाथ कोई संकेत दे रहे हैं? क्या उत्तर प्रदेश या कहें कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति में कुछ उथल-पुथल चल रही है, जो बाहर से नहीं दिख रही है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर में संघ मुख्यालय गए थे। वहां क्या चर्चा हुई? यह स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन योगी आदित्यनाथ का यह बयान उसके बाद ही आया है। हालांकि, योगी आदित्यनाथ संघ के हर पैमाने पर फिट बैठते हैं। उन्हें राजनीति का लंबा अनुभव है। शासन चलाने का कौशल वह जानते हैं। हिंदुत्व का बड़ा चेहरा हैं। क्या यह मान लिया जाए कि योगी आदित्यनाथ ने यह जो बयान दिया है, वो महज अकस्मात है। वह केवल यह बता रहे हैं कि जब तक उन्हें दायित्व मिलता रहेगा, वह राजनीति करते रहेंगे।फिलहाल उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को विपक्ष की ओर से कोई बहुत बड़ी चुनौती मिलती नहीं दिख रही है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं और योगी आदित्यनाथ तीसरी बार फिर विपक्ष से दो-दो हाथ करते हुए नजर आने वाले हैं। आज की तारीख में वह बेहद मजबूत स्थिति में नजर आते हैं। स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ राजनीति को भले फुल टाइम जॉब न कहें, लेकिन उन्होंने पार्टी और संघ को इशारों में कुछ संकेत जरूर दिया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है



संकलित
दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा। यही ध्यान है। ध्यान साधारणतया दृश्य से जुड़ा है।

## जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकारें



संकलित
प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हमारा देश चीन से मुकाबला कैसे करेगा?

हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश इससे पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों पट चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई, नागरिकों की भी रुचि चाईना के सामान की तरफ बढ़ती गई और सरकारों की गलत नीतियों के कारण चीन का व्यापार हमारे देश में मजबूत होता चला गया। उधर चीन मजबूत होकर उभरा। चीन से मुकाबले के लिए ठोस रणनीति बनानी होगी। *- गोविंद रावत, धमतरी*

### ट्रेंड

#### रामायण का आकर्षक प्रदर्शन



थाई रामायण, रामकियेन का आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। रामायण वास्तव में एशिया के इतने सारे हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ता है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

#### अटल कैंटीन



झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टरों में 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प पूरा करने के लिए अटल कैंटीन के लिए 100 करोड़ का बजट आवंटित किया। अटल जी की जन्म शताब्दी पर 100 स्थानों पर कैंटीन खोली जाएंगी।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

#### प्रधानमंत्री जवाब दें



प्रधानमंत्री जवाब दें कि सरकार चीन द्वारा अतिक्रमण किए 4,000 वर्ग किलोमीटर को कैसे वापस लेगी या अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक रूप से विनाशकारी 26% टैरिफ का जवाब कैसे देगी?
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

#### लोग बदलाव तलाश रहे



भारत रचनात्मकता से भरपूर है। सिर्फ तथाकथित 'पिरामिड' के शीर्ष पर ही नहीं बल्कि निचले स्तर पर भी, जहां लोग सक्रिय रूप से बदलाव की तलाश कर रहे हैं। एआई दुनिया की पहली सच्ची लोकतांत्रिक तकनीक है।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

### करंट अफेयर


## अंतरराष्ट्रीय न्यायालय से हंगरी की हटने की योजना



हंगरी ने गुरुवार को कहा कि वह युद्ध अपराध और जनसंहार के लिए दुनिया के एकमात्र स्थायी वैश्विक न्यायाधिकरण से हटने की प्रक्रिया शुरू करेगा। प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान के चीफ ऑफ स्टाफ गेरगेली गुलेयास ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'हंगरी अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से हटेगा। सरकार संवैधानिक और अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढांचे के अनुसार बृहस्पतिवार को वापसी की प्रक्रिया शुरू करेगी।' यह घोषणा ऐसे समय में की गई जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट पहुंचे हैं। गाजा पट्टी में युद्ध के लिए उनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी है। ओरबान के नेतृत्व वाली हंगरी की सरकार ने नवंबर में नेतन्याहू को यह निमंत्रण दिया था, वहीं नीदरलैंड के हेग स्थित आईसीसी ने मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप में उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। नेतन्याहू के करीबी सहयोगी ओरबान ने गिरफ्तारी वारंट को 'निंदनीय' करार दिया था।

### ऑफ बीट

## अमेरिका की योजना युद्ध के लिए रोबोट तैयार करने की



अमेरिका की रेप्लिकेटर पहल का उद्देश्य सेना की सभी शाखाओं के लिए अत्यधिक संख्या में किफायती प्रणालियों का उत्पादन करने के वास्ते रक्षा और अन्य तकनीकी कंपनियों के साथ समन्वय करना है। पिछले करीब एक दशक के आसपास विभिन्न स्तरों में स्वतंत्र संचालन के लिए सक्षम सैन्य प्रणालियाँ तेजी से सामान्य हुई हैं। लेकिन अमेरिकी घोषणा स्पष्ट करती है कि युद्ध का भविष्य बदल गया है : लड़ाके रोबोट का दौर आ गया है। विचार को हकीकत में बदलने का समय आ गया है। बीते दशक में, सैन्य उद्देश्यों के लिए उन्नत रोबोटिक प्रणालियों का खासा विकास हुआ है। इनमें से कई तो परिवर्तित वाणिज्यिक प्रौद्योगिकी पर आधारित हैं, जो स्वयं अधिक सक्षम, सस्ती और व्यापक रूप से उपलब्ध हो गई है। हाल ही में, ध्यान इस बात पर प्रयोग करने पर केंद्रित हो गया है कि युद्ध में इनका सर्वोत्तम उपयोग कैसे किया जाए। यूक्रेन में रूस के युद्ध ने दिखा दिया है कि वास्तविक दुनिया में तैनाती के लिए प्रौद्योगिकी तैयार है। बख्तरबंद वाहनों और तोपखाने का पता लगाने और उन पर हमला करने के लिए रोबोट हवाई वाहन का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है।

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

तुर्रा ये कि संगठन को नीचे से मजबूत किया जाएगा

# ढहती कांग्रेस को बचाने का प्रयास, जिलाध्यक्षों से सीधा संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पिछले कुछ समय से कई राज्यों में अपनी पकड़ खोती नजर आ रही है। न संगठन बचा है, न कार्यकर्ता। इसकी चिंता नेतृत्व को है। संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की जद्दोजहद से जूझता हुआ नेतृत्व नित दिख रहा है। हालात ये हैं कि कभी जिलाध्यक्षों की बैठक संबंधित प्रदेश के अध्यक्ष लिया करते थे। नियुक्ति भी पीसीसी से होती थी। जिलाध्यक्षों से दिल्ली के बड़े नेताओं, आलकमान से मुलाकात तो दूर की बात, प्रदेश अध्यक्षों को राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने के लिए कई कई महीने तक समय नहीं मिला करता था। चुनाव दर चुनाव हार के बाद पार्टी जब बेदम हो रही है तो आलाकमान को जिलाध्यक्षों की सुध आई है। तुर्रा ये कि संगठन को नीचे से मजबूत किया जाएगा। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, जब कार्यकर्ता ही नहीं बचे, बचे खुचे नेता इधर उधर जाने की जुगत में हैं, जिलाध्यक्षों से शीर्ष नेतृत्व सीधे संवाद करेगा तो प्रदेश अध्यक्ष की जिलाध्यक्ष क्यों सुनेंगे? ये सिस्टम ही गलत है। उन्होंने कहा पार्टी को प्रदेश स्तर पर अपने नेतृत्व को ताकत देना होगा। बहरहाल ये माना जा रहा है कि संगठन में जड़ता को खत्म करने की जरूरत को देखते हुए जिला अध्यक्षों की बैठकों का सिलसिला शुरू किया गया है। भागीदारी बढ़ाई जा रही है।




**संगठन को मजबूत करने पर चर्चा**

बैठक का मुख्य फोकस कांग्रेस के संगठन को जिला स्तर पर सशक्त बनाना था। राहुल गांधी ने जिला कांग्रेस कमेटियों को पार्टी की नींव के रूप में बताया और कहा कि मजबूत नींव के बिना कोई भी संगठन मजबूती हासिल नहीं कर सकता। इस दौरान जिला अध्यक्षों की भूमिका को बढ़ाने और उन्हें अधिक जिम्मेदारी देने पर जोर दिया गया।

### जिला अध्यक्षों के अधिकारों में वृद्धि

कांग्रेस हाईकमान ने संकेत दिया कि जिला अध्यक्षों को इतनी शक्ति दी जाएगी कि उनके सुझावों और अनुशंसाओं के आधार पर विधानसभा और अन्य चुनावों के लिए टिकट वितरण में उनकी अहम भूमिका होगी। यह कदम जमीनी नेताओं को सशक्त करने और उनकी नाराजगी को दूर करने की दिशा में देखा जा रहा है। पवन खेड़ा ने कहा कि जिलाध्यक्षों को ताकत देने जा रहे हैं, जिम्मेदारियों को बढ़ा रहे हैं।

### सुझाव और रिपोर्ट तैयार

बैठक में जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कई सुझाव सामने आए। इन सुझावों में बूथ स्तर तक संगठन की पहुंच बढ़ाना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और स्थानीय मुद्दों पर ध्यान देना शामिल था। साथ ही, जिला अध्यक्षों की रिपोर्ट भी तैयार की गई, जिसमें उनके क्षेत्रों की स्थिति और चुनौतियों का विवरण होगा।

### मीडिया और सोशल मीडिया रणनीति

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जिला स्तर पर मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक कैसे पहुंचाया जाए। इसके लिए एक रणनीति तैयार करने पर विचार किया गया ताकि स्थानीय स्तर पर कांग्रेस की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

### कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता

यह उल्लेखनीय है कि विपक्ष में होने के बावजूद कांग्रेस अब अपने कार्यकर्ताओं और जमीनी नेताओं को तरजीह देने की बात कर रही है। कुछ नेताओं ने यह भी कहा कि सत्ता में रहते हुए अक्सर कार्यकर्ता नाराज रहते थे, लेकिन अब उनकी सुनवाई और भागीदारी बढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अंधेरी से 5 शार्प शूटर्स को किया गिरफ्तार

**अंधेरी।** मुंबई पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी किसी बड़ी शख्सियत की हत्या के लिए आए थे। अंधेरी के एक होटल से पुलिस ने सभी पांचो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने पांचो की गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से पुलिस को हथियार भी बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि



### बिल की कॉपी फाड़ने पर ओवैसी पर बरसे विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार के मंत्री अनिल विज ने गुरुवार को लोकसभा में पारित हुए वक्फ संशोधन बिल का स्वागत किया। उन्होंने इसे गरीब मुसलमानों की भलाई के लिए अच्छा कदम बताया। विज ने औवेसी द्वारा वक्फ बिल की कॉपी फाड़े जाने की भी निंदा की। सुर्खियों में बने रहने को ओवैसी ऐसी हरकत करते हैं।



### सोलापुर में भूकंप के हल्के झटके महसूस

**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर में गुरुवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। सिस्मोलॉजी सेंटर के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई। किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप सुबह 11.22 बजे आया, जिसका केंद्र जिले के सांगोला के पास 5 किलोमीटर की गहराई में था।



### जयपुर कलेक्ट्रेट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर के कलेक्ट्रेट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ये धमकी ई-मेल से दी गई है। इसके बाद पुलिस के बम निरोधक दस्ते और एटीएस की टीम ने कलेक्ट्रेट में तलाशी ली। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और बम विस्फोट करने की धमकी फर्जी पाई गई।



लोकसभा के बाद राज्यसभा में मंत्री रिजिजू ने वक्फ संशोधन बिल पेश किया

# मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा, हमने इसके दोषों को मिटा दिया

## अगर मिलकर काम करेंगे तो 3-4 साल के अंदर करोड़ों मुसलमानों की जिंदगी आबाद हो जाएगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में गुरुवार को सरकार की तरफ से मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संशोधन बिल पेश किया। रिजिजू ने कहा कि यहां कहा गया है कि हम जो कदम उठा रहे हैं, मुसलमानों को नुकसान होगा। ये संशोधन गैरकानूनी है, असंवैधानिक है। सभी को अपनी बात कहने का हक है। जो आरोप लगाए गए हैं, हम उसका खंडन करते हैं। उन्होंने कह कि मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। वक्फ क्रिएट करने वाला भी मुस्लिम ही होगा। प्रॉपर्टी मैनेजमेंट में वक्फ बोर्ड को ताकतवर बनाने के लिए क्या-क्या किया जा सकता है, ये सुझाव हमको चाहिए। रिजिजू ने कहा कि थोड़ा सा अगर मिलकर काम करेंगे तो 3-4 साल के अंदर में करोड़ों मुसलमानों की जिंदगी आबाद हो जाएगी। सेक्शन 40 में कोई किसी प्रॉपर्टी को क्लेम करता था तो उसे वक्फ प्रॉपर्टी घोषित कर दिया जाता था, इसे हमने हटा दिया। वक्फ बाई यूजर में जो सेटल केस है, उसे हम कोई छेड़छाड़ नहीं करेंगे।



**अब कितनी आय होगी? पहले 12000 करोड़ थी**

रिजिजू ने कहा कि आज की स्थिति में, 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं। 2006 में अगर सच्चर समिति ने 4.9 लाख वक्फ संपत्तियों से 12,000 करोड़ की कमाई का अनुमान लगाया था, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि ये संपत्तियां अब कितनी आय उत्पन्न कर रही होंगी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों से वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का समर्थन करने की अपील करता हूं।

### कई इस्लामिक देशों में वक्फ का वजूद नहीं: पात्रा

बिल पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि कई इस्लामिक देशों में वक्फ का वजूद नहीं जबकि भारत में वक्फ बोर्ड को कानूनी मान्यता प्राप्त है। पात्रा ने कहा कि मैं सदन में उन इस्लामिक देशों का नाम बताना चाहूंगा जहां वक्फ का वजूद नहीं है। तुर्की, लीबिया, इजिप्ट, सुडान, लेबनान, सीरिया, जॉर्डन, ट्यूनीशिया, इराक जैसे इस्लामिक देशों में वक्फ बोर्ड नहीं है। वहीं भारत में वक्फ बोर्ड है। भारत में वक्फ की प्रॉपर्टी को कानूनी सुरक्षा दी गई है। मैं पूछना चाहता हूं कि उसके बाद भी हंगामा क्यों है बरपा?



**धनखड़ ने की ऐसी मजेदार टिप्पणी**

### बीएसएनएल मतलब- भाई साहब निश्चित लगेगा

राज्यसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ ने ऐसी बात कह दी, जिसने सदन का माहौल में हल्का कर दिया। सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनल से जुड़े एक प्रश्न पर चर्चा चल रही थी, तभी सभापति धनखड़ ने मजाकिया अंदाज में बीएसएनल का नया नामकरण कर दिया। उन्होंने कहा कि बीएसएनल मतलब- भाई साहब निश्चित लगेगा। इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कह रहे थे देश के दूर-दराज के इलाकों में निजी टेलीकॉम कंपनियों का नेटवर्क अक्सर काम नहीं करता, लेकिन बीएसएनएल वहां भी मौजूद रहता है और सेवाएं देता है। पटेल की इस टिप्पणी का समर्थन करते हुए धनखड़ ने कहा कि बीएसएनएल के कनेक्शन को लेकर लोगों के मन में भरोसा बना रहता है।



**कोलकाता में सीएम ममता का ऐलान**

### जब भाजपा सरकार हटेगी,वक्फ बिल को रद्द कर देंगे

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने गुरुवार को लोकसभा में पास हुए वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि जब भाजपा की सरकार हटेगी तब इस वक्फ बिल को रद्द कर देंगे। उन्होंने भाजपा पर वक्फ बिल के जरिए देश को बांटने का आरोप लगाया है। बीजेपी पर हमला बोलते हुए ममता ने कहा भाजपा ने देश को बांटने के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश किया है।



### राज्यसभा में पास हुआ तो कोर्ट जाएगा पर्सनल लॉ बोर्ड




ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि अगर वक्फ संशोधन विधेयक को राज्यसभा में मंजूरी दे दी जाती है तो पर्सनल लॉ बोर्ड कोर्ट जाएगा। हमें उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा क्योंकि हमारा पक्ष सांविधानिक तथ्यों के अनुरूप है। उम्मीद थी कि जनता दल यूनाइटेड और तेलुगू देशम बिल का विरोध करेगी, पर ऐसा नहीं हुआ।

**विपक्ष ने सरकार पर किया पलटवार**

### यह विधेयक झूठ पर आधारित: नासिर



वक्फ विधेयक पर राज्यसभा में कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि आप (सत्ता पक्ष) सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करते हैं और फिर हम पर ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाते हैं। यह विधेयक पूरी तरह से झूठ पर आधारित है और पिछले 6 महीनों में गलत सूचना अभियान चलाया गया है। भाजपा की फर्जी फैक्ट्री गलत सूचना फैलाने में लगी हुई है। जेपीसी में विपक्षी सदस्यों द्वारा की गई किसी भी सिफारिश को विधेयक में शामिल नहीं किया गया।

### सरकार की नीयत पर संदेह: मनोज झा



राष्ट्रीय जनता दल के प्रो. मनोज कुमार झा ने सरकार की नीयत पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि विधेयक पर पुनर्विचार किए जाने की जरूरत है। सरकार को इस तरह के कानून बनाने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।

### लोगों का अधिकार छीन रही सरकार: संजय



आप सांसद संजय सिंह ने उदय प्रताप की पंक्तियों न तेरा है, न मेरा है ये हिंदुस्तान सबका है। सरकार माई बाप। सरकार मां-बाप होती है जो अपने सभी बच्चों का खयाल रखती है। बाबा साहेब ने संविधान में अधिकार दिए हैं जिसको आप छीन रहे हैं।

### अतिरिक्त समय मिलेगा: तिवाड़ी



कुछ अहम रेफरेंस की तलाश किए जाने की बात कहने पर पीठासीन सभापति घनश्याम तिवाड़ी ने चुटकी भी ली। उन्होंने कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आपको अतिरिक्त समय मिलेगा। आप अपनी बात रखिए।

सैनी ने समाधान शिविर में जनता से की बातचीत फीडबैक लिया

# डीसी और एसडीएम प्रतिदिन समाधान शिविर में शिकायतों का करें समाधान: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविरों में जनता से बातचीत की। उन्होंने लोगों की संतुष्टि के स्तर के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जानकारी हासिल की। सैनी ने गुरुवार को चंडीगढ़ में उपायुक्तों और उपमंडल मजिस्ट्रेटों (एसडीएम) को भी प्रतिदिन व्यक्तिगत रूप से शिविर में उपस्थित होकर लोगों की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए, ताकि शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने उपायुक्तों और एसडीएम से प्राप्त शिकायतों, निपटाई गई शिकायतों और लंबित शिकायतों की संख्या के बारे में भी जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अक्टूबर से मार्च 2025 तक सभी जिलों में समाधान शिविरों में प्राप्त 18,925 शिकायतों में से 10,955 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 6,639 लंबित हैं और 1,331 को खारिज कर दिया गया है। राज्यभर में शहरी स्थानीय निकायों में समाधान शिविरों में प्राप्त 8,635 शिकायतों में से 5,761 का समाधान किया जा चुका है, 1,813 लंबित हैं और 1,061 को खारिज कर दिया गया है। सैनी ने कहा कि विभिन्न विभागों से संबंधित जन शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने जिला एवं उपमंडल मुख्यालय स्तर पर समाधान शिविर शुरू किए हैं। ये शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समाधान शिविरों के संबंध में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। सैनी ने जोर दिया कि जिला स्तर के अलावा उप-मंडल मुख्यालयों पर भी नियमित रूप से समाधान शिविर होने चाहिए। विभागों के अधिकारी भी इन शिविरों में मौजूद रहें, ताकि उनके विभागों से संबंधित जन शिकायतों का तुरंत समाधान हो सके। यदि लोगों को एक ही मुद्दे के लिए बार-बार समाधान शिविरों में जाना पड़ता है तो इसके लिए अधिकारी जवाबदेह होंगे।

आंदोलन को लेकर किसान नेता ने किया ऐलान

# 129 दिन बाद गांव लौटकर डल्लेवाल ने कहा- झुकेंगे नहीं, लड़ाई चलेगी

## फरीदकोट में अपने गांव डल्लेवाला पहुंचे

एजेंसी ⏭ फरीदकोट

पंजाब के पटियाला के निजी अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बीकेयू एकता सिद्धूपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल वीरवार को फरीदकोट में अपने गांव डल्लेवाला पहुंचे। किसान नेता डल्लेवाल पूरे 129 दिन बाद अपने पैतृक गांव पहुंचे। इससे पहले वे 25 नवंबर को अपने गांव से खनौरी बॉर्डर के लिए आमरण अनशन के लिए निकले थे। गांव पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया।

**किसान महापंचायत का आयोजन किया गया**



गांव डल्लेवाला में भाकियू एकता सिद्धूपुर की अगुवाई में किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य सरकार की तरफ से खनौरी और शंभू बॉर्डर पर किसानों के मोर्चे जबरन खत्म करवाए जाने का निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही आने वाले दिनों में किसानों की मांगों को लेकर संघर्ष को और तेज करने का बड़ा ऐलान भी किया गया।

**मान सरकार ने छुरा घोंपा :** पंजाब की मान सरकार ने धोखे से किसानों की पीठ में छुरा घोंपा है। पहली बार ऐसा हुआ है कि बैठक के लिए बुलाकर किसानों को गिरफ्तार किया गया हो।

**मराठा योद्धा का जन्मदिन:** आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा

# हनुमान हमारे पौराणिक आदर्श और शिवाजी आधुनिक आदर्श, 'युगपुरुष'

## 'युगांधर शिवराय' का विमोचन

एजेंसी ⏭ नागपुर

महान मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष 3 अप्रैल को होती है। वे मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे और अपने कुशल प्रशासन, युद्धनीति और स्वराज्य की स्थापना के लिए प्रसिद्ध हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में 'युगांधर शिवराय' नामक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए हनुमान पौराणिक युग के आदर्श हैं और शिवाजी महाराज आधुनिक युग के आदर्श हैं। 17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले शिवाजी महाराज ऐसे आक्रमणों का मजबूत जवाब देने वाले पहले योद्धा थे।

**भारत की लगातार पराजय के युग को बदला**



भागवत ने कहा कि विदेशी आक्रमणकारियों से लगातार परास्त होने का दौर शिवाजी महाराज के उदय के साथ ही समाप्त हो गया क्योंकि उन्होंने अपने पराक्रम से इन समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने भारत की लगातार पराजय के युग को बदल दिया और आगे का रास्ता दिखाया।

**सिकंदर के हमले से भारी क्षति हुई :** संघ प्रमुख ने इतिहास को याद करते हुए कहा कि भारत में हार का सिलसिला सिकंदर के हमले से शुरू हुआ और देश में इस्लाम फैलाने के नाम पर होने वाले हमलों तक जारी रहा। जब 17वीं शताब्दी शुरू हुआ तो शिवाजी इस समस्या का समाधान लेकर आए।

**शिक्षक भर्ती मामला: सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को कर दिया रद्द**

# न्यायपालिका के प्रति सम्मान है, लेकिन फैसला अस्वीकार्य

एजेंसी ⏭ कोलकाता

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। स्कूल शिक्षकों की नियुक्तियों को अमान्य करार देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि न्यायपालिका के प्रति सर्वोच्च सम्मान है, लेकिन फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। ममता ने कहा कि नौकरी खो चुके लोगों से मिलेंगे, उनसे उम्मीद न खोने को कहेंगे। बेनर्जी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मैं न्यायपालिका और न्यायाधीशों का बहुत सम्मान करती हूं, लेकिन मैं मानवीय दृष्टिकोण से इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार सभी कानूनी विकल्पों पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करेगी।

## सीएम बोलीं-नौकरी खो चुके लोगों से मिलेंगी, उम्मीद न खोने को कहेंगी

### भाजपा ने मांगा इस्तीफा, माफी नहीं चलेगी: सुकांत



बंगाल भाजपा ने सीएम ममता बनर्जी से इस्तीफा देने की मांग की। राज्य भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने एक्स पर लिखा कि शिक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की पूरी जिम्मेदारी राज्य की विफल मुख्यमंत्री की है। फैसले से साफ है ममता के शासन में कैसे बंगाल में शिक्षित बेरोजगार युवाओं की योग्यता को पैसे के बदले बेचा गया। मैं ममता से इस्तीफे की मांग करता हूं। अब और माफी नहीं मिलेगी।

**हम उम्मीदवारों के साथ**

ममता ने कहा कि एसएससी एक स्वायत्त निकाय है। यदि न्यायालय ने 3 लमानवीय आधार पर उम्मीदवारों के साथ हैं। वे हर समय बंगाल को क्यों निशाना बना रहे हैं? मैं बंगाल में पैदा हुआ हूं और मैं भाजपा और केंद्र सरकार की मंशा जानता हूं।

### कानूनी रूप से जो भी संभव हो, वह करना होगा

उन्होंने कहा कि हमें फैसले को स्वीकार करना होगा और कानूनी रूप से जो भी संभव हो, वह करना होगा। बेनर्जी ने कहा कि राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी इस मामले में जेल में हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए पूछा कि व्यापम मामले में कितने भाजपा नेताओं को गिरफ्तार किया गया? क्या भाजपा पश्चिम बंगाल की शिक्षा प्रणाली को ध्वस्त करना चाहती है? मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उन लोगों से मिलेंगी, जिन्होंने अपनी नौकरी खो दी है। मैं 7 अप्रैल को नेताजी इंडोर स्टेडियम में उनसे मिलूंगी।

# भरना है इनकम टैक्स तो पहले जान लें क्या है आईटीआर का नियम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आयकर रिटर्न ( आईटीआर ) दाखिल करने का समय आ गया है। हर साल की तरह, सैलरीड कर्मचारी सहित सभी टैक्सपेयर वर्तमान में उपलब्ध सात आईटीआर फॉर्म में से किसी एक का इस्तेमाल करके अपना टैक्स रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। अभी के समय में, विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर टैक्स देने वालों के लिए 7 आईटीआर फॉर्म उपलब्ध हैं। आईटीआर फाइलिंग प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा सही आईटीआर फॉर्म की पहचान करना जरूरी है। आपकी आय के लिए कौन सा इनकम टैक्स रिटर्न फॉर्म सही है। इस खबर के माध्यम से बताने जा रहे हैं कि आईटीआर फॉर्म भरते समय आपको कौन सा फॉर्म सलेक्ट करना है।

- आईटीआर प्रक्रिया में सही इनकम टैक्स रिटर्न फार्म की पहचान करना जरूरी

## सात आईटीआर फार्म में से किसी एक का उपयोग करते हैं

### आईटीआर 1 दाखिल करने के लिए कौन पात्र नहीं है?

आईटीआर-1 फॉर्म का इस्तेमाल वह व्यक्ति नहीं कर सकता जिसकी भारत से बाहर संपत्ति है या जो विदेश से आय अर्जित कर रहा है। साथ ही, जिन व्यक्तियों की वार्षिक आय 50 लाख रुपए से अधिक है, वे इस फॉर्म का इस्तेमाल नहीं कर सकते। कृषि से 5,000 रुपए से अधिक की वार्षिक आय वाले लोगों को आईटीआर 1 दाखिल करने की अनुमति नहीं है।




*आईटीआर 2 कौन दाखिल कर सकता है? :* आईटीआर 2 फॉर्म ऐसे व्यक्ति या एचयूएफ भर सकते हैं जिनकी आय व्यवसाय या किसी पेशे से होने वाले लाभ या लाभ के आईटम में नहीं है। एक वित्तीय वर्ष में 50 लाख रुपए से अधिक आय वाले व्यक्तियों और एचयूएफ को यह फॉर्म भरना चाहिए।

*आईटीआर 2 दाखिल करने के लिए कौन पात्र नहीं है? :* वो व्यक्ति या एचयूएफ, जिनकी साल की कुल आय में व्यापार या पेशे से प्राप्त लाभ है, वे आईटीआर 2 दाखिल नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा, वे टैक्स देने वाले लोग जिनकी आय ब्याज, वेतन, बोनस आदि से होती है। वे जो साझेदारी फर्म से कमीशन या पारिश्रमिक से आय अर्जित करते हैं, वे आईटीआर 2 दाखिल नहीं करेंगे।

*सरकार ने आईटीआर 2 फॉर्म में क्या बदलाव किए हैं? :* नया अपडेट 25 मार्च 2025 को लांच किया गया था। यह धारा 139 (8ए) के तहत संशोधित रिटर्न दाखिल करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे व्यक्ति आवश्यकता पड़ने पर अपने रिटर्न में सुधार कर सकते हैं। इससे सैलरीड कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और अन्य गैर-व्यावसायिक करदाताओं को रिटर्न दाखिल करना आसान हो जाता है।

### आईटीआर फॉर्म क्या है?

इनकम टैक्स रिटर्न यानी आईटीआर एक प्रकार का फॉर्म होता है, जिसमें आपकी इनकम की सभी जानकारी भरी होती है। इस फॉर्म का इस्तेमाल औसत सैलरीड कर्मचारियों या निवासियों द्वारा किया जा सकता है जिनकी कुल आय वेतन/पेंशन, एक मकान संपत्ति और अन्य स्त्रोतों से 50 लाख रुपए तक है।

## खबर संक्षेप

### रुपया शुरुआती नुकसान से उबरा

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया अपने शुरुआती नुकसान से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे के उछाल के साथ 85.30 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। ऐसा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा करीब 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने के बाद विश्व की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने के कारण हुआ। शुरुआती कारोबार में घरेलू मुद्रा को झाटका लगा लेकिन जल्द ही इसने अपनी खोई जमीन फिर हासिल कर ली और दिन का अंत में यह सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ।

### सोना 94,350 रुपये के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्ट की सतत लिवाली के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 94,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये बढ़कर 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी की कीमत बुधवार के बंद स्तर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,000 रुपये टूटकर 1,00,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

### हीरो मोटोकॉर्प की मार्च में बिक्री 12 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की मार्च में कुल बिक्री सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 5,49,604 इकाई हो गई। कंपनी ने मार्च, 2024 में 4,90,415 वाहन बेचे थे। हीरो मोटोकॉर्प ने बयान में कहा कि घरेलू बाजार में उसकी थोक बिक्री मार्च में 5,10,086 इकाई रही जो मार्च, 2024 के 4,59,257 इकाई के आंकड़े से 11 प्रतिशत अधिक है। निर्यात सालाना आधार पर 31,158 इकाई से बढ़कर 39,518 इकाई हो गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर 27 फीसदी जवाबी शुल्क लगाया

# भारत के झींगा, कालीन और स्वर्ण आभूषण क्षेत्र पर अमेरिकी शुल्क का सबसे ज्यादा असर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक नई शुल्क नीति की घोषणा की। घोषणा में सभी आयातित वस्तुओं पर एक सार्वभौमिक 10 प्रतिशत शुल्क शामिल है, जो पांच अप्रैल से प्रभावी होगा। वहीं नौ अप्रैल से 27 प्रतिशत का शुल्क लागू होगा।

*भारत के झींगा मछली, कालीन, चिकित्सा उपकरण और स्वर्ण आभूषण जैसे निर्यात क्षेत्रों पर अमेरिका द्वारा बुधवार को घोषित 27 प्रतिशत शुल्क का असर देखने को मिलेगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा और फार्मा जैसे निर्यात क्षेत्र अमेरिका में अपने प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले थोड़ी बेहतर स्थिति रहेंगे।*







- भारत अमेरिका में प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले बेहतर स्थिति में
- अमेरिकी व्यापार घाटे को कम करने लगाया गया शुल्क
- घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने नई शुल्क नीति घोषित की गई

### शुल्क से 60 से अधिक देश प्रभावित

अमेरिका द्वारा घोषित उपायों से 60 से अधिक देश प्रभावित हो रहे हैं। अमेरिका घरेलू झींगा मछली उद्योग का सबसे बड़ा बाजार है। अधिक शुल्क के कारण अब झींगा मछली, अमेरिकी बाजार में काफी कम प्रतिस्पर्धी रह जाएगी। अमेरिका ने पहले से ही भारतीय झींगा पर डंपिंग-रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लगा रखा है। भारत के कुल झींगा निर्यात में से 40 प्रतिशत अमेरिका को भेजा जाता है।

### भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी इक्वाडोर व इंडोनेशिया

अमेरिकी बाजार में घरेलू निर्यातकों के प्रमुख प्रतिस्पर्धी इक्वाडोर और इंडोनेशिया हैं। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जमे हुए झींगा का निर्यात 7,16,004 टन था। पिछले वित्त वर्ष में अमेरिका ने 2,97,571 टन आयात किया, उसके बाद चीन (1,48,483 टन), यूरोपीय संघ (89,697 टन) और जापान (35,906 टन) का स्थान रहा।

### अमेरिका भारत से कालीन का सबसे बड़ा आयातक

अमेरिका को ब्लैक टाइगर झींगा का निर्यात मात्रा के लिहाज से 35.37 प्रतिशत और मूल्य के लिहाज से 32.35 प्रतिशत बढ़ा है। इसी तरह, अमेरिका भारत से कालीन का सबसे बड़ा आयातक है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह करीब दो अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-2024 में, भारत ने वैश्विक स्तर पर 32.85 अरब डॉलर के रत्न और आभूषण निर्यात किए, जिसमें अमेरिका का हिस्सा 30.28 प्रतिशत (10 अरब डॉलर) था।

*भारत ने 11.88 अरब डॉलर के हीरे, सोने व चांदी का किया निर्यात : वर्ष 2024 में, भारत ने 11.88 अरब डॉलर के हीरे, सोने और चांदी का निर्यात किया। इसमें 13.32 प्रतिशत का शुल्क अंतर है। देश तराशे और पॉलिश किए गए हीरे, जड़े हुए सोने के आभूषण, सादे सोने के आभूषण, प्रयोगशाला में तैयार किये गए हीरे और चांदी के आभूषणों सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात करता है। अमेरिका भारत के सबसे बड़े आभूषण निर्यात बाजारों में से एक है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है।"*

### चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में चुनौतियां पैदा हो सकती है

एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री (एआईएमईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका को चिकित्सा उपकरण निर्यात पर 27 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने से इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में, भारत का अमेरिका को चिकित्सा उपकरण निर्यात 71 करोड़ 43.8 लाख डॉलर का था, जबकि अमेरिका से भारत में आयात काफी अधिक 1.52 अरब डॉलर का था।

### भारत के प्रतिस्पर्धी देशों पर उच्च शुल्क लगाया गया

सकारात्मक पक्ष यह है कि भारत के लिए शुल्क में भारी वृद्धि के बावजूद, यह प्रथम दृष्टया परिधान क्षेत्र के लिए भारत के लिए लाभ का मामला प्रतीत होता है, क्योंकि भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी देशों जैसे चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, कंबोडिया और श्रीलंका पर अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाया गया है।

## बीएचईएल ने भादला-फतेहपुर में एलसीसी एचवीडीसी टर्मिनल स्टेशन के साथ एसी ट्रांसमिशन के लिए करार किया

**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने हिताची एनर्जी इंडिया लिमिटेड के साथ कंसोर्टियम साझेदारी में, राजस्थान पार्ट I पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड, जो अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) की 100% स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अंतर्गत 6,000 मेगावाट, 800 केवी, बाई-पोल और द्विदिशात्मक हाई-वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) टर्मिनल्स को डिज़ाइन और कार्यान्वित किया जाएगा, जिससे राजस्थान के भादला से उत्तर प्रदेश के औद्योगिक और परिवहन केंद्र फतेहपुर तक नवीकरणीय ऊर्जा का पारेषण होगा। आशा है कि यह एचवीडीसी लिंक परियोजना वर्ष 2029 तक पूरी हो जाएगी तथा 2030 तक अक्षय ऊर्जा से 500 गीगावाट बिजली प्राप्त करने के राष्ट्रीय मिशन में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## भारतीय रेल का नया कीर्तिमान, बीते वित्त वर्ष में बनाए 7,134 कोच 2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा 54,809 पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,134 कोचों का निर्माण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह संख्या पिछले वर्ष 6,541 कोचों के उत्पादन की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक है। आम आदमी का ध्यान रखते हुए गैर वातानुकूलित कोचों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पिछले वित्त वर्ष में 4,601 नॉन एसी कोच का उत्पादन हुआ। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय रेल की उत्पादन क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि को दर्शाती है, जो बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। भारतीय रेल की तीन कोच निर्माण इकाइयां हैं। जिसमें तमिलनाडु के चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (**ICF**), पंजाब के कपूरथला में रेल कोच फैक्ट्री (**RCF**) और उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (**MCF**) शामिल है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहर सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी ए-85, छतरपुर, अंबेडकर कॉलोनी, नई दिल्ली** ने केस एफआईआर न. **513/2015, अंतर्गत धारा 33 दिल्ली एक्साइज अधिनियम, थाना फतेहपुर बेरी, दक्षिण जिला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहर सिंह** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर न. **513/2015, अंतर्गत धारा 33 दिल्ली एक्साइज अधिनियम, थाना फतेहपुर बेरी, दक्षिण जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.05.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री आशीश कुमार मीना**
जेएमएफसी, कमरा नं. 214
साकेत कोर्ट कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली

**DP/3944/SD/2025**
**(Court Matter)**

## ट्रंप की शुल्क घोषणा से सेंसेक्स 322 अंक टूटा

एजेंसी ▸▸| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 322 अंक टूट गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत समेत 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा के बाद सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में बिकवाली तथा वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 322.08 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,295.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 809.89 अंक तक लुढ़क गया था। हालांकि, बाद में औषधि शेयरों में तेजी से बाजार नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में सफल रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 82.25 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,250.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी एक समय 186.55 अंक तक लुढ़क गया था। भारत उच्च आयात शुल्क वसूलता है, ऐसे में अब देश के व्यापार घाटे को कम करने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था।

## पूर्व मध्य रेल द्वारा 2024-25 के दौरान 24 करोड़ से अधिक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जो पिछले वित्तीय वर्ष तुलना में 14.68 प्रतिशत अधिक

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गयी है। इस कड़ी में 2024-25 में पूर्व मध्य रेल 31,575 करोड़ रूपए की प्रारंभिक आय के साथ भारतीय रेल में प्रथम स्थान पर रही। साथ ही यात्री यातायात से प्राप्त रेल राजस्व के क्षेत्र में भारतीय रेल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4602 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 4088 करोड़ रूपए की तुलना में 12.56 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार पूर्व मध्य रेल ने 12.56 प्रतिशत पैसेंजर रेवेन्यू ग्रोथ दर के साथ भारतीय रेल पर सर्वाधिक पैसेंजर रेवेन्यू ग्रोथ दर प्राप्त करने वाला प्रथम क्षेत्रीय रेल बनने का गौरव हासिल किया है। माल ढुलाई में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पूर्व मध्य रेल ने 202.63 मीलियन टन माल ढुलाई कर भारतीय रेल के प्रथम चार क्षेत्रीय रेलों में शामिल होने का गौरव हासिल किया है। इसके साथ ही यात्री परिवहन के क्षेत्र में भी रिकॉर्ड कायम करते हुए 2024-25 के दौरान 24 करोड़ से अधिक यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया जो पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में 14.68 प्रतिशत अधिक है। पूर्व मध्य रेल की इन उपलब्धियों पर महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने अधिकारियों एवं पूर्व कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेल की इन उपलब्धियों के पश्चात रेलवे बोर्ड द्वारा यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़ी सुविधाओं में और वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मो. राजा पुत्रः मो. पप्पू, पता:**300 बी गली नं.2, कृष्णा पुरी, मण्डावली, दिल्ली ने **FIR No. 851/2023, U/s 380/511 IPC,** थाना: शकर पुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. राजा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. राजा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 851/2023, U/s 380/511 IPC,** थाना: शकर पुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मो. राजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री भार्गव राव**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
जिला पूर्व, कोर्ट नं. 03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/3265/ED/2025**
**(Court Matter)**

# मंगलायतन विवि में 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शिरकत की और उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज के युग में यह एक शक्तिशाली उपकरण है जो व्यक्तियों और समाज को प्रगति की ओर ले जाता है। विद्यार्थियों को लगातार सीखने और अपने ज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा में करने के लिए प्रोत्साहित किया। अकादमिक उत्कृष्टता और उत्साह के माहौल में दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कुल गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में चेयरमैन हेमंत गोयल व गुरु ऋषिराज महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। इस गरिमामय समारोह में विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को उनकी अकादमिक उपलब्धियों के लिए उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा धारक, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र धारक भी शामिल रहे। इसमें पीएचडी शोधार्थी भी शामिल हैं जो अनुसंधान ज्ञान के नए आयाम खोलेंगे। आठ को स्वर्ण पदक और नौ को रजत पदक मिले। विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दीक्षांत समारोह के साथ नवजीवन में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि समाज व देश में मॉडल बनना पड़ेगा, लेकिन मेडल से मॉडल बनने की यात्रा कठिन है। जिन्हें मेडल नहीं मिले है उन्हें और संघर्ष करते हुए संकल्प लेना होगा कि कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है।




**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद हांसी (हिसार) | एम.सी. हांसी में साई और शिव कॉलोनी पार्ट-1, 2 बैंक कॉलोनी और नंद नगरी की विभिन्न गलियों का निर्माण + 1 कार्य। | 29.03.2025 15.04.2025 | 6,75,37,891/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015778071 eomchansi@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/33588/1/88/7 दि. 03.04.25

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5825



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल, समय, पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु, मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र, बेटा-3
14. क्षार, खारा-2
15. दर, मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा, भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी, सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन, परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त, निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर, द्वेष-2
2. सद्पुरुष, अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा, धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय, खौफ-2
20. वेग, गति-3
21. मुंह, चेहरा-2
22. पैर, ओहदा-2
23. वर्धनशील, बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी, कंद-5
25. सभागार, सभाकक्ष-5
26. भयंकर, खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर, डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय, प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 5824 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | क | पू | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | व |
| न | सी | ह | | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | ■ | | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | वी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | ■ | | जा | ग्र | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5835

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

**सूडोकु नवताल- 5834 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 4 | 6 |
| [illegible] | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।




# आईपीएल : मुंबई-लखनऊ के बीच मैच आज, फार्म में नहीं रोहित और पंत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शुक्रवार को यहां जब आमने सामने होंगी तो सभी की निगाह रोहित शर्मा और ऋषभ पंत के प्रदर्शन पर टिकी रहेगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का इस सत्र में अभी तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है तथा तीन मैच में उसके केवल दो अंक हैं।

भारतीय कप्तान रोहित की खराब फॉर्म मुंबई के लिए चिंता का विषय है। यही बात लखनऊ के कप्तान पंत पर भी लागू होती है जो रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इन दोनों प्रमुख बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का असर परिणाम पर साफ नजर आ रहा है। इन दोनों टीमों ने अभी तक तीन में से केवल एक मैच जीता है और ऐसे में शुक्रवार को होने वाले मैच में जो टीम परिस्थितियों से बेहतर सामंजस्य बिठाएगी, उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।



### पावर प्ले से निकलेगा जीत

इस बार क्यूरेटर घरेलू टीमों के अनुकूल पिच तैयार नहीं कर रहे हैं जिस पर कुछ फ्रेंचाइजी के कोच और खिलाड़ियों ने खुलकर नाराजगी व्यक्त की है। ऐसे में पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना बढ़ जाएगी।



### अश्वनी नई सनसनी

मुंबई के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की चोट भी चिंता का विषय है। बुमराह कब तक वापसी करेंगे इसको लेकर हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम ने चुप्पी साध रखी है। बुमराह की जगह लेना आसान नहीं है लेकिन बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके मुंबई की टीम में आशा की नई किरण जगाई है। अश्वनी कुमार ने इस मैच में 24 रन देकर चार विकेट लिए थे।

### फार्म में पूरन, पंत कर रहे निराश

जहां तक लखनऊ की बात है तो विशाखापत्तनम में आईपीएल के शुरुआती मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली एक विकेट की निराशाजनक हार के बाद उसकी टीम अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है। लखनऊ के लिए अच्छी बात यह है कि वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने तीन मैच में अभी तक 189 रन बनाए हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श को छोड़कर लखनऊ का कोई भी अन्य बल्लेबाज पूरण की तरह बल्लेबाजी नहीं कर पाया है। लखनऊ की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी और कप्तान पंत का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है।

खास खबर

## निजी कारणों से आईपीएल छोड़कर स्वदेश लौटे रबाडा



नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा निजी कारणों से आईपीएल छोड़कर स्वदेश रवाना हो गए हैं। उनकी टीम गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। टाइटंस ने यह नहीं बताया कि रबाडा कब तक लौटेंगे। अभी तक उन्होंने दो ही मैच खेले हैं। गुजरात टीम ने एक बयान में कहा, 'कैगिसो रबाडा कुछ महत्वपूर्ण निजी मसले से निपटने के लिए दक्षिण अफ्रीका लौट गए हैं।' रबाडा ने पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक एक विकेट लिया था। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बुधवार को बेंगलुरू में खेले गए मैच में टीम में जगह नहीं दी गई। रबाडा की जगह अरशद खान को उतारा गया जिन्होंने विराट कोहली का कीमती विकेट लिया।

### अच्छी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध था

बेंगलुरु। गुजरात टाइटंस के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने स्वीकार किया कि यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट का कैच छोड़ने के बाद वह शर्मिंदा महसूस कर रहे थे। बटलर ने 39 गेंद पर नाबाद 73 रन बनाए जिससे गुजरात की टीम ने यह मैच आठ विकेट से जीता। बटलर ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि ऐसा कैसे हुआ लेकिन मैं शर्मिंदा महसूस कर रहा था। हम सभी जानते हैं कि साल्ट कितना खतरनाक खिलाड़ी है।

### कैरम बॉल पर कर रहा था काम : किशोर

बेंगलुरु। गुजरात टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को गच्चा देने के लिए तैयार हैं जिस पर वह पिछले 3-4 वर्षों से काम कर रहे थे। किशोर ने बुधवार को यहां गुजरात की बेंगलुरु के खिलाफ आसान जीत के दौरान अपनी कैरम बॉल से क्रुणाल पंड्या को हैरान कर दिया था। इस 28 वर्षीय स्पिनर ने मैच के बाद खुलासा किया कि वह पिछले कुछ सत्र से कैरम बॉल पर काम कर रहे थे लेकिन उन्होंने किसी भी तरह के मैच में अभी तक इसका उपयोग नहीं किया था।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 2 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ


नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## वैभव और वरुण को 3-3 विकेट, वेंकटेश-अंगकृष ने फिफ्टी बनाई

# अय्यर ने आलोचकों को दिया जवाब केकेआर ने सनराइजर्स को हराया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

वेंकटेश अय्यर ने अपने आलोचकों को जवाब देते हुए 29 गेंद में 60 रन बनाये जिसकी मदद से कोलकाता नाइट राइडर्स ने बृहस्पतिवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रन से शिकस्त दी। अंगकृष रघुवंशी (32 गेंद में 50 रन) ने भी पचासा जड़ा और कप्तान अजिंक्य रहाणे (27 गेंद में 38 रन) के साथ 81 रन की साझेदारी की जिसके दम पर मेजबान टीम ने छह विकेट पर 200 रन बनाये। जवाब में सनराइजर्स की टीम 16.4 ओवर में 120 रन पर आउट हो गई। तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा ने ट्रेविस हेड (चार) और ईशान किशन (दो) को लगातार दो ओवरों में आउट किया। उन्होंने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट चटकाये। हर्षित राणा ने अभिषेक शर्मा (दो) का विकेट लिया तब सनराइजर्स का स्कोर तीसरे ओवर में नौ रन पर तीन विकेट था। आंद्रे रसेल और सुनील नारायण ने भी एक एक विकेट लिये। सनराइजर्स ने दस ओवर तक पांच विकेट 66 रन पर गंवा दिये थे। इसके बाद वरूण चक्रवर्ती ने दो गेंद के भीतर दो विकेट लेकर निचले क्रम को रवाना किया। उन्होंने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लिये। गत चैम्पियन केकेआर पहले तीन में से दो मैच गंवाने के बाद जीत की राह पर लौटी है। अब उसे मंगलवार को सुपर जाइंट्स से खेलना है। वहीं सनराइजर्स की यह लगातार तीसरी हार थी और अब उसका सामना रविवार को गुजरात टाइटंस से होगा। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर केकेआर की नयी सलामी जोड़ी का संघर्ष जारी रहा। डिकॉक (एक) और नारायण (सात) सस्ते में आउट हो गए। सनराइजर्स ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जब श्रीलंका के मेंडिस ने आईसीसी के इतिहास में पहली बार एक ही ओवर में दोनों हाथों से गेंदबाजी की। उन्होंने बायें हाथ की स्पिन से रघुवंशी को बोल्ड किया और फिर खब्बू बल्लेबाज रिंकू सिंह को आफ स्पिन डाली। दो ओवरों तक कोई बाउंड्री नहीं लगी लेकिन अय्यर और रिंकू ने पारी को ढर्रे पर लाया। अय्यर ने 29 गेंद में सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 60 रन बनाये। रिंकू ने 17 गेंद में चार चौकों और एक छक्के के साथ नाबाद 32 रन बनाये।




### बुमराह फिट पर अधिक वर्कलोड से खतरा, आकाशदीप आज खेल सकते हैं डेब्यू मैच



नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी में अभी और वक्त लग सकता है। उन्होंने अभी तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सलेंस की तरफ से पूरी तरह फिट नहीं घोषित किया है। हालांकि, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें बुमराह नेट्स पर गेंदबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जाएंट्स के तेज गेंदबाज आकाश दीप जल्द ही टीम से जुड़ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह पूरी तरह फिट हैं लेकिन बीसीसीआई की मेडिकल टीम का मानना है कि तेज गेंदबाज के वर्कलोड में वृद्धि उनके लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है।

### रामनवमी से 3 दिन पहले 'सूर्य-तिलक'...



अयोध्या। आईपीएल 2025 का रोमांच जारी है। शुक्रवार को मुंबई इंडियंस का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से होगा। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच से पहले गुरुवार को मुंबई के स्टार खिलाड़ियों ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। इनमें सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, दीपक चाहर और कर्ण शर्मा शामिल हैं। सूर्या और दीपक पत्नियों के साथ नजर आए। सभी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से तस्वीरें साझा कीं। रविवार को रामनवमी के अवसर पर भगवान राम का सूर्य-तिलक (सूर्य की रोशनी का भगवान के माथे पर चमकना) भी होगा।

## खबर संक्षेप



### सारा तेंदुलकर ने खरीदी क्रिकेट टीम

नई दिल्ली। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर देश के सबसे अमीर क्रिकेटर्स में शामिल हैं। उन्हें देश में क्रिकेट का भगवान कहा जाता है। सचिन के कारण ही उनके परिवार का भी इस खेल से खास नाता है। उनके बेटे अर्जुन तेंदुलकर क्रिकेट खेलते हैं तो वहीं उनकी बेटी सारा ने भी अब इस दुनिया में कदम रख दिया है। सारा तेंदुलकर ने क्रिकेट टीम खरीदी है। सारा तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम पर ऐलान किया कि उन्होंने क्रिकेट टीम खरीदी है जो कि मुंबई से जुड़ी है। सारा ने ग्लोबल इ-क्रिकेट प्रीमियर लीग में मुंबई फैंचाइजी को खरीदा है। लीग ने इसका ऐलान किया।

### मनीष, हितेश, अभिनाश सेमीफाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली। भारत के मनीष राठौड़, हितेश और अभिनाश जामवाल ने बुधवार को अपने-अपने वजन वर्ग में आसान जीत के साथ विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में सेमीफाइनल में जगह बनाई। जामवाल ने 65 किग्रा वर्ग में जर्मनी के डेनिस ब्रिल को सर्वसम्मत फैसले से हराया जबकि हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनतानी को 70 किग्रा वर्ग में सर्वसम्मत फैसले से शिकस्त दी। मनीष ने 55 किग्रा वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के पेरिस ओलंपियन यूसुफ चोटिया को हराया। सेमीफाइनल में मनीष की भिड़ंत कजाखस्तान के नूरसुल्तान अल्तिनबेक से होगी जबकि हितेश को माकन तराओरे के खिलाफ खेलना है।




### यूटीटी में कोचिंग में पदार्पण करेंगे पेइफर

नई दिल्ली। जर्मनी के विशेषज्ञ क्रिस पेइफर और एस रमन अहमदाबाद में 29 मई से 15 जून तक होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र में कोचिंग में पदार्पण करेंगे। इनके अलावा ट्रेनर पावेल रेहोरेक, जूलियन गिरार्ड और भारत के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जुबिन कुमार भी विभिन्न टीमों के साथ कोच के रूप में मौजूद होंगे। पेइफर 2022 से शरत कमल अकादमी के मुख्य कोच हैं। वह अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के मेंटोर होंगे।

क्रिकेट

## सूर्यकुमार मुंबई को छोड़कर कहीं नहीं जा रहा : एमसीए



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई क्रिकेट संघ ने गुरुवार को उन खबरों का खंडन किया कि सूर्यकुमार यादव अपने कुछ साथियों के साथ आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के लिए गोवा जाने की योजना बना रहे हैं। एमसीए ने कहा कि भारत का टी20 कप्तान खेल के प्रत्येक प्रारूप में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुंबई के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रणजी टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों के साथ कथित मतभेदों के कारण पहले ही मुंबई से गोवा जाने की घोषणा कर चुके हैं। बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सूर्यकुमार अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली मुंबई रणजी टीम छोड़ सकते हैं। असल में सूर्यकुमार ने खुद ही अपने एक्स हैंडल पर इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। एमसीए सचिव अभय हदाप ने कहा, 'मुंबई क्रिकेट संघ को सूर्यकुमार यादव के कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ गोवा की टीम से जुड़ने को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों की जानकारी है। एमसीए के अधिकारियों ने आज सुबह सूर्य से बात की और हम पुष्टि कर सकते हैं कि ये अफवाहें पूरी तरह से निराधार और झूठी हैं। सूर्यकुमार यादव मुंबई की तरफ से खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वह मुंबई का प्रतिनिधित्व करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं।'

### एक प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य



नई दिल्ली। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने 2025 सत्र की पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए एथलीटों के लिए कम से कम एक क्षेत्रीय प्रतियोगिता या ग्रां प्री जैसी देशव्यापी एकदिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि एथलीट पूरी तैयारी के साथ आएं या उनके प्रदर्शन में निरंतरता हो क्योंकि 27-31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन फेडरेशन कप में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा जिसका आयोजन 21-24 अप्रैल तक केरल के कोच्चि में किया जाएगा।

निशानेबाजी विश्व कप

### पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में वरूण पांचवें व रविंद्र छठे स्थान पर

ब्यूनस आयर्स। भारत के वरुण तोमर और रविंदर सिंह बृहस्पतिवार को यहां सत्र के पहले अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे। दोनों ने क्वालीफिकेशन में 580 के समान स्कोर के साथ सातवें और आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। रविंदर 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में अधिक निशाने लगाने के कारण एक स्थान आगे रहे। हालांकि दोनों, विशेषकर रविंदर आठ पुरुषों के 24 शॉट के फाइनल के शुरुआती चरण में पदक की होड़ में रहने के बाद क्रमशः 16वें और 18वें शॉट के बाद बाहर हो गए। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय सौरभ चौधरी 577 के स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में 16वें स्थान पर रहे। स्कीट प्रतियोगिताएं भी बृहस्पतिवार को शुरू हुई जिसमें क्वालीफाइंग के शुरुआती दो दौर में से प्रत्येक में 25-25 निशाने लगाने को मिले। महिलाओं की स्कीट में भारत की रेजा ढिल्लों ने 25 में से 25 निशाने लगाकर शानदार शुरुआत की और वह सबसे आगे चल रही हैं। शुक्रवार को दो फाइनल होने हैं जिसमें पुरुषों और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स (3पी) के पदक तय किए जाएंगे। दोनों स्पर्धाओं में भारत के तीन-तीन निशानेबाज चुनौती पेश करेंगे।

## बार्सिलोना और रियल मैड्रिड में होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड



बार्सिलोना ने बुधवार रात को यहां एटलेटिको मैड्रिड को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 1-0 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा।

बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल का पहला चरण 4-4 से बराबर रहा था। इस तरह से बार्सिलोना ने कुल मिलाकर 5-4 से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। यह पिछले चार सत्र में पहला अवसर है जबकि बार्सिलोना इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। रियल मैड्रिड ने मंगलवार को अतिरिक्त समय तक चले मैच में रियल सोसिदाद को 5-4 के कुल स्कोर से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई थी। इन दोनों टीमों के बीच 2013-14 सत्र के बाद पहली बार फाइनल खेला जाएगा। तब रियल मैड्रिड ने खिताब जीता था।

### संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है भारत

एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र

भारत खेलों के माध्यम से कूटनीति और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों का सह आयोजक है जिसमें वह योग और शतरंज जैसे खेलों में अगुवाई करेगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथनेनी हरीश ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'दूसरे संयुक्त राष्ट्र खेलों के उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। सह आयोजक के रूप में, भारत शतरंज और योग में अग्रणी भूमिका निभाएगा।' हरीश ने कह कि संयुक्त राष्ट्र खेल एकता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना का उत्सव हैं।

### लखनऊ बनाम पंजाब मैच को लेकर मेंटोर जहीर खान हुए थे नाराज

# होम ग्राउंड का रोना रो रही टीमें, बीसीसीआई ने दी हिदायत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपीएल के 18वें सीजन में अबतक 14 मैच हुए हैं लेकिन कई मौके ऐसे भी आए हैं जब टीमें पिच की शिकायत करती दिखीं। शिकायत ये कि होम ग्राउंड पर खेलने के बाद भी उन्हें फायदा नहीं मिल रहा क्योंकि पिच उनके मनमाफिक क्यूरेट नहीं हुई है। ताजा मामला मंगलवार को हुए लखनऊ बनाम पंजाब मैच का है।

हार के बाद लखनऊ के मेंटॉर जहीर खान तो यहां तक बोल गए कि ऐसा लगा जैसे हमारे होम ग्राउंड की पिच को पंजाब के क्यूरेटर ने तैयार किया है। अब इन शिकायतों को लेकर बीसीसीआई ने फ्रेंचाइजियों को ही हिदायत दी है कि वे अपनी जरूरतों को लेकर पिच क्यूरेटर को पहले ही बताएं, सीजन के बीच में नहीं।



### कई फ्रेंचाइजी नाराज

आईपीएल के मौजूदा सीजन के शुरुआती दौर में ही होम ग्राउंड की पिच को लेकर कई फ्रेंचाइजी ने असंतोष जताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी मांग की है कि ईडन गार्डन्स की पिच ऐसी हो जो स्पिनर्स को मदद पहुंचाए। दिल्ली कैपिटल्स का मैनेजमेंट भी अपने शुरुआती दो होम मैचों की पिच को लेकर क्यूरेटर से नाखुश है। कुछ ऐसा ही हाल चेन्नई सुपर किंग्स का भी जो होम पिच को लेकर खुश नहीं है। पंजाब के खिलाफ हार के बाद लखनऊ ने मेंटॉर जहीर खान ने तो प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही पिच को लेकर अपनी नाखुशी का इजहार किया है।

### क्यूरेटर को पहले से बताएं टीमें

ऐसा लगता है कि बीसीसीआई आईपीएल मैचों की पिच को लेकर संतुष्ट है और उसे इनसे कोई दिक्कत नहीं है। बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बोर्ड का कहना है कि फ्रेंचाइजी पिच को लेकर अपनी जरूरतों के बारे में क्यूरेटर को अडवांस में बताएं क्योंकि ये एक हफ्ते के भीतर तो हो नहीं पाएगा।

### पिचें अबतक अच्छी

रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई सूत्र ने कहा, 'पिचें अबतक अच्छी रही हैं। वे ऐसी पिच की मांग कर सकते हैं जो गेंदबाजों को ज्यादा फायदा पहुंचाए लेकिन इसके लिए फ्रेंचाइजी और क्यूरेटर्स के बीच में बेहतर संवाद की जरूरत है। यह आईपीएल सीजन में एक हफ्ते के भीतर नहीं हो सकता।'

### बीसीसीआई की गाउडलाइंस

बीसीसीआई की गाउडलाइंस के मुताबिक, पिच का नेचर क्या हो, इसमें न तो किसी फ्रेंचाइजी की चलेगी और न ही किसी खिलाड़ी की। क्यूरेटर को ऐसी पिच तैयार करनी है जिससे तेज गेंदबाजों को भी मदद मिले और स्पिनर्स को भी यानी इनमें अच्छा संतुलन बना रहे। कुछ टीमें होम पिच को लेकर शिकायत कर रही हैं तो इसके पीछे कहीं न कहीं, पिच क्यूरेटर्स को बीसीसीआई की तरफ से दिए गए ये निर्देश ही हैं।

बांग्लादेश की षडयंत्रकारी हसरतों को जयशंकर ने किया तार-तार...

# बैंकॉक में बोले, अपनी जिम्मेदारियों से भली भांति परिचित भारत, बंगाल की खाड़ी में हमारे पास 6500 किमी. की सबसे लंबी तटरेखा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित किए गए बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) के 20वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की हालिया टिप्पणियों को लेकर उनका नाम लिए बगैर उन्हें जमकर धोया। जयशंकर ने कहा कि भारत बिम्सटेक को लेकर सहयोग से जुड़ी हुई अपनी जिम्मेदारियों को बहुत अच्छी तरीके से जानता और समझता है। आखिरकार भारत के पास बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में देश की सबसे लंबी कुल करीब 6 हजार 500 किलोमीटर की तटरेखा है। खाड़ी के आसपास के देशों के साझा हित और चिंताएं हैं। जो इतिहास की देन हैं। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। जयशंकर ने ये भी कहा कि हमारा पूर्वोत्तर क्षेत्र सड़कों, रेलवे, जलमार्ग, ग्रिड और पाइपलाइनों के विशालकाय नेटवर्क के साथ समूह के लिए एक कनेक्टिविटी केंद्र के रूप में उभर रहा है। त्रिपक्षीय राजमार्ग भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को प्रशांत महासागर से जोड़ेगा। जो कि वास्तविक रूप में एक गेम चेंजर साबित होगा। भारत के नजरिए से बिम्सटेक पूर्व की ओर देखो नीति, पड़ोस सबसे पहले और महासागर जैसी तीन अहम पहलों का प्रतिनिधित्व करता है।

## मोदी-यूनुस द्विपक्षीय बैठक तय नहीं

बताते चलें कि बिम्सटेक विदेश मंत्रियों की यह बैठक 4 अप्रैल को बैंकॉक में आयोजित किए जाने वाले समूह के छठे शिखर सम्मेलन से ठीक पहले हुई। जिसमें पीएम मोदी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सम्मेलन में बांग्लादेश से मोहम्मद यूनुस शामिल होंगे। ढाका की अंतरिम सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ यूनुस की द्विपक्षीय बैठक को लेकर एक अनुरोध किया है। जिस पर भारत की तरफ से अभी तक आधिकारिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। हालांकि प्रधानमंत्री के अलावा सम्मेलन में समूह के अन्य भागीदार देशों नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार और भूटान के शीर्ष नेता शिरकत करेंगे।

## यूनुस ने चीन को दिया विस्तार का ऑफर

भारत के विदेश मंत्री की उक्त टिप्पणी बीते दिनों मोहम्मद यूनुस के चीन दौरे में ड्रैगन को भारत के पूर्वोत्तर के राज्यों में विस्तार करने का ऑफर देने के जवाब में की गई है। यूनुस ने कहा था कि भारत के पूर्वी भाग के जो सात राज्य हैं। वो पूरी तरह से जमीन से घिरे हुए हैं। उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। बांग्लादेश इस पूरे क्षेत्र के लिए महासागर का संरक्षक है। यह एक बड़ी संभावना उत्पन्न करता है, जिससे वह (चीन) यहां आकर चीजें बनाएं, बेचें, अपने अपने देश ले जाएं और दुनिया को भी बेचें। ये पूरी कवायद चीन की अर्थव्यवस्था के विस्तार में सहायक होगी।

## स्व-सहायता की ओर बढ़ती दुनिया

*जयशंकर ने कहा कि वर्तमान में दुनिया का स्व-सहायता की ओर बढ़ना ही हकीकत है। ऐसे में हर क्षेत्र को अपने ऊपर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसमें खाद्य, ईंधन, उर्वरक आपूर्ति और टीके और आपदा प्रतिक्रिया जैसे विषय मुख्य रूप शामिल हैं। स्व-सहायता के युग को हम अपनी आंखों के सामने घटित होते हुए देख रहे हैं। समय बदल गया है। आज छोटी आपूर्ति श्रृंखलाएं और निकट पड़ोसी पहले के मुकाबले कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बिम्सटेक देश अपनी संभावनाओं (व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी और सेवाओं के मामला शामिल) से कम प्रदर्शन कर रहे हैं।*

## चुनौतियों से मिलकर करें मुकाबला

*उन्होंने कहा कि बिम्सटेक शिखर सम्मेलन एक ऐसे समय पर हो रहा है। जब दुनिया अनिश्चितता और उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। इसलिए हमें बिम्सटेक को और अधिक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण से देखना चाहिए। कुछ शक्तियों द्वारा वैश्विक व्यवस्था को अपने हाथ में लेने का युग पीछे छूट गया है। आज हम अपनी संभावनाओं को किस नजरिए से देखते हैं। ये हम पर निर्भर करता है। कई प्रकार की चुनौतियों का मुकाबला कर रहे विकासशील देशों को एस.जयशंकर ने सुझाव देते हुए कहा कि सभी को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना चाहिए।*

---

## खबर संक्षेप

### हंगरी का आईसीसी की सदस्यता छोड़ने का ऐलान



**बुडापेस्ट।** हंगरी, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय की सदस्यता छोड़ने की तैयारी कर रहा है। हंगरी की सरकार ने एक बयान जारी कर कहा है कि वे गुरुवार से अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की सदस्यता छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि सदस्यता छोड़ने की पूरी प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय कानूनों और संवैधानिक ढांचे के अनुरूप ही होगी। हंगरी का यह एलान ऐसे समय आया है, जब जल्द ही इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट का दौरा करने वाले हैं।

### म्यांमा भूकंप: मृतकों की संख्या बढ़कर 3,085



**बैंकॉक।** म्यांमार में करीब एक हफ्ते पहले आए भूकंप में मृतकों की संख्या में इजाफा हुआ है। बता दें कि, राहत और बचाव दल ने मलबे कई अन्य लोगों के शव बरामद किए हैं, इसके बाद मृतकों की संख्या 3085 तक पहुंच गई है। वहीं इस विनाशकारी भूकंप के बाद अभी चार हजार से ज्यादा लोग घायल है और कुल 341 लोग लापता हैं। ये आंकड़े म्यांमार की सेना की तरफ से जारी किए गए हैं। बीते शुक्रवार यानी 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप का केंद्र म्यांमार के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले के पास था।

### 14 अप्रैल को अंतरिक्ष में रवाना होंगी 6 महिलाएं



**न्यूयॉर्क।** अरबपतियों की सूची में दूसरे स्थान पर आने वाले जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ऑरिजिन का नया शेपर्ड रॉकेट इतिहास रचने जा रहा है। इस रॉकेट की 11वीं मानव उड़ान की क्रू में केवल महिलाएं होंगी। छह शीर्ष महिलाओं के साथ 14 अप्रैल, 2025 को वेस्ट टेक्सास में लॉन्च साइट वन से यह उड़ान भरी जाएगी। इस मिशन का नाम एनएस-31 है। इस मिशन में कैटी पेरी, आयशा बॉवे, अमांडा न्यगेन, गेल किंग, कैरिन फ्लिन और लॉरेन सांचेज शामिल हैं।

### इस्तांबुल मेयर की कैद का विरोध 11 लोग गिरफ्तार



**इस्तांबुल।** तुर्किये पुलिस ने गुरुवार को 11 लोगों को हिरासत में लिया है। इन्होंने राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के मुख्य प्रतिद्वंदी और इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू की कैद के विरोध में बीते दिन एक दिवसीय खरीदारी बहिष्कार का समर्थन किया था। इस्तांबुल के मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने 16 संदिग्धों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जिन पर 'घृणा और भेदभाव' फैलाने का आरोप है। हिरासत में लिए गए लोगों में अभिनेता सेम यिगित उजुमोग्लू भी शामिल हैं।

---

ट्रंप का ऑटो सेक्टर में 25% टैरिफ का ऐलान

# आज से होगा लागू, 600 अरब डॉलर आयात पर पड़ेगा असर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि सभी विदेशी वाहनों और ऑटो पार्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। यह टैरिफ सालाना लगभग 600 अरब डॉलर के आयात पर लागू होगा। इतना ही नहीं, यह शुल्क अमेरिका में आयात होने वाले सभी कंप्यूटरों, जिनमें लैपटॉप भी शामिल हैं, पर भी लगाया जाएगा। यह जानकारी एक फेडरल रजिस्टर नोटिस में दी गई, जिसमें टैरिफ कोड्स का विश्लेषण किया गया। इस बार लगभग 150 अलग-अलग ऑटो पार्ट्स को टैरिफ की सूची में शामिल किया गया है। ये शुल्क 3 मई से प्रभावी होंगे, जबकि वाहन आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क 4 अप्रैल की आधी रात से लागू हो जाएगा। टैरिफ की सूची में इंजन, ट्रांसमिशन, लिथियम-आयन बैटरियां और अन्य प्रमुख ऑटो कंपोनेंट शामिल हैं।

## 10% बेसलाइन शुल्क भी लगाया

इसके अलावा, ट्रंप ने सभी अमेरिकी आयातों पर एक बेसलाइन 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का भी ऐलान किया है। कुछ देशों पर यह दर और भी ज्यादा होगी, ताकि गैर-टैरिफ ट्रेड बैरियर्स (यानी अन्य देशों द्वारा लगाए गए छिपे हुए व्यापारिक प्रतिबंध) का मुकाबला किया जा सके। ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा शुल्क के अधीन आने वाले ऑटो और ऑटो पार्ट्स पर भी अलग से बेसलाइन या रेसिप्रोकल टैरिफ नहीं लगाया जाएगा। दूसरे शब्दों में, ऑटो शुल्क उन नए रेसिप्रोकल टैरिफ के साथ नहीं जुड़ेंगे, जो 5 अप्रैल से लागू होंगे।

## और भी बढ़ सकते हैं टैरिफ

व्हाइट हाउस ने वाणिज्य विभाग को 90 दिनों के भीतर एक नई प्रक्रिया तैयार करने का निर्देश दिया है, जिससे घरेलू निर्माता यह अनुरोध कर सकें कि अन्य आयातित पुर्जों को भी टैरिफ सूची में जोड़ा जाए। यानी, भविष्य में और भी ज्यादा उत्पादों पर यह शुल्क लगाया जा सकता है। जो वाहन यूएस-मेक्सिको-कनाडा समझौते के नियमों के अनुसार अमेरिका में आयात किए जा रहे हैं, उन्हें कुछ छूट दी जाएगी। ऐसे वाहनों के लिए 25 प्रतिशत टैरिफ सिर्फ उस हिस्से पर लगाया जाएगा, जो अमेरिकी नहीं है।

---


राजधानी में आयोजित सेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# वैश्विक भू-रणनीतिक बदलावों, अनिश्चितताओं के बीच गतिशील योजना बनाएं सैन्य बल: राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राजधानी में आयोजित सेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा दौर में विश्व एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। ऐसे में घटनाएं चाहे हमारे निकट पड़ोस में हों या दूर के देशों में, उनका प्रभाव सभी पर पड़ेगा। भविष्य के पारंपरिक युद्धों में हाइब्रिड युद्ध के साथ ही अपरंपरागत और असिमित युद्ध शामिल होंगे। इसके अलावा साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त भविष्य के संघर्षों का अभिन्न अंग बन गए हैं।

वर्तमान भू-रणनीतिक परिवर्तन और अनिश्चितताओं के साथ जारी वैश्विक सुरक्षा परिदृश्यों के मद्देनजर सशस्त्र बलों को दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों चुनौतियों का समाधान करते हुए गतिशील योजना बनानी चाहिए। उन्होंने कहा, आधुनिक तकनीक को शामिल करने वाली सैन्य खुफिया जानकारी के महत्व पर ज्यादा जोर नहीं दिया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सेना का यह कमांडर सम्मेलन 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के अलावा बल की सभी कमांड के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।



## आतंकवाद को लेकर सराहा सेना का रुख

उन्होंने उत्तरी सीमाओं पर बनी हुई मौजूदा स्थिति के संदर्भ में सैनिकों पर भरोसा जताते हुए सशस्त्र बलों की दृढ़ता और सतर्कता की सराहना की। राजनाथ ने बीआरओ के प्रयासों की भी प्रशंसा की और कहा कि इनकी वजह से कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क संपर्क सुविधाओं में बहुत अधिक सुधार हुआ है।

पश्चिमी सीमाओं पर मौजूद सीमा पार आतंकवाद को लेकर राजनाथ ने भारतीय सेना के कड़े रुख की तारीफ की और कहा, मैं जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से निपटने में सीएपीएफ, पुलिस बलों और सेना के बीच बेहतरीन तालमेल की सराहना करता हूं। ऐसे समन्वित अभियान जम्मू-कश्मीर में क्षेत्र में स्थिरता बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

## सैद्धांतिक बदलावों पर दिया जोर

उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए आवश्यकता पड़ने पर सैद्धांतिक परिवर्तन किए जाने चाहिए। राष्ट्र को अपनी सेना पर गर्व है। सरकार सुधारों और क्षमता आधुनिकीकरण के रास्ते पर बल को आगे बढ़ाने में सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## माउंट एवरेस्ट और माउंट कंचनजंगा के अभियान को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली से माउंट एवरेस्ट और माउंट कंचनजंगा के लिए अभियानों को हरी झंडी दिखाई। संयुक्त भारत-नेपाल अभियान का उद्देश्य माउंट कंचनजंगा पर चढ़ना है। इसमें भारतीय सेना के 12 पर्वतारोही और नेपाली सेना के छह पर्वतारोही शामिल होंगे। इसका नेतृत्व भारतीय सेना के कर्नल सरफराज सिंह करेंगे। भारतीय सेना के माउंट एवरेस्ट अभियान में 34 पर्वतारोही शामिल हैं और यह दल पारंपरिक साउथ कोल रूट का अनुसरण करेगा जिसका नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज जोशी करेंगे। इसके अलावा, माउंट एवरेस्ट पर एक संयुक्त एनसीसी अभियान का नेतृत्व कर्नल अमित बिष्ट करेंगे। इस दल में 5 छात्रा कैडेट, 5 छात्र कैडेट, 4 अधिकारी और 11 स्थायी प्रशिक्षक कर्मचारी शामिल हैं। इस महीने शुरू होने वाले इन अभियानों का लक्ष्य मई 2025 तक अपने-अपने शिखरों पर पहुंचना है।

## ये अभियान युवाओं को प्रेरित करेंगे

रक्षा मंत्री ने पर्वतारोहियों से बातचीत कर उनके साहस, समर्पण और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि ये अभियान युवाओं को प्रेरित करेंगे और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पर्वतारोहण में भारत के नेतृत्व को प्रदर्शित करेंगे। इन अभियानों को सशस्त्र बलों के असाधारण कौशल, लचीलेपन और अदम्य भावना को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है। इनसे भावी पीढ़ियों को साहस, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता की भावना के साथ अपने सपनों को



---

मुंबई में 1 से 4 मई को पहला वेव्स समिट

# भारत ने चिली को 'वेव्स-2025' के लिए दिया निमंत्रण, मनोरंजन क्षेत्र में करेंगे आपसी सहयोग



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने चिली की संस्कृति, कला और विरासत मंत्री कैरोलिना आर्रेदोंदो से मुलाकात की। चिली की संस्कृति मंत्री राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट की 5 दिन की भारत यात्रा के दौरान दिल्ली में हैं।

## प्रतिनिधिमंडल संग की बैठक

एल. मुरुगन ने इस दौरान उन्हें आगामी विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। साथ ही उन्हें भारतीय पेंटिंग भेंट की। बैठक में चिली के प्रतिनिधिमंडल ने भी भाग लिया, जिनमें चिली के दूतावास में तृतीय सचिव मार्टिन मारमेज, विदेश मंत्रालय में अवर सचिव लक्ष्मी चंद्र और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव (फिल्म) डॉ. अजय नागभूषण एम.एन. शामिल रहे।

## जियो वर्ल्ड में होगा आयोजन

भारत मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में एक प्रमुख स्थान रखता है, जहाँ देश के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में फैली प्रतिभाएँ अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के माध्यम से आकर्षक विषय-वस्तु का निर्माण करती हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमओआईबी) प्रथम वेव्स समिट 1 से 4 मई, 2025 को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित करने जा रहा है।

---

ग्रीक द्वीप के पास पलटी नाव

# 4 की मौत, 23 सुरक्षित बचाव अभियान जारी



**एथेंस।** ग्रीस में तुर्की तट से प्रवासियों को लेकर ग्रीक द्वीप जा रही एक नाव बृहस्पतिवार सुबह पलट गई। ग्रीस के तट रक्षक ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में दो महिलाएं और दो बच्चे- एक लड़का व एक लड़की शामिल हैं, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा, 23 लोगों को बचा लिया गया है। तट रक्षक के अनुसार, लेसबोस द्वीप के उत्तरी तट पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में मौसम साफ था। इसके बाद भी नाव पलटने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। नाव पर कितने लोग सवार थे, उनकी राष्ट्रीयता क्या थी, वह किस तरह के जहाज का इस्तेमाल कर रहे थे।

---

अमेरिका में भयंकर तूफान से तबाही

# एक युवक की मौत, बिजली के खंभे और पेड़ धराशाई, घरों की छतें उड़ गईं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के राज्य अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी में भयंकर तूफान आया। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक बारिश और तूफान की संभावना जताई है। अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के बड़े इलाके में भयंकर तूफान ने भारी तबाही मचाई। इसमें एक युवक की मौत हो गई। इसके अलावा बिजली की लाइनें और पेड़ गिर गए। कई घरों की छतें तक उड़ गईं। मौसम विभाग ने देश के अर्कांसस, इलिनोइस, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में तूफान की चेतावनी जारी की थी।



## कारें पलट गईं, बिजली हुई गुल

पुलिस ने बताया कि इंडियाना के लोवेल के पास पांच सेमीट्रक उड़ गए। राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि मिसौरी के पायलट ग्रोव में कई संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं, कारें पलट गईं और बिजली के खंभे टूट गए। अफसरों ने बताया कि अर्कांसस, मिसिसिपी, मिसौरी, इलिनोइस, केंटकी और टेनेसी में लगभग 90,000 घरों की बिजली गुल हो गई। वहीं इंडियाना में 182,000 से अधिक घरों में बिजली नहीं आई। अपर मिडवेस्ट में कर्मचारियों ने बिजली बहाल करने के लिए काम किया।

---

श्रीहरिकोटा में बनेगा तीसरा लॉन्च पैड, चार साल में होगा तैयार

# भविष्य में भारत के मानवयुक्त चंद्र मिशन यहीं से होंगे लॉन्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में तीसरा लॉन्च पैड (टीएलपी) स्थापित करेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार ने 3984.86 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है और इसे अगले चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसरो अपने नए 'नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल' (एनजीएलवी) पर काम कर रहा है, जो 90 मीटर ऊंचा और 1000 टन वजनी होगा। मौजूदा लॉन्च पैड इस तरह के भारी और बड़े रॉकेट लॉन्च करने के लिए सक्षम नहीं हैं, इसलिए नया लॉन्च पैड बनाया जा रहा है। इस लॉन्च पैड को इस तरह से डिजाइन किया जाएगा कि इसमें भविष्य में भारत के मानवयुक्त चंद्र मिशन के लॉन्च की भी सुविधा हो।



## एनजीएलवी में नौ इंजन होंगे

उन्होंने कहा कि नए लॉन्च पैड में 'टिलटेबल अंबिलिकल टावर' (टीयूटी) होगा, जिससे रॉकेट को हॉरिजोन्टल रूप में तैयार कर उसे वर्टिकल स्थिति में लाया जा सकेगा। एनजीएलवी का पहला चरण नौ इंजनों के समूह के साथ तैयार किया जा रहा है, जिसकी 'हॉट टेस्टिंग' लॉन्च पैड पर ही होगी, जिससे अलग से परीक्षण केंद्र बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## एसएसी ने कई उन्नत टेक्नोलॉजी विकसित कीं

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर (एसएसी) 1966 से इसरो की प्रमुख अनुसंधान इकाई के रूप में कार्य कर रहा है। इसे डॉ. विक्रम साराभाई ने स्थापित किया था। एसएसी ने चंद्रयान-3 मिशन, क्वांटम टेक्नोलॉजीज, कृषि, समुद्र विज्ञान और आपदा प्रबंधन के लिए सैटेलाइट तकनीकों के विकास में अहम योगदान दिया है। एसएसी ने अब तक कई उन्नत टेक्नोलॉजी विकसित की हैं, जिनमें नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) के लिए एस-बैंड एसएआर, चंद्रयान-3 के लिए लैंडर और रोवर कैमरे, नेविगेशन सिस्टम और संचार उपग्रहों के लिए हाई-थ्रूपुट संचार पेलोड शामिल हैं। एसएसी वर्तमान में जीसैट-7आर, रिसोर्ससैट-3, ओशन्सैट-3ए, जी20 सैटेलाइट, भारत-मॉरीशस संयुक्त उपग्रह (आईएमजेएस), जीसैट-एन3 और आईडीआरएसएस-2 समेत कई महत्वपूर्ण उपग्रहों के पेलोड विकसित कर रहा है।

---

डोनाल्ड ट्रंप ने कैबिनेट को बताया

# एलन मस्क डीओजीई प्रमुख पद से देंगे इस्तीफा, कई कामकाज से नाखुश

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों और अन्य करीबी सहयोगियों से कहा है कि कैबिनेट के साथी एलन मस्क जल्द ही सरकार में अपनी भूमिका यानी डीओजीई प्रमुख पद से इस्तीफा दे देंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप अरबपति दिग्गज कारोबारी के कामकाज से खुश हैं और उन्होंने सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) में उनकी कोशिशों की तारीफ की हैं लेकिन दोनों ने अब फैसला किया है कि मस्क जल्द ही डीओजीई की जिम्मेदारी छोड़कर अपने कारोबार को संभालेंगे। हालांकि मस्क कब मंत्रिमंडल छोड़ेंगे, इस बारे में नहीं बताया गया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन के कुछ सदस्य और राष्ट्रपति के कुछ सहयोगी एलन मस्क के कामकाज के तरीके असंतुष्ट थे और उन्हें एक तरह से राजनीतिक बोझ समझ रहे थे। मस्क ने विस्कॉन्सिन चुनावों को प्रभावित करने के लिए लाखों डॉलर खर्च किए थे।



हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109